ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

03 दिसंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 45

**कोल माइनिंग केस में इडी की कार्रवाई**
छत्तीसगढ़ के सीएम की डिप्टी सेक्रेटरी सौम्या चौरसिया गिरफ्तार



SURJABASHA




CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

### मुख्यमंत्री ने नये वन संरक्षण कानून पर जतायी आपत्ति, लिखा पत्र

# आदिवासी समाज की सहमति के बिना पेड़ काटना भावना पर कुठराघात होगा : हेमंत

- प्रधानमंत्री से नये कानून पर फिर से विचार का किया आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार द्वारा लाये गये उस कानून पर आपत्ति जतायी है, जिसमें कहा गया है कि आदिवासियों और वनों पर निर्भर रहने वालों की सहमति सुनिश्चित किये बिना निजी डेवलपर्स वनों को काट सकेंगे। मुख्यमंत्री ने आग्रहपूर्वक इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि झारखंड में 32 प्रकार के आदिवासी रहते हैं, जो प्रकृति के साथ समरसतापूर्वक जीवन जीते हैं। ये पेड़ों की पूजा और रक्षा करते हैं। जो लोग इन पेड़ों को अपने पूर्वजों के रूप में देखते हैं, उनकी सहमति के बिना पेड़ों को काटना उनकी भावना पर कुठाराघात करने जैसा होगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 को परिवर्तित कर वन संरक्षण नियम 2022 ने गैर वानिकी उद्देश्यों के लिए वन भूमि का उपयोग करने से पहले ग्राम सभा की सहमति प्राप्त करने की अनिवार्य आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 वनों में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों और वनों पर निर्भर अन्य पारंपरिक लोगों को वन अधिकार प्रदान करने के लिए लाया गया था। देश में करीब 20 करोड़ लोगों की प्राथमिक आजीविका वनों पर निर्भर है और लगभग 10 करोड़ लोग वनों के रूप में वर्गीकृत भूमि पर रहते हैं। ये नये नियम उन लोगों के अधिकारों को खत्म कर देंगे, जिन्होंने पीढ़ियों से जंगल को अपना घर माना है। जबकि, उन्हें उनका अधिकार अब तक नहीं दिया जा सका है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि 2022 की नयी अधिसूचना में ग्राम सभा की सहमति की शर्त को आश्चर्यजनक रूप से पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। अब ऐसी स्थिति बन गयी है कि एक बार फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिलने के बाद बाकी सब बातें औपचारिकता बनकर रह जायेंगी। राज्य सरकारों पर वन भूमि के डायवर्जन में तेजी लाने के लिए केंद्र का और भी अधिक दबाव होगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अनुरोध किया है कि प्रधानमंत्री इस पर निर्णय लें, ताकि विकास की आड़ में सरल और सौम्य आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों की आवाज ना दबे। सरकार के कानून समावेशी होने चाहिए। ऐसे में वन संरक्षण नियम 2022 में बदलाव लाना चाहिए, जिससे देश में आदिवासियों और वन समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने वाली व्यवस्था और प्रक्रियाएं स्थापित होंगी।

# जनता से आशीर्वाद लेने निकलेंगे झारखंड के मुख्यमंत्री

- आशीर्वाद जोहार यात्रा का पहला चरण 8 दिसंबर से होगा शुरू
- सीएम राज्य की राजनीतिक स्थिति और सरकारी योजनाओं को रखेंगे जनता के बीच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में महागठबंधन सरकार जल्दी ही पूरे प्रदेश में आशीर्वाद जोहार यात्रा शुरू करने जा रही है। महागठबंधन सरकार की तीसरी वर्षगांठ होने पर इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा कुल तीन चरणों में होगी। पहले चरण में 6 जिलों को शामिल किया गया है, जबकि दूसरे और तीसरे चरण में 9-9 जिलों के नाम शामिल हैं। यात्रा से मुख्यमंत्री सीधे जनता से जुड़ेंगे। राज्य में बनी राजनीतिक स्थिति, सरकारी योजनाओं से जनता को अवगत करायेंगे। इस यात्रा को लेकर अब तक आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। चर्चा है कि पहले चरण की यात्रा 8 दिसंबर से शुरू होगी।

**नेताओं की बैठक हुई :** जोहार यात्रा को लेकर महागठंबधन के नेताओं, विधायकों और मंत्रियों की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक भी हुई है। इस बैठक में यात्रा को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। यात्रा को लेकर महागठबंधन के द्वारा औपचारिक घोषणा जल्द की जाएगी। जानकारी के मुताबिक पहले चरण में गढ़वा, पलामू, गुमला, लोहरदगा, गोड्डा और देवघर जिले शामिल हैं। पहले चरण की यात्रा 15 दिसंबर तक खत्म हो सकती है। इसके बाद दूसरे और तीसरे चरण के यात्रा की तैयारी की जायेगी। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 या 17 दिसंबर से हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए यात्रा की रणनीति तैयार की गयी है।

**कौन- कौन होंगे शामिल :** पहले चरण की यात्रा गढ़वा से शुरू हो सकती है। इनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कैबिनेट में शामिल सभी मंत्री, विधायक और नेता शामिल हैं। यात्रा के दौरान हर जिले में बड़ी जनसभा का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री इस दनि उसी जिले में रहेंगे। इस यात्रा में झामुमो के साथ महागठबंधन में शामिल कांग्रेस और राजद के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

# विधायक कैश कांड की जांच जल्द शुरू करेगी इडी

### जांच का दायरा रांची से कोलकाता तक

**अजय शर्मा**



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड का चर्चित विधायक कैश कांड की जांच भी इडी जल्द शुरू करेगी। इसकी कागजी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कुछ दिन पहले इडी ने रांची के अरगोड़ा थाना में दर्ज जीरो एफआइआर की कॉपी ली थी। साथ ही कोतवाली थाना में एक दूसरा एफआइआर भी दर्ज है उसकी प्रति भी इडी के अधिकारी कुछ दिन पहले ले गये थे। इसके अलावा तीनों विधायकों के खिलाफ कोलकाता में जो अलग से मामला दर्ज है, उसकी एफआइआर की कॉपी भी मंगा ली गयी है। जिसमें सरकार गिराने की साजिश करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। तीनों एफआइआर के अध्ययन के बाद इडी इस नतीजे पर पहुंची है कि इस मामले की जांच जल्द शुरू की जाय।


अरगोड़ा थाना में बेरमो के कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने मामला दर्ज कराया था। इसमें यह आरोप है कि कांग्रेस के विधायकों को तोड़ने की कोशिश की गयी है। विधायकों को प्रलोभन दिया जा रहा था। इसके लिए असम के मुख्यमंत्री दोषी हैं। मालूम हो कि 30 जुलाई को कोलकाता में झारखंड के तीन कांग्रेसी विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगांड़ी को 48 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था। कोलकाता पुलिस का कहना था कि यह राशि विधायकों ने झारखंड के हेमंत सरकार को अस्थिर करने के लिए लिया था। वहीं विधायकों का कहना था कि वे अपने इलाके के आदिवासियों के बीच साड़ी-धोती और फुटबॉल बांटने वाले थे, इसकी मार्केटिंग करने के लिए राशि लेकर कोलकाता गये थे। तीनों विधायकों को गिरफ्तार करने बाद जेल भेज दिया गया था। बाद में इन्हें सशर्त जमानत मिली। शर्त के मुताबिक कोलकाता में तीन महीना रहने का बाद पिछले दिनों झारखंड लौटे हैं। इडी इस कैश कांड मामले को जल्द ही टेकओवर कर सकती है। जांच का दायरा रांची से कोलकाता तक रहेगा। जरूरत पड़ने पर इडी कोलकाता पुलिस के अधिकारियों से भी पूछताछ करेगी।

# इडी अधिकारियों ने विजय हांसदा से साहिबगंज जेल में की पूछताछ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम शुक्रवार को साहिबगंज जिले के राजमहल सिविल कोर्ट पहुंची। इसके बाद साहिबगंज जेल में बंद विजय हांसदा से पूछताछ को लेकर इडी की टीम मंडल कारा पहुंची। ढाई घंटे से अधिक समय तक उससे इडी के अधिकारियों ने पूछताछ की। आपको बता दें कि गुरुवार को अवैध खनन से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही इडी की 5 सदस्यीय टीम असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा के नेतृत्व में साहिबगंज पहुंची थी और सकरुगढ़ स्थित स्वीटी पैलेस में छापामारी की थी।

**इडी के अधिवक्ता ने देखी फाइल :** इडी के अधिवक्ता ने बरहरवा थाना में बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम सहित उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज मामले में शुक्रवार को न्यायिक दंडाधिकारी प्रतीक रंजन के न्यायालय में लंबित केस की फाइल देखी। इस दौरान उन्होंने जानकारी लेने की कोशिश की कि ये मामला न्यायालय में लंबित है या इस वाद का निष्पादन हो गया है। आपको बता दें कि पाकुड़ जिला निवासी शंभू भगत ने नगर पंचायत बरहरवा में टोल टैक्स मैनेज को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम एवं पंकज मिश्रा वैगरह के खिलाफ बरहरवा थाना में मामला दर्ज कराया था।




# छत्तीसगढ़ में खदान धंसने से 6 लोगों की मौत, दो घायल

- मुख्यमंत्री ने जताया दुख, परिजनों को चार लाख देने की घोषणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित एक छुई खदान धंसने से वहां काम कर रहे 6 मजदूरों की दबने से मौत हो गयी। मृतकों में 5 महिलाएं और 1 पुरुष शामिल है। दो घायलों में एक 14 साल की लड़की भी शामिल है। दोनों का नजदीकी अस्पताल में इलाज जारी है। रेस्क्यू टीम ने काफी देर तक मलबा हटाकर सर्चिंग अभियान चलाया। मलबा हटाने के बाद वहां कोई और लोगों के नहीं दबे होने की पुष्टि होने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद किया गया है।

जानकारी के मुताबिक खदान मालगांव में स्थित है। इस खदान में अवैध उत्खनन का काम चल रहा था। गांव के कुछ लोग खदान के नीच उतरकर मिट्टी निकाल रहे तभी अचानक जमीन धंस गयी। वहां नीचे मौजूद लोग दब गये।



पास में ही खड़े अन्य मजदूरों ने इसकी जानकारी प्रशासन को दी। मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। मलबे में दबे लोगों को निकालकर तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 7 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। दो घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जताया दुख :** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मालगांव छुई खदान में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने ग्रामीणों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इसके साथ ही सभी घायलों के बेहतर उपचार के लिए अफसरों को निर्देश दिये हैं।

### दो दिन में पीएम का दूसरा रोड शो : अहमदाबाद में 54 किमी का रोड शो किया

# कांग्रेस के दो काम-इवीएम की खामिया निकालना और गालियां देना : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अहमदाबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी अहमदाबाद में लगातार दूसरे दिन बड़ा रोड शो किया। गुरुवार शाम को नरोडा से चांदखेड़ा तक का उनका 54 किमी का रोड शो हुआ था। शुक्रवार को का उनका रोड शो खानपुर से सारंगपुरा में बाबा अंबेडकर की प्रतिमा के पास तक हुआ। रोड शो के दौरान पीएम नगरदेवी मां भद्रकाली के दर्शन भी किया। पाटण की रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एक बार फिर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास दो ही काम हैं।



इवीएम की खामियां निकालना और मोदी को गालियां देना। कांग्रेस बोलती थी गरीबी हटायेंगे, लेकिन गरीबी हमने हटायी। कांग्रेस इस देश में शौचालय नहीं बना पायी। हमारी सरकार ने गरीबों के लिए खाते खोल दिये हैं। हम लोग गरीब की चिंता करते हैं। कोरोना के वक्त जब पूरी दुनिया परेशान थी। उस दौर में भी हमने गरीबों को भूखे नहीं रहना दिया।

**विकास के लिए काम किए हों तो ही वोट देना :** इससे पहले बनासकांठा की रैली में पीएम ने कहा- 'मैं यहां आपसे अपने लिए वोट मांगने नहीं आया हूं, बल्कि आपके बच्चों के उज्जवल भविष्य की गारंटी देने आया हूं। उन्होंने आगे कहा- अगर आपको लगता है कि मैंने आपकी भलाई और विकास के लिए काम किए हों तो ही वोट देना।' गुजरात दौरे के दूसरे दिन पीएम की दो और चुनावी रैलियां आणंद के सीबी पटेल इंग्लिश मीडियम स्कूल और अहमदाबाद के विक्रम मिल कंपाउंड में होनी हैं।

**कांग्रेस का भ्रष्टाचार ही खत्म कर दिया :** उन्होंने आगे कहा कि जब मैं दिल्ली पहुंचा तो पता चला कि देश भर मे 4 करोड़ राशन कार्ड तो उनके नाम से जारी कर दिए गए थे, जो पैदा ही नहीं हुए। मैंने वह सारे कैंसिल कर दिए। हमेसा के लिए करप्शन खत्म करने के लिए अब सारे राशनकार्ड इंटरनेट से जुड़वा दिए हैं। किस दुकान पर कितना राशन जा रहा है और किसको कितना मिल रहा है। सब पता चल जाता है। इस तरह मैंने कांग्रेस का ये भ्रष्टाचार ही खत्म कर दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 50,500 रु./10 ग्राम
चांदी 66,000 रु./प्रति किलो



## पुलिस का शिकंजा ढीला : पहले लातेहार और अब चाईबासा की घटना से सामने आयी हकीकत

# खोखला है झारखंड को नक्सल मुक्त करने का दावा

**पिछले दिनों झारखंड पुलिस ने बड़े जोर-शोर से दावा किया कि झारखंड से नक्सलियों के पांव उखड़ गये हैं। बूढ़ा पहाड़ पर स्थित नक्सलियों के अड्डे को ध्वस्त कर दिया गया है। वहां अब प्रशासन की पहुंच हो गयी है। राज्य में लक्षण भी कुछ इसी तरह के दिख रहे थे। लेकिन हाल ही में पहले लातेहार और फिर चाईबासा में हुई मुठभेड़ की घटनाओं ने पुलिसिया दावे की पोल खोल कर रख दी है। इन दोनों घटनाओं ने साबित किया है कि झारखंड से नक्सलियों को खदेड़ना इतना आसान नहीं है, क्योंकि यह अब पूरी तरह सामाजिक समस्या बन चुकी है। इससे पहले भी सुरक्षा बलों ने पिछले साल माओवादियों के सबसे बड़े नेता प्रशांत बोस और उसकी पत्नी को पकड़ने के बाद नक्सली समस्या पर लगाम लगाने का दावा किया था, लेकिन नक्सलियों ने एक बार फिर अपनी ताकत दिखा दी थी। उन्होंने पहले भारत बंद के दौरान झारखंड के कई स्थानों पर रेल पटरियों को निशाना बनाया और फिर झारखंड बंद के दौरान ग्रामीण इलाकों में खूब दहशत फैलायी। लातेहार और चाईबासा की घटनाओं ने झारखंड में एक बार फिर नक्सलियों की दहशत को कायम करने की शुरूआत कर दी है। दहशत का लगभग यही आलम आज से 15-20 साल पहले हुआ करता था, जब नक्सलियों के कारण लोग घर से निकलना बंद कर चुके थे। इस बात में कोई संदेह नहीं कि नक्सलियों की स्थिति पिछले कुछ दिनों में राज्य में कमजोर हुई है, लेकिन कोयला और बालू के साथ बीड़ी पत्ता के कारोबार से लेवी वसूलने का क्रम लगातार जारी है। यह बेहद चिंता का विषय है, क्योंकि नक्सलियों की सक्रियता से झारखंड के विकास की गाड़ी की रफ्तार कम हो जायेगी और यह राज्य एक बार फिर दो दशक पीछे लौट जायेगा। इसलिए इस समस्या पर तत्काल ध्यान दिया जाना बहुत जरूरी है। झारखंड में नक्सली वारदातों में अचानक हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी और इसके संभावित परिणामों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

करीब एक महीने पहले झारखंड पुलिस ने दावा किया था कि झारखंड में नक्सलियों का खात्मा कर दिया गया है। गढ़वा के बूढ़ा पहाड़ इलाके से नक्सलियों को खदेड़ दिया गया है और झारखंड इस समस्या से मुक्त हो चुका है। इस दावे के कुछ दिन बाद तक लगातार बूढ़ा पहाड़ पर प्रशासन द्वारा किये गये विकास कार्यों और इलाके के जनजीवन में आ रहे बदलाव की कहानियां सुर्खियां बनीं। लेकिन तभी लातेहार में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सलियों के मारे जाने की खबर आयी। इसके बाद एक दिसंबर को चाईबासा में भी नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के पांच जवानों के घायल होने की घटना हुई। इन दोनों घटनाओं से झारखंड के नक्सलमुक्त होने के दावे की पोल खुल गयी। अब सवाल यह उठने लगा है कि आखिर झारखंड पुलिस ने इस तरह का दावा क्यों किया और क्या उसके ढीले-ढाले रवैये के कारण नक्सली एक बार फिर सिर उठाने लगे हैं।

**बूढ़ा पहाड़ ही नहीं, राज्य में कई और बड़े अड्डों को ध्वस्त करना जरूरी है**

दरअसल अब तो ऐसा लगने लगा है कि झारखंड और नक्सल समस्या का चोली-दामन का साथ है। बिहार से अलग निकलकर झारखंड राज्य बने तो करीब दो दशक गुजर गये। इस दौरान कई सरकारें आयीं और कई सरकारें चली गयीं, कई मुख्यमंत्री बने और कई सत्ता से दूर हुए, लेकिन नक्सलवाद की समस्या तब भी थी और आज भी है। सभी सरकारें इसे चुनौती के रूप में लेते हुए खत्म करने का वादा जरूर करती रहीं। कई राजनीतिक दल नक्सलवाद को खत्म करने के वादे के साथ सत्ता तक पहुंच भी गये, लेकिन लोगों के लिए यह समस्या आज भी बनी हुई है,




हालांकि पुलिस का दावा है कि राज्य से नक्सलियों को खदेड़ दिया गया है।

झारखंड अलग राज्य बनने के बाद इस राज्य को नक्सली समस्या विरासत में मिली थी। पहले नक्सलियों के निशाने पर ग्रामीण इलाकों के दबंग लोगों से लेकर सुरक्षा बल तक होते थे। यही कारण है कि अलग राज्य बनने से लेकर अब तक झारखंड में पांच सौ से अधिक अधिकारियों-जवानों ने नक्सली हिंसा में अपने प्राणों की आहुति दी है। झारखंड में नक्सली हमेशा से ही नासूर रहे हैं। हाल के दिनों में यह दावा किया जाता रहा है कि नक्सली पहले की तुलना में कमजोर पड़े हैं, लेकिन हाल की घटनाओं को देखा जाये, तो नक्सली लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं और पुलिस को मात देने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

नक्सलियों की सक्रियता पुलिस के इनके खात्मे के दावे के बाद कई गुना बढ़ गयी है। पिछले साल भी अपने सर्वोच्च नेता प्रशांत बोस की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने झारखंड में अपनी मौजूदगी का एहसास करा दिया था। उन्होंने पहले प्रतिरोध दिवस मनाया और फिर बंद का आह्वान किया था। उस दौरान लातेहार, चाईबासा और खूंटी में वारदातें भी हुईं। लेकिन पुलिसिया एहतियात से वारदातों पर लगाम लगी। उस समय राज्य पुलिस के आला अधिकारियों ने दावा किया था कि नक्सल प्रभाव वाले सभी जिलों में अभियान चलाया जा रहा है, ताकि माओवादी किसी वारदात को अंजाम नहीं दे सकें। वहीं, सीमावर्ती इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही है।

झारखंड में नक्सलियों की इस सक्रियता के पीछे दरअसल आर्थिक कारण है। नक्सली समस्या को खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों ने जो दोहरी रणनीति अपनायी थी, वह कारगर साबित हुई थी। इसके तहत पुलिसिया कार्रवाई के साथ उनके आर्थिक स्त्रोत को खत्म करने पर जोर दिया गया था। इसके अपेक्षित परिणाम भी निकले। पुलिस को पता है कि कोयल शंख जोन से नक्सलियों को सर्वाधिक लेवी मिलती है। इस जोन में सरकारी विकास योजनाओं, बीड़ी पत्ता कारोबार (हरा सोना), बालू खनन (सुनहरा सोना) और इस इलाके में आंशिक रूप से कोयला खनन (काला सोना) से लेवी की वसूली होती है। सुरक्षा बलों को जानकारी है कि हर साल इस इलाके से करीब ढाई सौ करोड़ रुपये की लेवी वसूली जाती है। सुरक्षा बलों की रणनीति के कारण इस वसूली पर लगाम लगी, तो नक्सली कमजोर हो गये, लेकिन जैसे ही सुरक्षा बलों का शिकंजा ढीला पड़ा, वे फिर से सिर उठाने लगे हैं। लातेहार और चाईबासा की घटनाएं इसी का प्रमाण हैं।

पुलिस और खुफिया एजेंसियों को जो सूचनाएं मिली हैं, उसके मुताबिक राज्य में अब भी तीन सौ से अधिक बड़े नक्सली सक्रिय हैं। लेकिन पुलिस कहती है कि झारखंड में नक्सलियों की इस बढ़ती सक्रियता के खिलाफ अभियान तेज करने की कवायद शुरू हो गयी है। यह बेहद जरूरी है, क्योंकि दहशत के माहौल में विकास की कल्पना बेमानी है। झारखंड में सुरक्षा बलों को अपना शिकंजा अभी कसना होगा, ताकि नक्सलियों का फन कुचला जा सके। इसके लिए सबसे पहले जरूरी यह समझना है कि केवल बूढ़ा पहाड़ ही नक्सलियों का गढ़ नहीं था, बल्कि अभी इस तरह के कई नक्सली किलों को ध्वस्त किया जाना बाकी है। इतना ही नहीं, नक्सलियों के आर्थिक स्त्रोत पर पूरी तरह रोक लगाना भी जरूरी है। इन सबसे भी पहले सुरक्षा बलों को कोई भी दावा करने से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि नक्सलियों को वाकई खदेड़ दिया गया है।

# लाल आतंक : माओवाद प्रभावित क्षेत्र के लोगों की मजबूरी भी तो समझिए

**उपेंद्र नाथ राय**

लाल आतंक कहें या माओवाद, उनके हार्डकोर संगठन वीर जनमुक्ति गुरिल्ला सेना अर्थात पीएलजीए आज 22 वर्ष का हो गया। इसको यूं भी कह सकते हैं कि दरिंदगी की हदें 22 साल से चल रही हैं। हर साल माओवादी पीएलजीए के गठन को यादगार बनाने के लिए दो दिसंबर से आठ दिसंबर तक पीएलजीए सप्ताह मनाते हैं। अपने प्रभावित क्षेत्रों में पर्चा फेंक दिये, बस चारों तरफ सन्नाटा। आतंक के साये में जी रहे लोग इनके हर हुकुम के आगे अपना सिर झुकाने को मजबूर हो जाते हैं। हालांकि हमारे बहादुर सैनिकों ने बहुत हद तक इनको नियंत्रित कर दिया है। इनकी कमर टूट चुकी है, लेकिन अब भी इनकी कायराना हरकत सभी को कभी-कभी चकित कर देती है। माओवादियों का आतंक और समस्या आतंकवादियों की अपेक्षा जटिल है। इसे समझने की जरूरत है। यह भी सत्य है कि माओवाद समाप्त करने के लिए केंद्रीय फोर्स और स्थानीय पुलिस बल मलेरिया की दवा कोनैन के समान है, जो रोग होने पर उससे निदान के काम तो आती है, लेकिन मलेरिया बुखार न हो, इसके लिए जरूरी है कि मच्छरों को ही समूल नष्ट कर दिया जाय।




यह भी सत्य है कि केंद्रीय फोर्स और स्थानीय पुलिस ने इस समय माओवादियों की कमर तोड़ दी है, लेकिन फिर यह भी मानना पड़ेगा कि उस विचारधारा को पनपने से रोकने के लिए बहुत सारे कदम उठाने की जरूरत है। लाल सलाम करने वालों की स्थिति इस समय कैसी है, यह उनके द्वारा ही सात नवंबर को जारी किये गये एक 27 पेज के पत्र से जाहिर होता है, जिसमें लिखा है कि 11 महीनों के अंदर (दिसंबर 2021 से नवंबर 2022 तक) देशभर में 132 माओवादी मारे गये। इसमें सबसे अधिक कामरेड 89 दंडकारंय क्षेत्र में मारे गये हैं (बस्तर संभाग व छत्तीसगढ़ के बार्डर महाराष्ट्र और तेलंगाना के बार्डर को मिलाकर माओवादियों ने एक डिविजन दंडकारंय के नाम से बनाया है।)।

इसके अलावा उस पत्र में दिया है कि एक माओवादी सेंट्रल रीजनल बल से, बिहार-झारखंड में 17, पश्चिम बंग में एक, तेलंगाना में 15, आंध्र प्रदेश में एक, ओड़िशा में तीन कामरेड, पश्चिम घाटियों में एक कामरेड, महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में तीन कामरेड 11 माह के भीतर मारे गये हैं। इसमें केंद्रीय कमेटी के सदस्य दीपक को बचाने में ही 27 माओवादी पारेवा मुठभेड़ में मार दिये गये थे। माओवादियों के समूल नाश के लिए केंद्र सरकार ने मई 2017 में पांच वर्ष की समय सीमा रखकर केंद्र सरकार ने समाधान योजना प्रारंभ किया था।

इस पत्र में ही लिखा है कि माओवादियों (2017 से) ने इस दौरान पूरे भारत में 1300 से अधिक गुरिल्ला कार्रवाई की। इसके माध्यम से पांच सालों में 429 जवान शहीद हो गये। वहीं 966 जवान घायल हुए। इस दौरान 40 लोगों को माओवादियों ने मार डाला। यही नहीं 409 जन सामान्य की भी नृशंस हत्या कर दी। उसमें से ज्यादातर आदिवासी समाज से ही हैं। 300 जगहों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। एक साल में देखा जाय तो माओवादियों ने 200 आतंक फैलाने का काम किया। इसमें 31 जवान शहीद हुए। वहीं 154 जवान घायल हुए। 69 सामान्य लोगों को माओवादियों ने मार डाला।

मच्छर रुपी माओवाद की समस्या को मूल जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार को पहले स्थानीय स्थितियों को समझना होगा। इसके बाद वहां के स्थानीय लोगों से गहरी पैठ बनाने के लिए अपने स्थाई लोग रखने होंगे। अब वहां की समस्या के बारे आप इसी से समझ सकते हैं कि छत्तीसगढ़ का कांकेर जिले का आमाबेड़ा क्षेत्र जिला मुख्यालय से महज 15 किमी की दूरी पर है। उस क्षेत्र में आज भी ऐसे गांव हैं, जहां के लोग हिंदी बोलना तो दूर छत्तीसगढ़ी भाषा भी नहीं बोल पाते। ऐसे में वे प्रशासनिक अधिकारियों से अपने दर्द को कैसे बयां कर सकते हैं। वहां ऐसे कई गांव हैं, जहां पर प्रशासन को पहुंचते 12 से 15 घंटे लग जायेंगे। वहां सिर्फ किसी तरह साइकिल या बाइक ही जा सकती है। प्रशासन की क्षमता अकेले जाने की नहीं होती। यदि पूरी फोर्स वहां पहुंचती है तो हर कदम पर खतरा मंडरा रहा होता है।

वहां पुलिस व माओवादियों में अंतर यह हो जाता है कि माओवादियों के सचिव स्तर के पदाधिकारी के लिए अनिवार्य योग्यता ही चार भाषाओं का ज्ञाता होना जरूरी है। एक जिस क्षेत्र में उसकी नियुक्ति है, उस क्षेत्र की स्थानीय भाषा के साथ ही हिंदी और अंग्रेजी की जानकारी भी चाहिए। स्थानीय भाषा के जानकार होने से वे स्थानीय लोगों के साथ आसानी से घुल-मिल जाते हैं। वहीं पुलिस को वहां के लोगों का दर्द समझने के लिए एक द्विभाषिया की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में पुलिस स्थानीय लोगों के साथ कैसे घुल-मिल सकती है।

हां, यह कहा जाता है कि जो दिखता है, वह हमेशा सच नहीं होता। यह बात माओवादी क्षेत्रों में सच साबित होती है। यही कारण है कि बाहर से उस क्षेत्र में जाकर विशेष खबर देने वाले पत्रकार भी कभी हकीकत को उजागर ठीक से नहीं कर पाते। इसका कारण है कि उनकी रिपोर्ट वहां के स्थानीय लोगों द्वारा बताने के आधार पर होती है। आप ऐसे ही सोच सकते हैं कि जो बंदूक की नोक पर हमेशा सांसे ले रहा हो, वह कैसे सच बता सकता है। हकीकत होती है कि यदि कोई रिपोर्टिंग करने गया तो वहीं सामान्य वेश में दस लोगों के बीच कोई माओवादी भी होता है।

उदाहरण के तौर पर आप उनसे पूछिये, क्या इस बीच माओवादी इस क्षेत्र में देखे गये हैं। उनका यही जवाब होगा, वर्षों से देखे नहीं गये, जबकि हकीकत है कि उस क्षेत्र में हर दिन आते-जाते रहते हैं। ऐसी ही तमाम मुद्दों पर वहां के स्थानीय लोगों से पत्रकार चर्चा करके आ जाते हैं और वहां की असली हकीकत से कभी रूबरू नहीं हो पाते। यदि आपको वहां के हकीकत से रूबरू होना है तो वहां आपको वर्षों गुजारने होंगे। किसी भी व्यक्ति की बातों पर नहीं, उनकी आंखों को देखकर, उनकी भावना को समझकर आपको वहां की हकीकत से रूबरू होना होगा।

माओवादी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के सामने एक तरफ खाईं है तो दूसरी तरफ पहाड़। दोनों के बीच हमेशा उनकी जिंदगी खतरे में पड़ी रहती है। यदि एक पुलिस वाला उनसे बात कर लेता है तो शक में माओवादी उन्हें मौत की घाट उतार देते हैं। कहते हैं, यह पुलिस का मुखबिर था। इधर पुलिस उन्हें हमेशा शक के दायरे में रखती है कि यह जनताना सरकार का सदस्य होगा और कई बार यह हकीकत भी होती है कि उन्हीं आम आदमियों के बीच माओवादियों का मुखबिर भी छिपा होता है, जिसे उस गांव के लोग भी नहीं जानते।

इसकी हकीकत का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि एक बार मैं छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले का माओवादियों से पूरी तरह प्रभावित सीतरम इलाके में गया था। वहां जाने के लिए एक नदी को पार करना पड़ता है। नदी पार करते ही माओवादियों के स्मारक दिखने लगे। वहां प्रवेश करते ही कुछ लोग ऐसी निगाह से देखने लगे कि ऐसा लगा मैं चारों तरफ से घिर चुका हूं। इसके बाद मैं अखबार से बताया तो हमें कुछ राहत मिली। चारों तरफ माओवादी संकेत के बावजूद किसी से पूछिए, यही बताता था कि यहां कोई माओवादियों के बारे में नहीं जानता। इधर कोई गतिविधि नहीं दिखती। एक साधारण सा दिखने वाले एक व्यक्ति से हमारी पूरी बात हुई, वह हमेशा यही कहता रहा कि यहां माओवादी आते ही नहीं, जबकि उस घटना के तीसरे दिन ही वही पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया।

यदि आतंकवादियों और माओवादियों की तुलना करें तो माओवादी आतंकवादियों की अपेक्षा ज्यादा घातक हैं। आतंकवादी तो पहचान में आ जायेंगे, क्योंकि वे हमेशा आमने-सामने की लड़ाई करते हैं, जबकि माओवादी हमेशा कायरों की भांति छिपकर गुरिल्ला युद्ध करते हैं। जब अकेले पाते हैं तो पीठ में छुरा भोंक कर चले जाते हैं। माओवादियों की पहचान करना भी बड़ा मुश्किल है। इस कारण इनसे लड़ाई इन्हीं की भाषा में ही की जा सकती है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं हिन्दुस्थान समाचार से जुड़े हैं। तीन साल तक माओवाद प्रभावित क्षेत्र में सक्रिय पत्रकारिता कर चुके हैं)**

# सड़क के निर्माण कार्य को नक्सलियों ने कराया बंद

**प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करीबन पांच करोड़ रुपये की लागत से बन रही सड़क**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र जोम्बोरो में करोड़ों रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य को नक्सिलयों ने बंद करा दिया। नक्सलियों के भय से एक सप्ताह से काम बंद है। सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली मशीनों और गाड़ियों को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर व कुचाई प्रखंड को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करीबन पांच करोड़ रुपये की लागत से लुदुबेड़ा से चितपिल भाया कोमाय जोम्बोरो तक 5.2 किमी सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

इस काम को संवेदक मेसर्स रजनी ग्रुप द्वारा कराया जा रहा है। कार्य का शुभारंभ 22 जुलाई 2022 को हुआ था। काम लगभग चार महीने तक लगातार चला। नक्सलियों ने एक सप्ताह पहले सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया। इस चार माह में संवेदक द्वारा सिर्फ पुरानी सड़क को खोदकर मिट्टी बिछाने का कार्य किया गया है। इस बीच नक्सलियों ने काम को बंद करा दिया। सड़क का निर्माण कार्य 30 मार्च 2023 तक पूर्ण करना है। अधिकारियों ने घटना की पुष्टि नहीं की है।

**सड़क निर्माण में अनियमितता**

जोंबरो में सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरती जा रही है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहने के कारण संबंधित विभाग के पदाधिकारी बहुत कम निरीक्षण करने पहुंचते हैं। इसका भरपूर लाभ उठाते हुए संवेदक द्वारा पुरानी सड़क को खोदकर उससे निकला डेड पत्थर एवं नदी में खनन कर वहां से पत्थर निकालकर सड़क पर बिछाया जा रहा है। इतना ही नहीं सड़क निर्माण में पहाड़ की मिट्टी काटकर और पहाड़ के पत्थर को तोड़कर उपयोग किया जा रहा है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता शून्य के बराबर है।

# तीसरे दिन भी आइटी की रेड, दस्तावेज जब्त

**बालमुकुंद स्पंज आयरन फैक्ट्री : झारखंड, बिहार-बंगाल के 14 ठिकानों पर छापा**

**सुधीर सिन्हा**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के मंझलाडीह स्थित बालमुकुंद स्पंज आयरन फैक्ट्री के झारखंड, बिहार और बंगाल के कुल 14 ठिकानों पर आइटी की रेड तीसरे दिन भी जारी है। सूत्रों के अनुसार आइटी की टीम ने इस दौरान बंगाल के ठिकानों से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आइटी टीम में कुल 60 अधिकारी और कर्मी शामिल हैं, जो कागजातों को खंगाल रहे हैं। शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे आइटी के अधिकारी गिरिडीह के बरमसिया स्थित दफ्तर पहुंचे और कार्रवाई में जुट गये। बालमुकुंद स्पंज आयरन के द्वारा शेल कंपनियों में निवेश किया गया है। इसी को लेकर आइटी टीम द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों की मानें, तो गिरिडीह के अलावा बिहार के पटना, बिहटा, बंगाल के कोलकाता समेत अन्य ठिकानों पर तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह से भी कार्रवाई जारी है। तीसरे दिन मंझालाडीह स्थित फैक्ट्री से सभी अधिकारी बरमसिया स्थित दफ्तर पहुंचे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.8 °c | 12.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.14 बजे |



## राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद श्यामल अहमद रांची पहुंचेंगे आज

# पासवा का शिक्षक सम्मान समारोह कल

- पूरे राज्य से लगभग 2000 शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा
- वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव राज्यभर के शिक्षकों को सम्मानित करेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पासवा 4 दिसंबर को दीक्षांत मंडप मोरहाबादी रांची विश्वविद्यालय, रांची में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियां जोरों पर है। बैठकों एवं संपर्कों का दौर जारी है।

कार्यक्रम स्थल एवं मोरहाबादी अतिथिशाला में पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में अरविंद कुमार, आलोक विपिन टोप्पो, संजय प्रसाद, डॉ सुषमा केरकेट्टा, राशिद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, राजन कुमार, मेंहुल दुबे, मुकेश कुमार सिंह, शुभोजित अधिकारी, कैलाश कुमार उपस्थित थे। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में पूरे राज्य से लगभग 2000 शिक्षकों को पूर्वाह्न 10:30 बजे से सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

राज्य का अब तक के सबसे बड़े शिक्षक सम्मान समारोह में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव राज्यभर के शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित करेंगे। साथ ही साथ प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर को भी सम्मानित किया जायेगा। अरविंद कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद 3 दिसंबर को सेवा विमान से रांची आयेंगे और एयरपोर्ट से राजकीय अतिथिशाला होते हुए दीक्षांत मंडप जायेंगे एवं तैयारियों का जायजा लेंगे।

रांची जिला अध्यक्ष ने बताया कि 3 दिसंबर को शमायल अहमद का जन्मदिन है। इसलिए पासवा परिवार अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन को यादगार बनायेगी। शिक्षक सम्मान समारोह के साथ-साथ शिक्षकों के लिए बच्चों के द्वारा मोबाइल का इस्तेमाल विषय पर कार्यशाला भी आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यशाला के मुख्य वक्ता रिनपास की डायरेक्टर डा. जयंती सिमलई व्याख्यान देंगी। जबकि शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य वक्ता आर्य ज्ञान प्रचार समिति के निदेशक व डीएवी ग्रुप के पूर्व डायरेक्टर एलआर सैनी होंगे।

कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने संचालन समिति का गठन किया गया है। संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव, मीडिया प्रभारी डॉ राजेश गुप्ता छोटू सहित सभी सदस्य इसकी तैयारी में जुटे हैं।

# पूजा सिंघल अभी 156 दिन तक रहेंगी निलंबित

- जेल में बंद आइएएस पूजा सिंघल को निलंबित रखने के लिए तीसरा विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेल में बंद आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को निलंबित रखने का तीसरा विस्तार मिला है। वह अभी और 156 दिन तक निलंबित रहेंगी। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार राज्य सरकार की समीक्षा समिति ने पूजा सिंघल के न्यायिक हिरासत में रहने के कारण यह आदेश दिया है। अखिल भारतीय सेवाएं अनुशासन नियम अपील नियमावली 1969 के नियम के आलोक में अखिल भारतीय सेवा संवर्ग निलंबित पदाधिकारियों के मामलों की समीक्षा के लिए गठित मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समीक्षा समिति ने इस संबंध में बैठक की थी और मामले पर विचार किया गया और पाया कि आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल, जो अभी न्यायिक हिरासत में कारागार में बंद हैं इसलिए पूजा सिंघल को निलंबित ही रखने के अनुशंसा का निर्णय लिया गया। बता दें पूर्व में 12 मई को धन शोधन निरोधक अधिनियम धारा



19 के तहत इडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के कारण आइएएस पूजा सिंघल को निलंबित किया गया था। इसके बाद इसके बाद 10 जून 2022 को आदेश निकालकर 30 दिन तक निलंबन अवधि का विस्तार दिया गया। इसके बाद फिर 120 दिनों का विस्तार दिया गया था जो 8 नवंबर को ही खत्म हुआ। पूरा मामला समिति के समक्ष विचाराधीन था इस बीच वे निलंबन में ही रहीं। अब उन्हें पुनः 180 दिनों तक निलंबित रखने का फैसला किया गया यानी आज की तिथि से वे और 156 दिन निलंबित रहेंगी। इसके बाद फिर समिति विचार करेगी। इस संबंध में आदेश जारी हुआ है।


E-mail-mdjscb@gmail.com Ph.No. 0651-2225001
JSCB
झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि०
प्रधान कार्यालय शहीद चौक, मेन रोड राँची – 834001.
पत्रांक: 1947 आम सूचना दिनांक: 02.12.2022
झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि0, राँची के निर्वाचन/विशेष आम सभा
झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि0 के निर्वाचन/विशेष आम सभा हेतु मतदाता सूची तैयार की जा रही है। उक्त प्रयोजनार्थ बैंक से सम्बद्ध सभी समितियों को सूचित किया जाता है कि वे अपनी समिति के बैंक प्रतिनिधि का नाम, प्रतिनिधि के पिता/पति का नाम एवं पूर्ण पता, मोबाईल नं0 सहित **सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर** समिति के सम्बद्ध बैंक शाखा में समिति के लैटर पेड में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के बाद प्राप्त सूचना को बैंक द्वारा स्वीकार नही किया जायेगा। ह0/–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी


# इसीएल के सुरक्षाकर्मी जीएम से मिले, लगायी गुहार




आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर इसीएल के सुरक्षाकर्मी और पदाधिकारी एसपी माइंस चितरा के जीएम से मिले और सुरक्षा की गुहार लगायी। सुरक्षाकर्मियों ने जीएम को एक ज्ञापन सौंपकर कहा कि सुरक्षाकर्मी भय और रोष में है। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा 27 नवंबर को सुरक्षा प्रभारी रुपेश मिश्रा और सुरक्षा प्रहरी राजेश गिरी को बदले की भावना से प्रेरित होकर गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। जीएम से अनुरोध किया गया है कि इन दोनों की रिहाई के दिशा में पहल की जाये। ज्ञापन में लिखा गया है की इसीएल की सुरक्षा में लगे लोग काफी भयग्रस्त और गुस्से में भी हैं। जीएम ने सुरक्षाकर्मियों को भरोसा दिया है कि वे पूरे मामले पर स्थानीय प्रशासन से बात करेंगे।

# बाबूलाल का दावा, झारखंड में सामने आने वाला है एक और बड़ा घोटाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में एक और बड़ा घोटाला कुछ दिनों में सामने आने वाला है। मरांडी ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि राज्य की संपदा लूटने के निजी पाप से बचने और राजनीतिक विरोधियों को मुकदमे में फंसाकर परेशान करने के लिए सरकारी राशि का दुरुपयोग हुआ है। रांची से दिल्ली



तक कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए महंगे वकीलों पर सरकारी फंड के अरबों रुपये खर्च किये गये हैं। इसकी भी जांच तय ही मानिये। बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि संताल परगना के कुछ अफसर साहिबगंज के गुंडे, मवालियों से दार्जिलिंग और नेपाल में जाकर मिलते थे। वहीं पर खान-खनिजों की लूट का प्लान बनाते थे और रिश्वत के पैसे लेते थे। उन्होंने कहा कि इडी अगर गहराई से जांच करे, तो पता चलेगा कि ऐसे अफसरों और सत्ताधारियों ने विदेश में कहां-कहां इन्वेस्ट किया है।

# राज्य में टीएसी का गठन ही असंवैधानिकः दीपक प्रकाश

- प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य के ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी पर छिड़े विवाद पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया
- कहा- बिना राजभवन की सहमति के गठित यह समिति पूरी तरह से अमान्य है



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को राज्य के ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी पर छिड़े विवाद पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। श्री प्रकाश ने कहा राज्य में ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी का गठन ही असंवैधानिक है।

बिना राजभवन की सहमति के गठित यह समिति पूरी तरह से अमान्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इसे पॉकेट की संस्था बनाना चाहते हैं जिसे भारतीय जनता पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इस कमेटी में राज्यपाल की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत की संवैधानिक व्यवस्था में राज्यपाल कोई व्यक्ति नहीं बल्कि संस्था है। राज्यपाल राज्य के संवैधानिक प्रमुख हैं।

इसलिए राज्यहित में बड़े नीतिगत फैसले पर राज्यपाल की सहमति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मर्यादाओं का पालन करना चाहिए।

## ढुल्लू महतो की गवाही 19 दिसंबर से होगी शुरू

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को भाजपा के बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका की सुनवाई हुई। अब 19 दिसंबर से ढुल्लू महतो और उनकी ओर से अन्य गवाहों की गवाही शुरू होगी। मामले में जलेश्वर महतो की ओर से मंगवाये गये कुछ दस्तावेज यथा ढुल्लू महतो का नॉमिनेशन पेपर, वोटर अटेंडेंस रजिस्टर, बूथ नंबर 266 में पड़े वोट से संबंधित दस्तावेज कोर्ट के समक्ष प्रदर्श अंकित किये गये। इस मामले में जलेश्वर महतो की ओर से गवाही बंद कर दी गयी। उल्लेखनीय है कि जलेश्वर महतो ने ढुल्लू महतो के निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह किया है। याचिका में कहा गया है कि जिस समय ढुल्लू महतो ने अपना नामांकन जमा किया था उस समय वे डिसक्वालिफाइड थे, क्योंकि उनको अलग-अलग धाराओं में जो सजा हुई है वह कुल मिलाकर दो साल से ज्यादा की समय हो जाती है।

# आजसू का राज्यस्तरीय अधिवेशन चार को विष्णुगढ़ में, तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी की सहयोगी इकाई अखिल झारखंड महिला संघ का राज्यस्तरीय अधिवेशन चार दिसंबर को हजारीबाग के विष्णुगढ़ में होगा। कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

अधिवेशन की जानकारी देते हुए आजसू प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। अधिवेशन में बतौर विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद एवं आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल होंगे। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, केंद्रीय महासचिव डॉ. लंबोदर महतो एवं रौशनलाल चौधरी, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक एवं हसन अंसारी, केंद्रीय संगठन सचिव शालिनी गुप्ता, केंद्रीय सचिव यशोदा देवी, सुनीता चौधरी, तिवारी महतो, अर्जुन बैठा एवं हरेलाल महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# साइबर अपराध पर नियंत्रण की दिशा में बैंक और पुलिस का दायित्व महत्वपूर्णः राज्यपाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि बैंक में आये व्यक्ति से अच्छा व्यवहार करें। हमारे देश में ग्राहक को भगवान समझा जाता है। बैंक में आये व्यक्ति भी आपके ग्राहक हैं। उन्होंने कहा कि आज बैंकिंग सेवा में बदलाव आ गया है, पहले ऋण लेने के लिए लोगों को बैंक जाकर आग्रह करना पड़ता था लेकिन अब बैंक प्रतिनिधि ग्राहक के द्वार पहुंचने लगे हैं। राज्यपाल शुक्रवार को राजभवन में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के अधकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि लोगों की जब उनकी जीवन भर की जमा पूंजी साइबर ठगी का शिकार हो जाती है, तो उनके दुखों की कल्पना नहीं की जा सकती है। सुनने में आता है कि जामताड़ा साइबर क्राइम की जननी है और विदेशों से भी लोग यहां प्रशिक्षण लेने आते हैं। साइबर अपराध पर नियंत्रण की दिशा में बैंक एवं पुलिस प्रशासन का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि बैंक पीड़ित व्यक्ति की सहायता करने के लिए तत्पर रहें, उनके साथ टाल-मटोल का रवैया न अपनायें। उन्होंने कहा कि आज अधिक-से-अधिक ग्राहक डिजिटल लेनदेन भी कर रहे हैं।

# मेयर का पद एससी के लिए रिजर्व करने के मामले में हाइकोर्ट ने झारखंड सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मामले में राज्य निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार को 2 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 2 सप्ताह बाद निर्धारित की है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने मौखिक कहा कि यह मामला अति महत्वपूर्ण है। इस विषय पर नीतिगत निर्णय लिया गया है, इसलिए सरकार जल्द जवाब दाखिल करें। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि शेड्यूल एरिया में नगर निकाय चुनाव में मेयर या अध्यक्ष या नगर पंचायत अध्यक्ष का पद सिर्फ आदिवासियों के लिए ही आरक्षित हो सकता है, गैर आदिवासियों के लिए यह पद नहीं हो सकता है। बता दें कि इसे लेकर लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने कहा है कि पांचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है लेकिन नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एससी के लिए आरक्षित कर दिया गया है।

## शिक्षक नियुक्ति केसः जिनकी नियुक्ति हो चुकी है, उन्हें जिले का विकल्प दें

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट में शिक्षक नियुक्ति मामले की सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, शुक्रवार की सुनवाई में झारखंड के मुख्य सचिव भी अदालत के समक्ष हाजिर हुए। कोर्ट ने सरकार को यह निर्देश दिया है कि जिनकी नियुक्ति हो चुकी है, उनकी अलग मेरिट लिस्ट तैयार करें और उन्हें यह विकल्प दिया जाये कि वे किस जिले में कार्य करना चाहते हैं। वहीं अदालत ने सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि हाइकोर्ट में जिन अभ्यर्थियों ने रिट याचिका दाखिल की थी, उनकी अलग लिस्ट तैयार कर उनकी नियुक्ति करें। सोनी कुमारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि सरकार आदेश का पालन नहीं कर रही है और अब नया कट ऑफ मार्क्स निर्धारित कर नियुक्ति करने जा रही है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सरकार को यथा स्थिति बनाये रखने का निर्देश दिया था।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की वर्ष 2016 में बनी नियोजन नीति के असंवैधानिक बताते हुए खारिज कर दिया था। लेकिन इस नीति से अनुसूचित जिलों में हुई नियुक्ति को जारी रखा था। अदालत ने सरकार को स्टेट लेबल पर मेरिट लिस्ट तैयार कर नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृष | प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। |
| मिथुन | व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा। |
| कर्क | अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी। |
| सिंह | धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। |
| कन्या | संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा। |
| तुला | कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी। |
| वृश्चिक | जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी |
| धनु | सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। |
| मकर | कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| कुंभ | जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी। |
| मीन | कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा। |

**आयोजन :** सरना महिला विकास समिति रांची के तत्वावधान में पहली बार लग रहा मेला

# झारखंड इंटरनेशनल ट्रेड फेयर सह पलाश महोत्सव कल से मोरहाबादी में

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरना महिला विकास समिति रांची के तत्वावधान में पहली बार झारखंड इंटरनेशनल ट्रेड फेयर सह पलाश महोत्सव का आयोजन मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है। 4 दिसंबर से 13 दिसंबर तक चलने वाले इस फेयर का उदघाटन राज्यसभा सांसद महुआ माजी और महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री जोबा मांझी करेंगी। ट्रेड फेयर में भारत के अलावा 7 अन्य देशों के लगभग 450 शिल्पकार शामिल होंगे। जिसमें बंगलादेश की जामदानी साड़ी, मलेशिया का होम डेकोर, थाईलैंड का माउंटेन ड्राई फ्लावर, अफगानिस्तान का ड्राई फ्रूट, असम का बांस का बना हुआ सामान, नागालैंड का ड्राइफ्लावर, दिल्ली की ब्लॉक प्रिंट कुर्ती, कोलकाता का जूट बैग, मुंबई का मेला माइन क्रोकरी, लखनऊ का चिकन वर्क, भदोही का विश्व प्रसिद्ध कालीन, सहारनपुर का फर्नीचर आदि शामिल हैं।

बच्चों के लिए विशेष इंतजाम

आयोजन समिति की सदस्य फूलमनी टोप्पो ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों की व्यवस्था भी है। हवाई झूला, टोराटोरा, ब्रेक डांस, ड्रेगन ट्रेन, कोलंबस, वाटर बोट, मिनी ट्रेन, मिक्की माउस जंपिंग झपांग, स्कॉर्पियो, बच्चों वाली छोटी ट्रेन इत्यादि इंतजाम होंगे। अध्यक्ष शांति तिर्की ने कहा कि खान-पान के लिए मुंबई का मसाला पॉपकॉर्न, पनीर टिक्की चाट, पाव भाजी, हवा मिठाई, फ्रूट चाट, शिकंजी खास होगा। इसके अलावा प्रतिदिन शाम को 6 बजे से लेकर 8 बजे तक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी होगा। कई तरह की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी। सचिव पूजा टोप्पो ने बताया कि प्रतिदिन संध्याकालीन 8 बजे लक्की ड्रा प्रतियोगिता का आयोजन भी ट्रेड फेयर में होगा।

### इनका मिल रहा सहयोग

फूलमनी टोप्पो, शांति तिर्की, रेनू, बाढ़ा, सुनील कच्छप, दिपाली तिर्की, प्रियंका किस्पोटा, दीपिका किस्पोटा, रजनी टोप्पो, सुनीता बागवार, अमित भगत, स्नेहा खलखो, नेहा तिर्की, पुष्पा तिर्की, मूर्ति देवी मुंडा, मनीशा मुंडा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW



# जब तक डीलिस्टिंग नहीं हो जाता चैन से नहीं बैठेंगे : जनजाति सुरक्षा मंच



### जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक में आदिवासी रैली की समीक्षा हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को आरोग्य भवन बरियातू में जनजाति सुरक्षा मंच के जिला संयोजक जगरनाथ भगत की अध्यक्षता में 27 नवंबर को आयोजित विशाल आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली की समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रखंड से लेकर पंचायत लेवल पर छोटी-छोटी बैठक कर डीलिस्टिंग के बारे में लोगों को बताया एवं जागरूक किया जायेगा। दिसंबर महीना के अंत में जनजाति सुरक्षा मंच के जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी, इसमें जनी शिकार रैली, राजभवन के पास जुटान एवं सभा तथा राज्यपाल झारखंड को डीलिस्टिंग से संबंधित ज्ञापन सौंपा जायेगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों में जो गलत तरीके से ग्राम प्रधान एवं मुखिया बने हैं वैसे लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करते हुए डीलिस्टिंग किया जायेगा।

बैठक में सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि जब तक डीलिस्टिंग नहीं करायेंगे तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। बैठक में मुख्य रूप से मेघा उरांव, संदीप उरांव, राजू उराव, योगेंद्र कच्छप, सनी टोप्पो, मनोज भगत, हिंदुवा उरांव, पिंकी खोया, अंजली लकड़ा, प्रदीप लकड़ा, तुलसी प्रसाद गुप्ता, तुलसी कुमार महतो, आसमान सिंह, देवकी मुंडा एवं जनजाति सुरक्षा मंच के मीडिया प्रभारी सोमा उरांव मुख्य रूप से मौजूद थे।

## ओरमांझी प्रखंड की प्रमुख अनुपमा देवी भाजपा में हुईं शामिल

# गांव की सरकार का भरोसा भाजपा में : दीपक प्रकाश

### प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- राज्य में खनिज संपदा की लूट मची है



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को ओरमांझी प्रखंड की प्रमुख अनुपमा देवी भाजपा में शामिल हुईं। प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने अंगवस्त्र और पार्टी का पट्टा देकर विधिवत रूप से उन्हें पार्टी में शामिल कराया।

इस मौके पर दीपक प्रकाश ने कहा कि ओरमांझी की प्रमुख का भाजपा में शामिल होना यह बता रहा कि प्रतिदिन गांव की सरकार का भरोसा भाजपा पर बढ़ता जा रहा है। कहा कि आज जिस प्रकार से राज्य की हेमंत सोरेन सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है, खनिज सम्पदाओं की लूट मची हुई है और कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर बना दी गयी है। राज्य में आज कोई सुरक्षित नहीं है। छोटी-छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म और हत्या जैसी जघन्य घटनाएं घटित हो रही हैं।

जिस उम्मीद के साथ राज्य की जनता ने हेमंत सोरेन को सत्ता सौंपी थी उस उम्मीद को पूरा करने में पूरी तरह से फेल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अनुपमा देवी के भाजपा में आने के बाद भाजपा को और मजबूती मिलेगी। प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा कि मैं भाजपा की नीति सिद्धांत और राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा परिवार में शामिल हो रही हूं। अनुपमा देवी के साथ दीपा चौरसिया, अरविंद पतरस, जनमेजय दास, अमित राज ने भी भाजपा का दामन थामा। पार्टी में शामिल होने के पश्चात अनुपमा देवी ने झारखंड भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका सहित अन्य मौजूद थे।

# पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल पर हुई चर्चा




### नयी दिल्ली में सूचना प्रौद्योगिकी की संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी संसद की स्थायी समिति की बैठक नयी दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में रांची के सांसद संजय सेठ मौजूद रहे। सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी से बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। स्थायी समिति की इस बैठक में पर्सनल डाटा प्रोटक्शन बिल पर विस्तृत चर्चा हुई। देश के नागरिकों का निजी डेटा कैसे सुरक्षित रहे, इस पर चर्चा हुई। इस बैठक में सांसद ने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि हमारे देश के नागरिकों का हर डाटा पूरी तरह से गोपनीय रह सके। उनकी सहमति के बिना कोई भी का दुरुपयोग नहीं कर सके। सांसद ने कहा कि भारत वर्तमान समय में दुनिया का सबसे बड़ा ऐसा देश है, जो सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग कर रहा है। इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं भी लगातार बढ़ी हैं। यह सुखद है कि भारत में 100 करोड़ से अधिक मोबाइल धारक हैं। 80 करोड़ से अधिक लोग इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं। समिति की इस बैठक में यह भी बताया गया कि भारत ही दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां सबसे सस्ती इंटरनेट सुविधाएं उपलब्ध है। बैठक में सांसद ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि डाटा प्रोटेक्शन के क्षेत्र में भारत बेहतर काम कर रहा है। परंतु हम यह भी सुनिश्चित करें कि दुनिया के तमाम देश, जो अपने नागरिकों को गोपनीय रखते हैं। उसकी सुरक्षा की चिंता करते हैं, उसी तर्ज पर हम भी अपने डेटा को लेकर अपनी सक्रियता और ज्यादा बढ़ाएं। हमारे नागरिकों का डाटा सुरक्षित रहे, इस पर और बेहतर काम करें। सांसद ने विश्वास जताया कि हमारे अधिकारी और मंत्रालय बेहतर काम कर रहे हैं। उसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

# परमवीर अल्बर्ट एक्का की 51वीं पुण्यतिथि आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** परमवीर चक्र से सम्मानित अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि तीन दिसंबर को है। इसे देखते हुए रांची नगर निगम द्वारा शुक्रवार को रांची स्थित अल्बर्ट एक्का चौक के समीप उनकी आदमकद प्रतिमा की साफ सफाई कराया। शनिवार को सेना सहित अन्य लोग अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करेंगे। बता दें कि 1971 के भारत-पाक युद्ध में बिहार रेजीमेंट के लांस नायक अलबर्ट एक्का ने देश के लिए शहादत दी थी। उनके अदम्य साहस और वीरता के लिए सरकार ने उन्हें मरणोपरांत सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से विभूषित किया था। परमवीर अलबर्ट एक्का के सम्मान में प्रति वर्ष तीन दिसंबर को उनके पैतृक गांव जारी में शहीद मेला का आयोजन भव्यता के साथ होता रहा है।

## राज्यपाल और हेमंत सरकार के बीच बढ़ेगा विवाद?

# झारखंड सरकार के फैसले को राजभवन कर रहा है पलटने की तैयारी, टीएसी का गठन हो सकता है रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार द्वारा गठित की गयी ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) को राज्यपाल रद्द कर सकते हैं। खबर है कि राजभवन इसके कानूनी पक्षों पर विचार कर रहा है और जल्द ही इसे रद्द करने का आदेश जारी कर देगा। राज्यपाल रमेश बैस ने झारखंड सरकार की ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) के गठन पर सवाल खड़े किये थे। राजभवन का पक्ष है कि सरकार ने टीएसी के गठन में कानून का पालन नहीं किया। यह पांचवीं अनुसूची के प्रावधान के तहत नहीं है। इसी तर्क के साथ झारखंड सरकार द्वारा बनायी गयी टीएसी नियमावली को असंवैधानिक करार दिया जा सकता है।

**कानूनी सलाह ले रहे हैं राज्यपाल**

राज्यपाल ने इस मामले में अटॉर्नी जनरल सहित सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील आत्माराम एनएस नाडकर्णी और झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन से सलाह मांगी है। अगर राज्यपाल इसे रद्द कर देते हैं, तो साल 2021 के बाद की बैठकों में लिये गये सभी निर्णय निरस्त हो जायेंगे। अगर टीएसी का गठन ही गलत है, तो इसके निर्णय पर सवालिया निशान लग जायेगा।

**राजभवन के सवाल पर सरकार ने नहीं दिया अबतक कोई जवाब**

राजभवन ने इस संबंध में सवाल किया था। राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी नितिन मदन कुलकर्णी ने मुख्य सचिव के माध्यम से सरकार से पूछा है कि आखिर राजभवन की आपत्ति के बावजूद जवाब दिये बगैर कैसे टीएसी की बैठक आयोजित की गयी। अबतक इस मामले में सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। राज्यपाल ने इसे गंभीरता से लिया है और अब कार्रवाई का मन बना रहे हैं।

**कानून का उल्लंघन और राज्यपाल की भूमिका**

राज्यपाल की बिना सहमति के 2021 में टीएसी गठन की अधिसूचना जारी करने पर राजभवन ने अटॉर्नी जनरल से कानूनी राय ली है। पांचवीं अनुसूची के तहत बनाया गया 2021 का नियम एक ऐसा मामला है, जो झारखंड में अनुसूचित जनजातियों के हितों को प्रभावित कर सकता है। इस मामले में एक्सपर्ट मानते हैं कि संविधान की पांचवीं अनुसूची के अनुसार टीएसी को राज्य में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और उन्नति से संबंधित मामलों पर राज्यपाल से सलाह लेना जरूरी है। यही वजह है कि इसमें दो सदस्य राज्यपाल मनोनित करते हैं। राज्यपाल के संदर्भ के बिना 2021 के नियमों की अधिसूचना संविधान के अनुच्छेद 166 (3) के तहत उल्लंघन है।

**पूरा मामला समझें क्या था विवाद**

झारखंड सरकार ने टीएसी गठन से संबंधित फाइल स्वीकृति के लिए राजभवन भेजी थी। राजभवन ने इसे असंवैधानिक बताते हुए वापस कर दिया था और इसमें जरूरी संशोधन का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने इसमें कोई संशोधन नहीं किया और टीएसी की बैठक बुला ली। पूरा विवाद इसे लेकर है। राज्यपाल ने टीएसी के गठन की फाइल कानूनी सलाह लेकर लौटायी थी, गठित नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए राजभवन की तरफ से कहा गया था कि टीएसी के गठन में कम से कम दो सदस्यों का मनोनयन राजभवन की तरफ से होना चाहिए। इसके अलावा पांचवीं अनुसूची के तहत नियमावली पर भी उनकी स्वीकृति जरूरी थी।

**तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के वक्त का है मामला**

टीएसी के गठन का विवाद नया नहीं है तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के समय से ही इसे लेकर विवाद चल राह है। उन्होंने भी राजभवन से दो सदस्यों के मनोनयन नहीं होने पर सवाल उठाया था। सरकार ने उस वक्त भी इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब एक बार फिर इसे लेकर विवाद बढ़ रहा है।

**अचानक कैसे बढ़ा विवाद**

झारखंड सरकार ने टीएसी के गठन को लेकर नयी नियमावली गठित कर दी। इसमें स्पष्ट कर दिया कि फाइल राजभवन की स्वीकृति के लिए नहीं भेजी गयी। नयी नियमावली में अब टीएसी के गठन और सदस्यों की नियुक्ति में राजभवन का अधिकार नहीं होगा। इसे खत्म कर दिया गया।

**छत्तीसगढ़ के तर्ज पर बना दी नयी नियमावली**

टीएसी की बैठक को लेकर नयी नियमावली में मुख्यमंत्री की स्वीकृति से ही सदस्यों की नियुक्ति होगी। नयी नियमावली छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बनायी गयी, जहां सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार मुख्यमंत्री के पास है। राज्यपाल ने इसकी जानकारी उसी वक्त तत्कालीन राष्ट्रपति तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दी थी। अब इसे लेकर हुई बैठक के बाद विवाद बढ़ रहा है।

# डीएसपीएमयू में शोकसभा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के बीएड विभाग के शिक्षक प्रो संजय मिंज के आकस्मिक निधन के उपरांत शुक्रवार को विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। इस अवसर पर शिक्षकों ने प्रो संजय मिंज के साथ अपने संस्मरणों को साझा किया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय परिवार अपने प्रत्येक सदस्य के साथ इस प्रकार की दुखद घड़ी में हमेशा साथ रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा दिवंगत प्रो संजय मिंज के इस आकस्मिक निधन पर विश्वविद्यालय प्रशासन उनके परिवार को हर संभव मानसिक और आर्थिक संबल प्रदान करेगा। मौके पर विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ की पहल पर दिवंगत परिवार को आर्थिक मदद देने के प्रस्ताव को सभी शिक्षकों ने अपनी सहमति प्रदान की। इसके पूर्व विश्वविद्यालय के बीएड विभाग में भी प्रो संजय मिंज को श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि सभा का संचालन डॉ अशोक नाग ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मी और बीएड विभाग के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## क्रिसमस को लेकर लोगों में उत्साह, प्रभु येशु के आगमन की खुशियां मनाने में जुटा मसीही समुदाय

# बिशप का निर्देश- व्यर्थ पैसे न खर्च करें, पर्यावरण संरक्षण के लिए पटाखे न जलायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोरोना संक्रमण के दो साल (2020-2021) बाद राजधानी सहित पूरे प्रदेश में मसीही समुदाय में क्रिसमस के लेकर खासा उत्साह है। मसीही क्रिसमस की तैयारी में जुट गये हैं। गिरिजाघरों और घरों का रंगरोगन कर साज-सज्जा की जा रही है। क्रिसमस के लिए बाजार भी तैयार है। कोरोना को बाद यह पहला मौका है, जब बिना भय के क्रिसमस का त्योहार मनाया जायेगा। अभी से ही लोग क्रिसमस की साज सज्जा के सामान की खरीदारी में जुट गये हैं। राजधानी रांची सहित राज्य भर के गिरिजाघरों में भी तैयारियां शुरू हो गयी हैं। जगह-जगह क्रिसमस गैदरिंग की भी तैयारी की जा रही है।

**गैदरिंग पर तीन बैंगनी व एक पीले रंग का कैंडल जलाया जाता है : सिस्टर लुसिया**

उसुलाईन कॉन्वेंट स्कूल एंड इंटर कॉलेज की सिस्टर लुसिया



मिंज ने बताया कि खीस्त राजा के आगमन के दूसरे सप्ताह से गैदरिंग कर प्रभु का संदेश देना शुरू हो जाता है। साल का कैथोलिक कैलेंडर खत्म हो जाता है और नये वर्ष की तैयारी शुरू हो जाती है। गैदरिंग के अवसर पर उसुलाईन कॉलेज हॉस्टल में चार कैंडल जलाये जाते हैं। इसमें तीन बैंगनी और एक पीला रंग का कैंडल होता है। पीले रंग का कैंडल जलाकर प्रभु ईशु के आगमन की उम्मीद की जाती है। तीन बैंगनी रंग के कैंडल से प्यार-शांति, मनोरंजन और दया का संदेश दिया जाता है। इसके बाद प्रभु ईशु के जन्मदिन के लिए मसीही समुदाय द्वारा चरनी बनाया जाता है।

**प्रभु के आगमन को लेकर चरनी सजायेंगे: सिस्टर जंसिता**

संत अन्ना गर्ल्स हॉस्टल की सिस्टर मेरी जंसिता ने बताया कि खीस्त राजा के आगमन की तैयारी के लेकर कैथेड्रल के मिशनरी समुदाय में काफी उत्साह रहता है। खीस्त राजा के आगमन के पहले सप्ताह छोड़ दूसरे सप्ताह से प्रभु ईशु के आध्यात्मिक ज्ञान के साथ परमेश्वर के अगमन की उम्मीद की जाती है। दूसरे सप्ताह ईश्वर से शांति बनाये रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। तीसरे सप्ताह में खुशी के साथ पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाकर नाचगान करते हैं। जबकि चौथे सप्ताह में पर्व मनाते हैं और प्रभु ईशु मसीह के जन्म को लेकर चरनी सजाते हैं।

**आगमन काल यानी प्रभु येशु के स्वागत का काल: फादर आनंदन**

संत मारिया महागिरजाघर के फादर अनंदन डेविड खलखो ने बताया कि इसाइयों द्वारा दिसंबर माह के चार सप्ताह क्रिसमस की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस समय को आगमन काल कहा जाता है। यह समय प्रभु येशु के स्वागत का होता है। अनंदन डेविड खलखो ने इस बार की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमें हर साल बिशप हाउस से पत्र के माध्यम से दिशानिर्देश मिलता है कि इस बार क्रिसमस कैसे मनाना है। इस साल भी बिशप ने अपील की है कि लोग व्यर्थ पैसे न खर्च करें। पर्यावरण प्रदूषित न हो, इसे देखते हुए लोगों से प्रभु के अगमन के जश्न में पटाखे नहीं जलाने की अपील की गयी है।

**18 को चरनी बनाओ प्रतियोगिता**

फादर अनंदन ने कहा कि क्रिसमस पर इस बार भी क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया है। 18 दिसंबर को चरनी बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। फादर ने बताया कि हर साल यहां लगभग 10 से 15 हजार लोग जुटते हैं। इस साल भी लगभग उतने ही लोगों के जुटने की उम्मीद है।

# कमलदेव गिरि हत्याकांड की सीबीआइ जांच की मांग

### परिजन करेंगे आमरण अनशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** हिंदू नेता कमल देव गिरी की हत्या को लेकर परिजनों ने सीबीआइ जांच की मांग की है। पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये अपराधियों को लेकर परिवार के लोगों ने नाराजगी जतायी है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस सफेदपोश को बचा रही। परिवार की मांग है कि मामले की पूरी जांच सीबीआइ को सौंपी जाये।

**पुलिस की लापरवाही से मारा गया भाई**

शुक्रवार को श्याम नारायण शौंडिक धर्मशाला परिसर में दिवंगत कमल देवगिरी के बड़े भाई उमाशंकर गिरि, फूलनदेव गिरि और बहन पूजा गिरि ने प्रेस वार्ता की। आरोप लगाया कि 2 साल पहले भी मेरे भाई को जान से मारने को धमकी मिली थी। हत्या के 15 दिन पहले भी जान से मारने की धमकी मिली थी और इसकी लिखित शिकायत पुलिस प्रशासन को दी गयी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जिस कारण से मेरे भाई की दिनदहाड़े एक साजिश के तहत हत्या कर दी गयी और हत्या को आपसी रंजिश बताया जा रहा है।

**सीबीआइ जांच नहीं होने तक परिवार करेगा आंदोलन**

परिजनों ने कहा, चक्रधरपुर की जनता भी जानती है कि यह आपसी रंजिश नहीं है, बल्कि एक साजिश के तहत उसकी हत्या किया गया। इसलिए जब तक पूरे मामले की सीबीआइ जांच नहीं होगी, तब तक परिवार शांत नहीं रहेगा।

# किसानों को जल्द मिलेंगे 1163 करोड़ बैंक अकाउंट में जायेगा पैसा : बादल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार अपने हिस्से का राज्यांश देने को तैयार है, बशर्ते बीमा कंपनियां अपनी तरफ से शपथ पत्र दें। उक्त बात राज्य के कृषि मंत्री बादल ने भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सीइओ रितेश चौहान और इंश्योरेंस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ हो रही बैठक में नेपाल हाउस स्थित सभागार में कहीं। मंत्री बादल ने कहा कि राज्य सरकार बीमा कंपनियों को लगातार 2015-16 से राशि तो दे रही है, पर किसानों को उस मात्रा में इंश्योरेंस का लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसे में बीमा कंपनियों के द्वारा जैसे ही शपथ पत्र दिया जायेगा, राज्य सरकार अपने हिस्से की राशि तुरंत रिलीज कर देगी, इसे लेकर केंद्र सरकार से आयी टीम ने स्पष्ट तौर से बीमा कंपनियों को शपथ पत्र देने के निर्देश दे दिये हैं। कृषि मंत्री ने इसके बाद विभागीय सचिव अबूबकर सिद्दीक से कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा से जुड़ी इंश्योरेंस कंपनियों को राज्यांश की राशि देने की पहल करे, राज्यांश और केंद्रांश की राशि मिलते ही प्रभावित किसानों को क्लेम की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी जायेगी। उन्होंने केन्द्र सरकार के प्रतिनिधियों से कहा कि राज्य में किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए बीमा कंपनियों के द्वारा किसानों के लंबे दावे का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य के बिरसा किसानों के प्रति म्मुख्यमंत्री काफी संवेदनशील हैं और योजनाओं को क्षेत्रीय स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है।



## इंश्योरेंस कंपनियां किसानों के लंबित 811 करोड़ के दावे का करेंगी भुगतान : सीइओ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सीईओ श्री रितेश चौहान ने कहा कि भारत सरकार पूरे देश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। झारखंड के किसान जो पीएम फसल बीमा योजना के तहत रजिस्टर्ड हैं तथा जिनका 2017 18 से 2020 तक का क्लेम सेटलमेंट नहीं हुआ है, उन किसानों को जल्द ही क्लैम का भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य सरकार के द्वारा जैसे ही राशि रिलीज की जाएगी इंश्योरेंस कंपनियां किसानों के लंबित दावे 811 करोड़ की राशि का भुगतान 7 दिनों के अंदर करेगी। उन्होंने बताया कि किसानों को भुगतान पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा और लापरवाही बरतने वाली कंपनी के उपर पैनाल्टी लगाने का प्रावधान भी किया गया है। यह भी तय किया गया कि सभी इंश्योरेंस कंपनियां राज्य सरकार को शपथ पत्र देंगी। केंद्रांश और राज्यांश की राशि मिलने के सात दिनों के अंदर सभी किसानों के क्लैम का भुगतान उनके बैंक एकाउंट में कर दिया जायेगा।

कृषि मंत्री नेकहा कि झारखंड के किसानों के लिए यह खुशी की बात होगी कि उन्हें जल्द ही बीमा की राशि मिल जायेगी। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियां हमारे किसानों को 811 करोड़ रुपये रिलीज करने को तैयार हो गयी है। राज्य सरकार भी 352 करोड़ राज्यांश देने को तैयार है। इस तरह कुल 1163 करोड़ जल्द मिलेंगे। अन्य प्रदेशों की तरह तकनीक का सहारा लिया जायेगा। ऐसा करने पर प्रीमियम भी कम आयेगा। उन्होंने कहा कि यह बिरसा का प्रदेश है, बिरसा किसानों के हित में जो भी केंद्र सरकार सहयोग करेगी राज्य सरकार भी पूरी तत्परता के साथ काम करने को तैयार है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा क्लेम को लेकर कुछ आशंकाएं थीं। उस वक्त एक कंपनी को छोड़ कर किसी भी कंपनी ने क्लेम का भुगतान नहीं किया था।

बीमा कंपनियों से झारखंड सरकार के बीच क्लेम को लेकर जो विवाद था, बैठक के माध्यम से सुलझा लिया गया है। अब कंपनियां शपथ पत्र देने को तैयार हो गयी हैं। इन सब बातों को मुख्यमंत्री के सामने रखा जायेगा।

बैठक में मुख्य रूप से कृषि सचिव अबू बकर सिद्दिकी, सहकारिता निबंधक मृत्युंजय वर्णवाल, ज्वाइंट सेक्रेट्री गोपालजी तिवारी विशेष सचिव प्रदीप हजारे केंद्र सरकार की ओर से असिस्टेंट कमिश्नरसुनील कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का अल्टीमेटम

# सरकार बिजली दे नहीं तो बंद हो जायेंगे छोटे उद्योग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोकर स्थित झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन अध्यक्ष अंजन पचेरिवाला ने कहा कि बिजली की कमी के कारण लघु उद्योग बंद होने के कगार पर है। राज्यभर में 25 हजार स्मॉल इंडस्ट्रीज हैं जिन्हें बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। हालत यह है कि रांची जैसे राजधानी क्षेत्र में जेनरेटर के भरोसे स्मॉल इंडस्ट्रीज का काम चल रहा है। ऐसे में कितना दिन हम लघु उद्योग को चला पायेंगे यह समझना होगा। हम बाजार की मांग को पूरा करने के लिए जेनरेटर का सहारा लेते हैं जिसके कारण लागत खर्च चार गुणा बढ़ जाता है।



**जेबीवीएनएल बन चूका है सफेद हाथी:** जेबीवीएनएल के कामकाज पर नाराजगी जताते हुए एसोसिएशन अध्यक्ष अंजन पचेरिवाला ने कहा कि डीवीसी एवं जुस्को आदि के द्वारा बिजली ठीकठाक दी जा रही है, मगर जेबीवीएनएल की स्थिति बेहद ही खराब है. शहर की बात तो दूर ग्रामीण क्षेत्र की भी स्थिति और भी ज्यादा भयावह है। बिजली के अभाव में ग्रामीण रोजगार के साधन निरंतर कम हो रहे हैं और लोग पलायन करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही ह।. डीवीसी में जहां पावर लॉस डेढ प्रतिशत है जबकि हमारा जेबीवीएनएल का पावर लॉस 15 प्रतिशत के करीब है, जिस वजह से अब तक पचास हजार करोड़ की क्षति हो चुकी है।सरकार से इस समस्या का गंभीरता से समाधान करने की मांग करते हुए एसोसिएशन ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि यही स्थिति रही तो निवेशक कैसे झारखंड आयेंगे यह सोचना होगा। एक तरफ मुख्यमंत्री रोड शो कर निवेशक को आकर्षित करने में लगे हैं। वहीं, दूसरी ओर बिजली जो किसी भी इंडस्ट्री के लिए बैकबोन होता है वही झारखंड में नहीं मिल पा रहा है। जेबीवीएनएल के भरोसे राज्य का विकास असंभव है। एसोसिएशन का मानना है कि विद्युत व्यवस्था को पेशेवर यानी प्रोफेशनल के हाथों में सौंप दिया जाये, जिससे वार्षिक 1500 करोड़ रुपये का नुकसान बंद हो जाएगा और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली भी मिलेगी और निर्बाध बिजली व्यवस्था का सपना राज्य में साकार होगा। बिजली मिलेगी तो नये रोजगार के साधन आयेंगे राज्य का राजस्व बढ़ेगा और चौतरफा विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

# इक्फाई विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह आज

## संस्कारयुक्त और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना इक्फाई विश्वविद्यालय का मुख्य लक्ष्य : प्रो ओआरएस राव

- राज्यपाल रमेश बैस होंगे मुख्य अतिथि
- 139 छात्रों को दी जायेगी डिग्री
- सात छात्रों को मिलेगी पीएचडी की उपाधि
- नौ छात्रों को गोल्ड व नौ को मिलेगा सिल्वर मेडल




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड का तीसरा दीक्षांत समारोह तीन दिसंबर (शनिवार) को अपराह्न दो बजे से आर्यभट्ट सभागार, मोरहाबादी में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय, सिटिंग जज, झारखंड उच्च न्यायालय और प्रभारी न्यायाधीश, नेशनल यूनिवर्सिटी फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च इन लॉ, होंगे। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2022 में स्नातक करने वाले 139 छात्रों को डिग्री प्रदान की जायेगी। इसमें सात पीएचडी डिग्री शामिल हैं। वहीं, 9 छात्रों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए गोल्ड मेडल और 9 को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को इक्फाई विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कुलपति प्रो ओआरएस राव ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने स्थापना काल से ही इक्फाई विश्वविद्यालय गुणवत्तायुक्त और संस्कारयुक्त शिक्षा देने के प्रति कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि इक्फाई विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र देश के विभिन्न नामी-गिरामी कंपनियों में कार्यरत हैं। यहां से डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हो, इस दिशा में भी विश्वविद्यालय प्रबंधन सतत प्रयासरत रहता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की जरूरतों और रोजगारपरक शिक्षा के बढ़ते दायरे को देखते हुए अगले सत्र से कई नये पाठ्यक्रमों की भी शुरुआत की जायेगी।

प्रो राव ने बताया कि निजी विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप इक्फाई विश्वविद्यालय सभी पैमाने पर खरा उतर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्या दान योजना के तहत आसपास के ग्रामीणों को शिक्षित करने की दिशा में भी पहल की गयी है, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्रों के लिए शिक्षण शुल्क में विशेष रूप से रियायत की सुविधा उपलब्ध है। इससे झारखंड के प्रतिभावान छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। प्रेस वार्ता में इक्फाई विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो अरविंद कुमार,असिस्टेंट डीन बी बारीक सहित अन्य मौजूद थे।

**अनुस्मरण-2022 का आयोजन शाम साढ़े छह बजे से :** इक्फाई विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों की बैठक (अनुस्मरण-2022) तीन दिसंबर 2022 (शनिवार) को शाम 6.30 बजे काव्स रेस्टोरेंट, हरमू रोड, रांची में आयोजित की जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए सभी पूर्ववर्ती छात्रों को विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से आमंत्रित किया गया है।

# बॉक्साइट, एल्युमिना और एल्युमीनियम उत्पादन में ओड़िशा अव्वल : डॉ चांद

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** डॉ टीके चांद अध्यक्ष वेदांता एल्युमिनियम और पूर्व सीएमडी नालको ने एमआइओ 2022 कॉन्क्लेव में कहा कि ओड़िशा बॉक्साइट में अव्वल, एल्यूमिना में अव्वल, एल्युमीनियम उत्पादन में अव्वल और डाउनस्ट्रीम और सहायक पर इस एमआइओ कॉन्क्लेव के साथ ओड़िशा डाउनस्ट्रीम उत्पादन में भी आवल स्थान पर होगा। एमआइओ कॉन्क्लेव मेटल डाउनस्ट्रीम और सहायक उद्योग के दूसरे दिन एक सेक्टोरियल सेसन के रूप में 10 से अधिक शीर्ष उद्योग के नेताओं ने उद्योग पति, नीति निर्माताओं, निवेशकों और कई अन्य लोगों की एक विशाल सभा को संबोधित किया। सत्र को उद्योग, ऊर्जा और एमएसएमइ के मंत्री प्रताप केसरी देव ने संबोधित किया, जिन्होंने निवेशकों को ओड़िशा में डाउनस्ट्रीम यूनिट में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।



प्रमुख सचिव उद्योग हेमंत शर्मा ने विस्तृत रूप से बताया कि क्यों निवेशकों को ओडिशा में डाउनस्ट्रीम उद्योगों में निवेश करना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि हब, क्लस्टर और पार्कों पर सरकार के फोकस को हरी झंडी दिखायी। उन्होंने अंगुल एल्युमिनियम पार्क और वेदांता एल्युमीनियम पार्क का उल्लेख किया और एमएसएमई से अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस संबंध में मंत्री और मुख्य सचिव उद्योग को डॉ टीके चांद द्वारा लिखित एल्युमिनियम-द फ्यूचर मेटल पर पुस्तक भेंट की गयी।

मंत्री और मुख्य सचिव उद्योग दोनों ने एल्युमीनियम अनुप्रयोगों के बारे में जागरूकता पैदा करने और एमएसएमइ को प्रोत्साहित करने और एल्युमीनियम पार्कों में उद्योग स्थापित करने के लिए स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए डॉ चांद की सराहना की।

डॉ चांद ने अपने संबोधन में बताया कि ओडिशा बॉक्साइट में अव्वल, एल्युमिना में अव्वल और एल्युमीनियम उत्पादन में अव्वल स्थान पर है और यह जल्द ही डाउनस्ट्रीम एल्युमीनियम उत्पादों में पहले स्थान पर होगा। उन्होंने सम्मेलन के पहले दिन 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्राप्त करने में सफलता के लिए राज्य सरकार को बधाई भी दी। उन्होंने उन निवेशकों को आमंत्रित किया, जो झारसुगुड़ा एल्युमिनियम पार्क में निवेश करने के लिए एक्सपोट और उच्च तकनीक वाली यूनिट स्थापित करना चाहते हैं। अंगुल एल्युमीनियम पार्क और झारसुगुडा एल्युमीनियम पार्क को रेखांकित करते हुए केबल, एक्सट्रूजन आइटम, एल्युमिनियम पाउडर, फॉइल, पैकेजिंग सामग्री आदि के निर्माण में नये निवेशकों के लिए उपयुक्त हैं।

## विजय कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के उप सचिव का दायित्व संभाला

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और अवर सचिव स्वास्थ्य विभाग विजय कुमार को 20 जून की अधिसूचना के अनुसार अपर समाहर्ता एवं समकक्ष कोटि में प्रमोशन दिये जाने के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग में उप सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

## यात्री किराये से रेल राजस्व में 76 प्रतिशत की वृद्धि

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** अप्रैल से नवंबर 2022 के दौरान भारतीय रेलवे का कुल अनुमानित राजस्व पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 76 प्रतिशत बढ़कर 43,324 करोड़ रुपये हो गया है. पिछले साल इसी अवधि में रेलवे का राजस्व 24,631 करोड़ रुपये था। 1 अप्रैल से 30 नवंबर 2022 के बीच आरक्षित श्रेणी में बुक किए गए यात्रियों की कुल अनुमानित संख्या 5365 लाख थी, जो पिछले साल इस अवधि के दौरान बुक किए गए यात्रियों की संख्या से 10 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में यात्रियों की संख्या 4860 लाख थी। आरक्षित वर्ग से एक अप्रैल से 30 नवम्बर 2022 तक 34303 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है। यह पिछले साल की तुलना में इस बार 50 फीसदी ज्यादा है।

# आने वाले दिनों में सुरक्षा और मरम्मत कार्य की योजना बना रहा पूर्व तट रेलवे



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों को देखते हुए यात्रियों की सुविधा को प्रभावित किए बिना तत्काल मरम्मत और रखरखाव कार्य करने के लिए सक्रिय कदम उठाने की योजना बनायी गयी है। सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों में पुराने पुलों की मरम्मत; लेवल क्रॉसिंग को परिवर्तित करके सीमित ऊंचाई वाले सब-वे (एलएचएस) की स्थापना; दोहरीकरण/तीसरी लाइन के कार्यों आदि को चालू करने के लिए पटरियों की इंटर लॉकिंग ये सभी सुरक्षा शामिल हैं।

पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसलिए ट्रेनों को कम से कम रद्द करने की योजना बनायी जा रही है। ट्रेनों को रीशेड्यूल करने या उन्हें निकटतम गंतव्यों तक ले जाने के लिए अधिक से अधिक प्रयास किये जा रहे हैं जहां अधिक से अधिक यात्री जा सकें। इसे ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण या शॉर्ट टर्मिनेशन कहा जाता है। अगले दो महीनों में विभिन्न रेलवे सेक्शनों में संरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों की योजना बनाई गई है। रविवार को अंगुल-संबलपुर रेलवे सेक्शन में सीमित ऊंचाई वाले सब-वे और ट्रैक लिंकिंग कार्य की योजना बनायी गयी है। इसी तरह गुरुवार को पलासा-विजयनगरम रेलवे खंड में पुराने गर्डरों को बदलकर नये गर्डरों को लगाने की योजना बनायी गयी है। इसके अलावा टिटिलागड-रायपुर रेल खंड में मंगलवार व शनिवार को भी संरक्षा संबंधी कार्यों की योजना बनायी गयी है।

पूर्व तट रेलवे द्वारा अग्रिम योजना यात्रियों की सुविधा पर केंद्रित है। विभिन्न रेल खंडों में आधुनिकीकरण कार्यों का वितरण अलग-अलग दिनों में किया गया है। पूर्व तट रेलवे इस तरह की जानकारी पहले से उपलब्ध कराने पर काम कर रहा है, ताकि यात्री तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बना सकें।

# एनटीपीसी का विकास पथ जारी

## नवंबर 22 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन का रिकॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी कोयला खनन कोयला उत्पादन बढ़ाने और एनटीपीसी के बिजली संयंत्रों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण ईंधन आपूर्ति की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 8.27 मिलियन मीट्रिक टन कोयले के उत्पादन की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में नवंबर 22 तक 12.24 मिलियन मीट्रिक टन के कोयले के उत्पादन के साथ, एनटीपीसी ने साल-दर-साल उत्पादन में 48% की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। चार परिचालन कोयला खदानें अर्थात।, पकरी-बरवाडीह (झारखंड), चट्टी बरियातू (झारखंड), दुलंगा (ओडिशा) और तलाईपल्ली (छत्तीसगढ़) ने स्थापना के बाद से नवंबर'22 में 20.47 लाख मीट्रिक टन के उच्चतम मासिक कोयला उत्पादन को पूरा करने में योगदान दिया है। नवंबर 22 में सबसे आगे बढ़ कर, पकरी बरवाडीह कोयला खदान ने शुरूआत के एक महीने के लिए अब तक का सबसे अधिक 12.24 लाख मीट्रिक टन कोयला उत्पादन हासिल किया है। अब तक, कैप्टिव खदानों ने एनटीपीसी के 22 से अधिक बिजली संयंत्रों को 58.42 मिलियन मीट्रिक टन कोयले की आपूर्ति की है। इस कोयला उत्पादन के साथ-साथ एनटीपीसी ने 83.49 लाख क्यूबिक मीटर का अब तक का सर्वाधिक मासिक ओवरबर्डन रिमूवल भी हासिल किया है।

एनटीपीसी कोयला खनन की प्रसिद्ध यात्रा ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आंदोलन, आदि के असंख्य बाधाओं को दुर्जेय नेतृत्व, उत्साही कार्यबल, और जिला और राज्य प्रशासन के संरक्षण के साथ पार कर लिया है। समर्थन के कारण, 21 नवंबर, 2022 को, ठळढउ ने छत्तीसगढ़ में लारा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए अपनी तलाईपल्ली खदान से समर्पित मेरी-गो-राउंड प्रणाली के माध्यम से कोयला परिवहन शुरू किया है। यह 65 किलोमीटर लंबा एमजीआर पहाड़ी इलाकों और वन क्षेत्रों में कई गांवों से होकर गुजरता है। इंजीनियरिंग का यह चमत्कार सुचारू, पर्यावरण के अनुकूल और निर्बाध कोयला परिवहन को बनाये रखने में सक्षम होगा।

15 नवंबर, 2022 को एनटीपीसी की चट्टी-बरियातू खदान ने एनटीपीसी के उत्तरी करनपुरा थर्मल पावर प्लांट को अपना पहला कोयला भेजा। आसपास के क्षेत्र से कोयले की उपलब्धता से सस्ती बिजली उत्पादन हो सकेगा और उत्पादित बिजली का 25% झारखंड राज्य के लिए आवंटित किया जायेगा।

एनटीपीसी सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल खानों के लिए उद्योग बेंचमार्क स्थापित करने पर उतारू है। ई-एसएमपी (डिजिटल सुरक्षा प्रबंधन योजना) के इन-हाउस विकास और एनटीपीसी की सभी कोयला खदानों में इसके सफल कार्यान्वयन के बाद, एकीकृत कोयला प्रबंधन प्रणाली और सुरक्षा मोबाइल ऐप जैसी परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। कार्य क्षेत्र धूल दमन और जल छिड़काव प्रणालियों से सुसज्जित हैं। उत्सर्जन, एसओएक्स, एनओएक्स, पार्टिकुलेट मैटर्स आदि की निगरानी लगातार की जा रही है और सभी उपलब्ध अवसरों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। बिजली से चलने वाली हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी एचईएमएम को भी खदानों में लगाया गया है। जैसा कि बुद्धिमान पुरुष कहते हैं - निरंतरता वह है जो औसत को उत्कृष्टता में बदल देती है।

एनटीपीसी कोल माइनिंग ने सभी बाधाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया है और हितधारकों को सस्ती और निर्बाध बिजली की डिलीवरी के लिए अपने बिजली संयंत्रों को लगातार गुणवत्ता और आकार के कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करना जारी रखेगी।

# जी-20 की अध्यक्षता से बढ़ा भारत का कद

जी-20 की अपनी अध्यक्षता शुरू करने से पहले ही पीएम नरेंद्र मोदी ने यह साफ कर दिया कि भारत इस दौरान दुनिया में एकता की सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देगा। उन्होंने फिर से कहा कि यह युद्ध का युग नहीं है। भारत गुरुवार से अगले साल नवंबर तक के लिए जी-20 का अध्यक्ष बना है। आज दुनिया भारत को उम्मीद की नजर से देख रही है तो वह यूं ही नहीं है। चाहे कोरोना वैक्सिनेशन का मामला हो या यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद के हालात, वैश्विक मंच पर भारत की हैसियत लगातार बढ़ी है। भारत लगातार विकासशील और गरीब देशों की ओर से आवाज उठा रहा है। मोदी कह चुके हैं कि भारत अपनी जी-20 प्राथमिकताओं को दुनिया के दक्षिणी हिस्से के उन साथी देशों के भी परामर्श से निर्धारित करेगा, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती हैं। भारत की हैसियत इसलिए भी बढ़ी है कि उसने महाशक्तियों की राजनीति से खुद को बचाते हुए हमेशा आर्थिक और मानवीय विकास पर फोकस बनाए रखा है। आज जब दुनिया के कई देश मंदी से घिरे हैं, तब भारत इस वित्त वर्ष में लगभग सात फीसदी की ग्रोथ हासिल करने जा रहा है। क्लाइमेट चेंज से लड़ाई में भारत ने ग्लोबल लीडरशिप दिखाई है। लेकिन उसने जी-20 की अध्यक्षता ऐसे वक्त में संभाली है, जब दुनिया जबरदस्त संकट से गुजर रही है। जी-20 के 19 सदस्य देशों में से तीन में मुद्रास्फीति की दर 10 फीसदी से अधिक है तो 7 में यह 7.5 से 10 प्रतिशत के बीच है। यूक्रेन युद्ध के चलते ऊर्जा और फूड चेन की हालत भी इस समय बेहद खराब हो चुकी है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए बातचीत की अपील कर चुके हैं। बाली में हुई जी-20 की पिछली बैठक में चीन को भी आखिरकार यही बात कहनी पड़ी, जिसे पीएम मोदी ने शंघाई को-ऑपरेशन समिट से ही कहना शुरू कर दिया था और जिसे वल्दाई फोरम में रूस ने समझा था। बाली समिट में भारत की कोशिशों से ही साझा बयान जारी हो पाया। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के पास ग्लोबल अजेंडा तय करने का मौका है और सरकार की योजना भी ऐसी ही लग रही है। वह पहले ही दुनिया की पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत बन चुका है और इस दशक के खत्म होने से पहले चीन, अमेरिका के बाद तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। इसलिए इसमें जरा भी संदेह नहीं है कि भारत की बात दुनिया ध्यान से सुनेगी। अपनी स्वतंत्र विदेश नीति की वजह से उसकी साख दशकों से बनी हुई है और इधर वह और मजबूत हुई है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान उसकी प्राथमिकता क्या होगी। पीएम मोदी समग्र मानवता के कल्याण के लिए कोशिश करने का इरादा जता चुके हैं। वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र देने वाले भारत की यही परंपरा भी रही है।

**भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान उसकी प्राथमिकता क्या होगी। पीएम मोदी समग्र मानवता के कल्याण के लिए कोशिश करने का इरादा जता चुके हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान डब्ल्यू-20 चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा। जमीनी स्तर पर महिलाओं का नेतृत्व निर्माण। महिला उद्यमिता। महिलाओं और पुरुषों में डिजिटल डिवाइड को दूर करना। शिक्षा और कौशल विकास के जरिए रास्ते बनाना। इन प्राथमिकताओं को रेखांकित करने के लिए डब्ल्यू-20 की रणनीति के अंतर्गत 4 सी दृष्टिकोण - मिल कर कार्य करना, सहयोग करना, वार्ता करना और सर्वसम्मति कायम करना तथा कार्रवाई करने का आह्वान शामिल होगा।**

# जी-20 भारत : महिलाओं के लिए समान और निष्पक्ष समाज बनाने का आह्वान

**डॉ संध्या पुरेचा/धारित्री पटनायक**




वूमन 20 (डब्ल्यू -20) एक आधिकारिक जी-20 कार्य समूह (या इंगेजमेंट ग्रुप) है, जिसकी स्थापना 2015 में तुर्की की अध्यक्षता के दौरान की गयी थी। इसका उद्देश्य महिलाओं से संबंधित सरोकारों का जी-20 के विमर्शों में समावेशन और जी-20 नेताओं के घोषणा पत्र में नीतियों और प्रतिबद्धताओं के रूप में परिलक्षण सुनिश्चित करना है, जो महिलाओं और पुरुषों में समानता और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहन दे सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने महिलाओं के लिए सहयोगपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। डब्ल्यू-20 इंडिया, जी-20 की भारत की अध्यक्षता को समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्य-उन्मुख बनाने के संबंध में प्रधानमंत्री के विजन को आगे ले जाने का प्रयास करेगा। भारत अगले एक वर्ष में यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि प्रधानमंत्री की योजना के अनुसार, नए विचारों की परिकल्पना करने और सामूहिक कार्रवाई में तेजी लाने के लिए जी-20 वैश्विक स्तर पर 'प्रमुख प्रवर्तक' के रूप में कार्य करे।

**वर्तमान में कम डिमांड में भी राज्य करीब 500 मेगावाट की दैनिक औसत कमी से जूझ रहा है।**

डब्ल्यू -20 इंडिया का विजन एक ऐसे समान और निष्पक्ष समाज का निर्माण करना है, जिसमें महिलाएं गरिमापूर्ण तरीके से रह सकें। इस उद्देश्य को हासिल करने में सहायता करने के लिए हमारा मिशन महिलाओं के नेतृत्व में विकास की समस्त बाधाओं को दूर करने तथा महिलाओं के लिए सहयोगपूर्ण वातावरण और इकोसिस्टम सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करता है, ताकि महिलाएं समृद्ध बन सकें, श्रेष्ठ बन सकें तथा अपने साथ ही साथ अन्य लोगों के जीवन में भी बदलाव ला सकें। यह कार्य समूह कार्रवाई योग्य एवं प्रभावपूर्ण वक्तव्य तैयार करने के लिए हितधारकों के साथ समावेशी विचार-विमर्श को सुगम बनायेगा। इसके अलावा, यह वैविध्यपूर्ण और अंतरवर्गीय हितों के संपूर्ण प्रतिनिधित्व की जरूरत को सबसे आगे रखते हुए डब्ल्यू-20 की सिफरिशों को जी-20 वार्ताओं- और अंततः जी-20 नेताओं के घोषणापत्र तक पहुंचाएगा। हमारा उत्तरदायित्व है कि हम महिला उद्यमियों के साथ जी-20 की सक्रिय संबद्धता बढ़ाते हुए और महिला-पुरुष समानता को बढ़ावा देने वाली नीतियों के प्रति संकल्पबद्धताओं को रेखांकित करते हुए महिलाओं की प्रमुख समस्याओं के बारे में सर्वसम्?मति कायम करें। एक समूह होने के नाते, हम अध्यक्षताओं के बीच डब्ल्यू-20 एजेंडे की निरंतरता सुनिश्चित करते हुए सशक्त डब्ल्यू-20 के वैश्विक और राष्ट्रीय नेटवर्क की स्थापना करने की दिशा में प्रयासरत हैं।

जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान डब्ल्यू-20 चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा। जमीनी स्तर पर महिलाओं का नेतृत्व निर्माण। महिला उद्यमिता। महिलाओं और पुरुषों में डिजिटल डिवाइड को दूर करना। शिक्षा और कौशल विकास के जरिए रास्ते बनाना। इन प्राथमिकताओं को रेखांकित करने के लिए डब्ल्यू-20 की रणनीति के अंतर्गत 4 सी दृष्टिकोण - मिल कर कार्य करना, सहयोग करना, वार्ता करना और सर्वसम्मति कायम करना तथा कार्रवाई करने का आह्वान शामिल होगा। हम महिलाओं की समस्याओं से संबंधित विविध हितधारकों को समाविष्ट, शामिल और संलग्न करेंगे।

**हितधारक :** हमारे प्राथमिक हितधारकों में जमीनी स्तर की जनजातीय, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं के साथ ही साथ खेती-बाड़ी करने वाली, अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाली, कारीगर और हथकरघा तथा हस्तशिल्प क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं, महिला उद्यमी, आंगनवाड़ी कामगार और पीआरआइ आदि शामिल हैं। डब्ल्यू-20 अपने विद्यार्थी आउटरीच कार्यक्रमों के लिए अकादमिक और अनुसंधान संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करेगा, साथ ही साथ श्वेत पत्र, नीतिगत सारांश और अनुसंधान पत्र जैसे जानकारी देने वाले दस्तावेज (नॉलेज प्रोडक्ट) तैयार करेगा। डब्ल्यू-20 को चर्चा का समावेशी और वैविध्यपूर्ण मंच बनाने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महिला सिविल सोसायटी फोरम, स्थानीय गैर सरकारी संगठन, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां, आईएलओ, वाणिज्य मंडल आदि को शामिल किया जायेगा।

**जन आंदोलन एवं जन जागृति; गली टू दिल्ली :** गांवों और शहरों में सिलसिलेवार बैठकों और कार्यक्रमों के जरिए, डब्ल्यू -20 समाज के सभी वर्गों की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। डब्ल्यू-20 के बारे में जागरूकता फैलाने और कार्य समूह द्वारा तैयार किए जाने वाले नीतिगत सारांशों और वक्तव्यों में नागरिकों की आवाज को शामिल करने के लिए गांवों में चौपाल की बैठकें आयोजित की जायेंगी। प्रस्ताव पारित करने के लक्ष्य के साथ ग्राम सभा के स्तरों पर बैठकें की जायेंगी, जिससे ग्राम स्तर पर सहयोगपूर्ण वातावरण सुनिश्चित होगा। इसके अलावा डब्ल्यू-20 के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के समर्थन में देश भर में पोस्ट कार्ड अभियान चलाये जायेंगे, जो बदले में नीति निमार्ताओं और नीतिगत परिणामों को प्रभावित करेंगे। इसके अलावा, भारत की समृ?द्ध संस्कृति और धरोहर को दशार्ने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ बड़े पैमाने पर चार विश्व-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इनमें शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियां, साथ ही साथ नेनो उद्यमियों और स्थानीय व्यंजनों की प्रस्तुति सहित हथकरघा और हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया जायेगा। प्रथम बैठक 13-15 फरवरी, 2023 को औरंगाबाद में आयोजित होगी।

**महिला उद्यमिता :** डब्ल्यू-20 का एजेंडा, विशेष तौर पर लक्ष्य 8.3 (एसडीजी) में उद्यमिता और गरिमापूर्ण कार्य के महत्व को मान्यता देता है, जिसमें कहा गया है - उपयोगी गतिविधियों, गरिमापूर्ण रोजगार के सृजन, उद्यमिता, रचनात्मकता और नवाचार में सहायता देने वाली तथा सूक्ष्म, लघु और मझौले आकार के उद्यमों की स्थापना और विकास को प्रोत्साहन देने वाली वित्तीय सेवाओं तक पहुंच के जरिए विकासोन्मुखी नीतियों को बढ़ावादेना। डब्ल्यू-20 उद्यमियों, स्टार्टअप यूनिकॉर्न, नेनो और सूक्ष्म उद्यमियों के साथ संवाद और परामर्श करेगा और उनकी सिफारिशों को रेखांकित करेगा।

**वैश्विक सर्वसम्मति बनाना :** महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, विश?व में निवेश, बडे.उभरते बाजारों, प्रतिभाशाली समूहों और जनसांख्यिकीय लाभांश के सर्वाधिक आशाजनक क्षेत्रों में से एक है, जिसका उपयोग किया जाना बाकी है। डब्ल्यू-20 सुशासन, आर्थिक विकास, गरीबी और भूख मिटाने, खाद्य सुरक्षा और सबके लिए पोषण हासिल करने, सतत उपभोग और उत्पादन की परिपाटियों, पर्यावरणीय टिकाऊपन को प्राथमिकता देने तथा समग्र रूप से एसडीजी हासिल करने में फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर वैश्विक सर्वसम्मति बनाने का कार्य करेगा।

व्यापार, सरकार, महिला और सिविल सोसायटी सहित समस्त हितधारकों के लिए कार्रवाई करने के सार्वभौमिक आह्वान के रूप में डब्ल्यू-20 एजेंडा साझा प्रयासों के लिए प्राथमिकताएं स्पष्ट करता है, ताकि हाशिए पर मौजूद वर्गों की महिलाओं समेत समस्त महिलाएं आर्थिक वृद्धि और विकास के लाभ साझा कर सकें, कोई भी पीछे छूटने न पाये। डब्ल्यू-20, जी-20 और डब्ल्यू-20 त्रोइका पर ध्यान केंद्रित करेगा और डब्ल्यू-20 की प्राथमिकताओं और कार्य की निरंतरता सुनिश्चित करेगा।

**रोल मॉडल और महिला मार्गदर्शक :** महिलाओं ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और अनेक क्षेत्रों की उपलब्धियों में अपार योगदान दिया है। डब्ल्यू-20 महिलाओं को कुछ हासिल करने के लिए प्रेरित करने में समर्थ रोल मॉडलों की पहचान करेगा।

**सरकार और सिविल सोसायटी की परिवर्तनकारी योजनाएं और कार्यपद्धतियां :** महिलाओं के लिए काम करने वाले गवर्नेंस के मॉडलों को समझने के लिए सरकारी योजनाओं का विश्लेषण करना डब्ल्यू-20 की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। उदाहरण के लिए, मध्य प्रदेश की लाडली लक्ष्मी योजना का उपयोग सरकार और सिविल सोसायटी की अच्छी कार्यपद्धतियों को दर्शाने के लिए एक केस-स्टडी के रूप में किया जा सकता है।

**(डॉ संध्या पुरेचा, अध्यक्ष के रूप में डब्ल्यू-20 कार्य समूह की अगुवाई कर रही हैं। इस कार्यसमूह में भारतीय प्रतिनिधियों/प्रतिभागियों के रूप शामिल प्रमुख महिलाओं में डॉ ज्योति किरण शुक्ला, प्रो शमिका रवि, भारती घोष, रवीना टंडन और डब्ल्यू-20 सचिवालय (फिक्की एफएलओ) की मुख्य समन्वयक के रूप में धारित्री पटनायक शामिल हैं। अमूल इस कार्य समूह का संस्थागत साझेदार है।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# ग्रामीणों के हंगामे के बाद हाइवा जब्त, चालक हिरासत में, 72 घंटे में मुआवजा देने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गालूडीह।** गालूडीह थाना क्षेत्र के उल्दा गांव स्थित धर्म कांटा के समीप पिछले 29 नवंबर की रात दुर्घटना में टाटा स्टील के ठेका कर्मी की मौत को लेकर गालूडीह थाना में चौथे दिन भी गतिरोध जारी रहा। मृतक के परिवार संग गालूडीह थाना पहुंचे पार्षद देवजानी मुर्मू, मुखिया तारामोनी मुंडा, पंसस सरस्वती सोरेन,सपन मुंडा व ग्रामीणो के हंगामा के बाद पुलिस जगन्नाथपुर स्टेडियम के पास खड़े हाइवा (जेएच05सीजी 3176) को जब्त कर थाना लेकर आई। वहीं हाईवा चालक अजित कुमार को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक के परिजनों के साथ गालूडीह थाना पहुंचे ग्रामीणों के भीड़ को देखते हुए थाना परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। भीड़ होने की सूचना पर एसडीपीओ कुलदीप टोप्पो, इंस्पेक्टर संदीप रंजन गालूडीह थाना पहुंचे थे। सड़क दुर्घटना में मौत हुए विकास गोराई एवं पिंटू टुडू के परिजनों से बात की गयी। जांच के बाद वाहन मालिक से मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया गया। वहीं मृतकों के परिवारों को 72 घंटा के भीतर हाइवा मालिक से उचित मुआवजा दिलवाने को लेकर घाटशिला झामुमो कमेटी के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी के नाम गालूडीह थाना प्रभारी को रोशन खाखा को ज्ञापन सौंपा।

झामुमो प्रखंड अध्यक्ष वकील हेम्ब्रम ने एसडीपीओ व थाना प्रभारी से वार्ता की। उन्होंने मृतक परिवार द्वारा विधायक रामदास सोरेन को आवेदन देकर कहा कि उल्दा के पास विपरीत दिशा से आ रहा स्लैग ढुलाई हाइवा द्वारा बाइक सवार विकास गोराई व पिंटू टुडू को कुचल दिया गया, जिससे दोनों की मौत हो गयी। 72 घंटा के अंदर मुआवजा दिलाया जाय, वरना स्लैग डंपिंग के मुख्य द्वार को झामुमो बंद कर ताला जड़ देगा। घटना के सूचना पर गोरेई तेली समाज की ओर से प्रतिनिधि स्वरूप संजय गोराई, सुनील गोराई गालूडीह थाना पहुंचे थे। थाना में एसडीपिओ कुलदीप टोप्पो टोपो, थाना प्रभारी रोशन खाखा से मिलकर उचित कार्रवाई कर मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाने का मांग की है।

### गलत दिशा में चलनेवाले वाहनों की होगी धर-पकड़ : एसडीपीओ

**गालूडीह थाना पहुंचा राजनीतिक दल के नेता एवं ग्रामीणों ने एसडीपीओ से कहा एनएच पर गलत दिशा में चलने वाला हाईवा पर कारवाई करें पुलिस। ग्रामीण व राजनीतिक नेता को आश्वस्त करते हुए कहा कल से ही गलत दिशा में कोई भी वाहन, बाइक, बिना हेलमेट वाला चालक पर कार्रवाई होगा, पर कोई भी नेता या प्रतिनिधि पैरवी नहीं कर करेंगे, पैरवी नहीं सुनी जायेगी।**

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी, लोगों में आक्रोश

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**कपाली।** सरायकेला खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत अलकबीर रोड में तेज गति से आ रहे अनियंत्रित अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गुरुवार की घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस घयाल को इलाज के लिए अस्पताल पहुचाया। उधर पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की करवाई शुरू कर दी।

घटना की जानकारी देते हुए एएसआई मोहम्मद जुल्फिकार अली ने बताया मिली जानकारी के अनुसार आजादनगर रोड नंबर 15 का निवासी नौशाद अहमद बाइक से राशन लाने गया था। इस बीच अलकबीर रोड में तेज गति से आ रहे अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर ने पीछे से ठोकर मार दी। सड़क दुर्घटना में नौशाद नामक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोग व पुलिस के सहयोग से घयाल को प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया। स्थिति बिगड़ते देख घयाल को टीएमएच में भर्ती कराया गया।

उधर कपाली क्षेत्र के लोगो में अवैध ट्रैक्टर से बालू उठाव को लेकर आक्रोश है। स्थानीय लोगो के अनुसार बीते दिनों मल्लिक गार्डन के पास गिट्टी लदे हाईवा से 18 वर्षीय छात्रा को कुचलने से मौत हो गई थी। वही टेक्टर के चपेट में आने से बाइक सवार घयाल हो गया। फिलहाल भारी वाहन की परिचालन से लोग आक्रोशित है।

# सीबीआइ ने जमशेदपुर से फरार 40 करोड़ के घोटाला के आरोपी शाहिद खान को कोलकाता से किया गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक से करीब 40 करोड़ रुपये का घोटाला करने के फरार आरोपी शाहिद खान को गिरफ्तार कर लिया है। शाहिद खान जमशेदपुर के मानगो आजाद बस्ती कुली रोड नंबर 17 में रहता था। उसको पकड़ने के लिए सीबीआइ काफी लंबे समय से छापामारी कर रही थी। बताया जाता है कि शुक्रवार को सीबीआइ की टीम ने उसको कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया। शाहिद खान की सीबीआइ यूको और पंजाब नेशनल बैंक से करीब 40 करोड़ से ज्यादा का गबन करने का मामले में गिरफ्तारी की गयी है। शाहिद खान उर्फ सोना शाहिद की मानगो रोड नंबर 15 स्थित मंगल कॉलोनी और चांडिल के रामगढ़ में एमके इंजीनियरिंग नामक कंपनी थी। शाहिद खान कई आइपीएस और अन्य अफसरों से जुड़ा हुआ था। उसने राजनीतिक पैठ के बदौलत देखते ही देखते स्प्रिट एयरलाइंस खोल ली। उसने जमशेदपुर से कोलकाता, रांची, गया, बेंगलुरु के बीच हवाई यात्रा शुरू कर दी थी। सोनारी एयरपोर्ट में ऑफिस भी खोल दिया था। दो बार कोलकाता से जमशेदपुर से हवाई सफर भी कराया गया था, लेकिन उसके बाद वह सेवा बंद हो गयी। शाहिद खान आयरन ओर कारोबारी आरिफ मल्लिक को भी चूना लगा चुका है। उनके खिलाफ उलीडीह थाना में एक मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद जमशेदपुर पुलिस ने उसको मुंबई के वरसोवा स्थित शांति टाउन से 21 अप्रैल 2016 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद करीब एक साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद रिहा हो गया था। इस बीच सीबीआइ उसकी तलाश कर रही थी।

# 200 मीटर वॉक कर डीसी ऑफिस पहुंचे विशेष बच्चे, डीसी हुईं भावुक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चे 200 मीटर वॉक कर डीसी कार्यालय पहुंचे। डीसी विजया जाघव ने उन सभी का हौसला बढ़ाया। डीसी को उनकी विशेष प्रतिभा की जानकारी मिलने पर भूरी-भूरी प्रशंसा की। वहीं कुछ बच्चे ने म्यूजिक में विशारद होने की जानकारी मिली, तो कुछ खेल में जिले व राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया। मौके पर डीसी से मुलाकात कर सभी बच्चे काफी खुश दिखे। उन्होंने अपने हाथों से बनाये फूल एवं मोमबत्ती डीसी को भेंट कर खुशी जाहिर की। मौके पर डीसी ने कहा कि आप सभी ने जिले और राज्य में क्रम से एक अलग पहचान बनाया है। तभी खेल, म्यूजिक तथा अन्य क्षेत्र में अपनी छाप छोड़े हैं। मौके पर डीसी ने विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के साथ गुब्बारे उड़ा कर सशक्तिकरण का संदेश दी।

मौके पर दिव्यांगजनों ने हम होंगे कामयाब का गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। मौके पर डीसी ने साकची रविन्द्र भवन में तीन दिसंबर को आयोजित विशेष मतदाता कैंप में सभी को आमंत्रित किया गया। डीसी ने कहा कि जिनका उम्र 17 साल से ज्यादा है, मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है, वे अपना नाम निबंधन जरूर करायें। कैंप में निःशुल्क हेल्थ चेकअप की जायेगी। डीसी ने कहा दिव्यांगजनों के लिए संचालित सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से कैंप में सभी को आच्छादित किया जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### उपायुक्त ने टूरिस्ट प्लेस के रूप में विकसित करने के लिए अन्नराज डैम का किया निरीक्षण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त, गढ़वा रमेश घोलप के द्वारा सदर प्रखंड के अन्नराज डैम का भ्रमण किया गया। अन्नराज डैम को टूरिस्ट प्लेस के रूप में विकसित करने हेतु स्वयं स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। उक्त डैम में जल्द नौका विहार का संचालन आम लोगों हेतु किया जाएगा। गढ़वा, रंका व मेराल प्रखंड के बॉर्डर पर अवस्थित जिले के सबसे बड़े डैम अन्नराज डैम में पर्यटन के दृष्टिकोण से नौका विहार प्रारम्भ करने हेतु डैम का निरीक्षण सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ किया गया। ज्ञात हो कि निरीक्षण के पश्चात स्थल को उपयुक्त पाकर जिला खेल सह पर्यटन पदाधिकारी को अन्नराज डैम पर नौका विहार हेतु आवश्यक सुविधा डेवलप करने के उद्देश्य से प्राक्कलन तैयार कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही एनआरईपी द्वारा चल रहे मरम्मति कार्य का निरीक्षण कर कार्य में सुधार हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

### एसके इंटरनेशनल स्कूल में गायन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित एसके इंटरनेशनल स्कूल में अंतर वर्गीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से सप्तम वर्ग तक के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता की शुरुआत में स्कूल के निदेशक अजय कुमार सिंह और प्राचार्य नंदन तिवारी के साथ सभी शिक्षकों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित किये। तत्पश्चात स्कूल के निदेशक अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में हर क्षेत्र में कैरियर बनाया जा सकता है। गायन में भी कैरियर है। हम लोग बच्चों को हर एक सुविधा प्रदान करते हुए उनके सर्वांगीण विकास हेतु सतत प्रयत्नशील हैं। प्राचार्य नंदन तिवारी ने कहा कि बच्चों में नेतृत्व की क्षमता के साथ संपूर्ण विकास ही इस विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजू यादव कक्षा सप्तम, द्वितीय स्थान रिया सोनी कक्षा सप्तम, समीक्षा कुमारी कक्षा षष्ठम तथा तृतीय स्थान छवि गुप्ता कक्षा षष्ठम को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के संयोजन में आकाशदीप टोप्पो एवं नाजिया सिद्दीकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में आनंद, जहान्वी अग्रवाल, अनुराग टोप्पो, राकेश कुमार, अनुपृति, खुशी सिंह, मृदु कुमारी, रागिनी चौबे, तान्या कुमारी, स्वाति कुमारी, पूजा तिग्गा के साथ-साथ काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने जोन्हीखाड मध्य विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता ने शुक्रवार को जोन्हीखाड मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बन रहे मध्याह्न भोजन, छात्रों की उपस्थिति और विद्यालय के रंग रोगन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद विद्यालय के कार्य को संतोष जनक बताया। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक फरदीनंद टोप्पो को कहा कि विद्यालय एमडीएम किसी भी हाल में बंद ना हो और समय पर विद्यालय खुले और समय पर ही बंद हो। बगैर सूचना के विद्यालय आवर में कोई भी शिक्षक बीआरसी में नहीं आयें। निर्देश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता ने कहा कि जोन्हीखाड मध्य विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक के मात्र एक शिक्षक हैं, एक शिक्षिका प्रतिमा कुजूर की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उन्होंने कहा कि जिला से बात कर वहां और शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा बगैर ड्रेस के स्कूल ना आयें, बच्चों के स्कूल बैग और कीट की राशि भेजी गई है। शीघ्र ही बच्चे ड्रेस और किट की खरीदी कर लें। ड्रेस और जूता में पहन कर ही स्कूल पहुंचें। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय शिक्षा विभाग की टीम भंडरिया पहुंचकर निरीक्षण करने वाली है। ऐसे में सभी विद्यालय सभी रिपोर्ट और रजिस्टर अद्यतन रखेंगे। विद्यालय विकास की राशि सभी विद्यालयों को भेज दी गई है। जो विद्यालय भवन को अभी तक रंग रोगन नहीं किया जा सका है, वैसे विद्यालय के शिक्षकों को एक सप्ताह के अंदर विद्यालय रंग रोगन करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर सीआरपी सत्यनारायण यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक फरदीनंद टोप्पो, प्रतिमा कुजूर सहित अन्य लोग शामिल थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र की जर्जर हो चुकी चार सड़कों का होगा विशेष मरम्मति कार्य

# सारे वादे होंगे पूरे, कोई काम नहीं रहेगा शेष : मंत्री मिथिलेश

**झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग ने करीब 18 किलोमीटर सड़क के लिए लगभग साढ़े पंद्रह करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है**



### पूरे क्षेत्र में नयी सड़कों के निर्माण के साथ-साथ पुरानी सड़कों की भी करायी जा रही है मरमति

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आवश्यकतानुसार पूरे क्षेत्र में नयी सड़कों के निर्माण के साथ-साथ पुरानी सड़कों की भी मरमति करायी जा रही है। जिससे आवागमन को सुलभ बनाया जा सके। इस क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से लंबे समय से इन सड़कों की मरम्मति की मांग की जा रही थी, जो आज पूरी हो गई। मरम्मति के लिए अन्य सड़कों का भी चयन किया गया है। जिसे प्राथमिकता के आधार पर बारी-बारी से पूरा किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि वे गढ़वा के हर कोना-कोना के विकास के लिए संकल्पित हैं। सीमित संसाधन में भी काफी तेजी से सभी क्षेत्रों में विकास कार्य किया जा रहा है। यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद एवं सहयोग मिलता रहा तो अपने संकल्प को निश्चित रूप से पूरा करेंगे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के जर्जर हो चुकी चार सड़कों का विशेष मरम्मति कार्य किया जाएगा। इसके लिए झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग ने करीब 18 किलोमीटर सड़क के लिए लगभग साढ़े पंद्रह करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले की कई सड़कें काफी जर्जर हो चुकी हैं। इनकी विशेष मरम्मति की आवश्यकता है। पहले चरण में गढ़वा प्रखंड के चार सड़कों की विशेष मरम्मति के लिए झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत गढ़वा प्रखंड के पीडब्ल्यूडी पथ तिलदाग कर्बलाह से दुर्गा मंदिर होते हुए बर टोला मुख्य नहर तक करीब साढ़े चार किलोमीटर सड़क की तीन करोड़, 60 लाख, 51 हजार, 600 रुपये, तिलदाग पीडब्ल्यूडी पथ से तिलदाग, गिजना, खोंहर होते हुए अकड़ी टोला तक करीब साढ़े सात किलोमीटर सड़क चार करोड़, 94 लाख, 66 हजार, 400 रुपये, परसहा आरआईओ रोड रवाना टोला शिव स्थान से लखना आरईओ रोड तक लगभग चार किलोमीटर सड़क तीन करोड़, 16 लाख, 91 हजार, 600 रुपये तथा फरठिया आरईओ रोड सहंगु राम के घर से हनुमान मंदिर, खजुरी सीमाना होते हुए चूना फैक्ट्री तक करीब साढ़े चार किलोमीटर सड़क का तीन करोड़, 25 लाख, 35 हजार, 700 रुपये की लागत से विशेष मरमति कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह सभी गढ़वा प्रखंड की बड़ी आबादी को जोड़ने वाली सड़कें हैं। जिनकी स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। बरसात से पूर्व इन सभी का मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## विशेष कैंप लगाकर सावित्री बाई फुले योजना का आवेदन प्राप्त करें : बीडीओ

**बीडीओ ने मुखिया, शिक्षक व आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक कर 3 से 6 दिसंबर तक विशेष कैंप लगाने के दिये निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** बीडीओ मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के मुखिया, शिक्षक व आंगनबाड़ी सेविका शामिल हुए। सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना व छात्रवृत्ति को लेकर बैठक में कई दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ ने आंगनबाड़ी सेविका को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने कार्य क्षेत्र अंतर्गत 3 दिसम्बर से 6 दिसंबर तक विशेष कैम्प का आयोजन कर सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना का आवेदन प्राप्त करें। इस योजना में वर्ग 8 से 12 तक में पढ़ने वाली बालिकाओं का शत प्रतिशत आवेदन जमा लेने का काम करें। उन्होंने उपस्थित सभी मुखिया व शिक्षकों से कहा कि 18 से 19 वर्ष की लड़कियों का आवेदन कम आया है। इस पर सभी ध्यान देकर काम करें। सरकोनी पंचायत मुखिया सुबोध कुमार वर्मा के आरोप पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी द्वारा सेमौरा केंद्र की सेविका कांति देवी के वेतन पर रोक लगा दी गयी। मुखिया ने सेमौरा आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका कांति देवी के ऊपर नियम के तहत व नियमित रूप से केंद्र संचालन नहीं करने की शिकायत बीडीओ से की थी। कांति देवी बैठक से भी अनुपस्थित थीं। उधर गाड़ाखुर्द पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह ने नारायणपुर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका शारदा देवी के ऊपर भी नियमित रूप से केंद्र का संचालन नहीं करने का आरोप लगाया था। जिसपर बीडीओ ने सेविका को हिदायत देते हुए नियमित रूप से केंद्र का संचलन करने को कहा। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में अभी 17 आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य चल रहा है।

स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों की छात्रवृत्ति योजना की भी समीक्षा की गयी। कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी ने उपस्थित शिक्षकों से कहा कि 15 दिसंबर तक सभी बच्चों के छात्रवृति हेतु आवेदन को ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें। जिसके लिए सभी प्रधानाध्यापक को यूजर आईडी व पासवर्ड उपलब्ध करा दिया गया है। साथ ही वैसे बच्चों के आवेदन प्राप्त करना है, जिनके अभिभावक की वार्षिक आमदनी 2.5 लाख से अधिक नहीं हो। साथ ही सरकारी जॉब वाले लोगों के बच्चों का छत्रवृत्ति का आवेदन जमा नहीं लेना है। उन्होंने कहा कि वैसे बच्चों का जिनका अपना बैंक खाता नहीं है उनके माता-पिता का बैंक खाता मान्य होगा। साथ ही बैंक खाता से आधार लिंक जरूर होना चाहिए।

मौके पर मुखिया ललित बैठा, अनिता देवी, अमित दुबे, सुबोध कुमार वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि लल्लू यादव, नीरज कुमार सिंह, रिंकू सिंह, शिक्षक सुनील कुमार, परमेन्द्र राम, अखिलेश राम, चंद्रिका राम, ब्रजेश पाण्डेय, सतीश कुमार पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा के सलेया जंगल में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के सलेया जंगल में एक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता ने रंका थाना में एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस को पीड़िता ने बताया है कि बहन के घर जाने के दौरान सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है।

पीड़िता ने बताया कि 29 नवंबर की सुबह 11 बजे बोंड़ी गांव स्थित अपनी बहन के घर जा रही थी, इसी बीच सलेया चार मुहान के पास उसने एक पिकअप वैन को लिफ्ट देने के लिए रोका। पिकअप वैन ड्राइवर ने लड़की को बोंड़ी गांव ले जाने की बात कहकर वैन पर बैठा लिया। पिकअप वैन में ड्राइवर के साथ तीन युवक भी सवार थे। इसके बाद ड्राइवर बोंड़ी गांव नहीं जाकर उसे सलेया जंगल के अंदर ले गया। इसके बाद ड्राइवर तथा पिकअप वैन पर बैठे तीनों युवकों ने उसके साथ बंधक बनाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद लड़की को जंगल में ही छोड़ कर चालक सहित तीनों युवक गाड़ी लेकर भाग गये। इस मामले में पुलिस एफआईआर दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

### वृद्धा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिशुनपुर/गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाडीह गांव में 60 वर्षीय असामी देवी नामक वृद्धा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार आसामी देवी मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और वह गुरुवार को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गयी, सुबह परिजनों ने देखा कि वह कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना के बाद गुरदरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गढ़वा जिला स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता की तैयारी पूरी

**रामा साहू हाई स्कूल के आउटडोर स्टेडियम में आज से शुरू होगी प्रतियोगिता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला साइकिलिंग संघ की बैठक जिला मुख्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम में की गई और कल से होने वाली साइकिलिंग प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस क्रम में पाया गया कि जिले के बालक-बालिका खिलाड़ियों में साइकलिंग खेल के प्रति काफी रुझान है और उनके सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागीता होने की संभावना है। क्योंकि आज तक कुल 170 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण पूरा करा लिया है, जिसमें 60 लड़की और 110 लड़के शामिल हैं। विदित हो कि गढ़वा में ही 22, 23, 24 दिसंबर 2022 को राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता 2022 का आयोजन होना सुनिश्चित है। जिसे देखते हुए इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल महिला-पुरुष दोनों वर्गों में ही खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा और इसी प्रतियोगिता में चयनित किए गए खिलाड़ी गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2022 में करेंगे। बैठक की अध्यक्षता संघ के चेयरमैन अनिल पांडे ने की।

बैठक में तय किया गया कि कल 3 दिसंबर को रामा साहू हाई स्कूल के आउटडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय सीनियर, जूनियर, सब जूनियर, यूथ महिला-पुरुष, बॉयज गर्ल्स प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न वर्गों में करते हुए प्रदर्शन के आधार पर जिला टीम का गठन किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को कल दिनांक 3 दिसंबर 2022 दिन शनिवार को प्रातः 11:00 बजे से आउटडोर स्टेडियम रामा साहू में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

बैठक में जला सिइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी, रामाशंकर सिंह इत्यादि आयोजन कमेटी के लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ के सचिव अरविंद दुबे ने दी।

### झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए गढ़वा जिला फुटबॉल टीम घोषित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रामा साहू आउटडोर स्टेडियम में गढ़वा जिला फुटबॉल टीम का गठन हेतु ओपन सिलेक्शन ट्रायल रखा गया। जिसमें पूरे जिले से 66 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सिलेक्शन ट्रायल में चयन समिति के सदस्य जगन्नाथ राम, मो. शमशाद, अजय कांत, नीलकंठ सिंह पहले खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। उसके बाद सिलेक्शन ट्रायल का विधिवत उद्घाटन गढ़वा नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि संतोष केसरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा, सचिव मेदिनी खान, पूरन तिवारी, मयंक कुमार, सुशील तिवारी, नीलकंठ सिंह सहित काफी संख्या में फुटबॉल प्रेमी उपस्थित थे। पूरी चयन प्रक्रिया को जिला फुटबॉल संघ के सचिव मेदनी खान ने अपनी देखरेख में संपन्न कराया। टीम का कैप्टन अमित कुमार सिंह को बनाया गया। उप कैप्टन मुनीफ किस्पोट्टा, आकाशदीप ऋषि, रवि रंजन सिंह, दिलीप मीन, शिवब्रत मांझी, विकास सिंह, प्रदीप सिंह, उपाध्याय सिंह, हीरामणि सिंह, सीबी सिंह, मनोहर सिंह, अंकित सिंह, देवेश सिंह, आशीष कुमार, सोमनाथ सिंह, चिराग तिर्की, जय गोविंद ठाकुर, टीम का कोच नीलकंठ कुमार सिंह और मैनेजर जगन्नाथ राम को बनाया गया है।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

पत्रांक 3551/सा०प्र० दिनांक 02.12.2022

**शुद्धि पत्र**

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/27/2022-23, जिसका PR No. 280682 हैं, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 284117 Urban Development and Housing(22-23)#D

**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**

(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय के द्वारा पी0आर0 संख्या–283873 से अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2022–23 दिनांक 29.11.2022 से निकाली निविदा का क्रम संख्या – 01 में अंकित योजना को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है। शेष यथावत रहेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 284067 Urban Development(22-23)D

**बैठक :** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के सफल संचालन के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से किया आग्रह

# सभी दलों के प्रतिनिधि आवश्यक भागीदारी एवं सहयोग प्रदान करें

**मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन कराने के लिए 6 दिसंबर 2022 तक चलाया जा रहा है विशेष अभियान**

**दावा आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 8 दिसंबर निर्धारित है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गढ़वा रमेश घोलप की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के सफल संचालन एवं दिनांक 1 जनवरी 2023 को अहर्ता तिथि मानते हुए योग्य व्यक्तियों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन कराने के संदर्भ में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल गढ़वा जिला के अध्यक्ष, सचिव आदि के साथ एक बैठक की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा श्री घोलप द्वारा कहा गया कि दिनांक 12 नवंबर 2022 को मतदाता सूची प्रेक्षक सह आयुक्त पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत किए जाने वाले कार्य के संदर्भ में विस्तृत रूप से आपको अवगत कराया गया है। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को बताया गया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाता सूची में जेंडर रेशियो एवं ईपी रेशियो में सुधार, 18 से 19 आयु वर्ग के युवा, भावी मतदाताओं के निबंधन के संदर्भ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में दिनांक 9 नवंबर 2022 को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता की संख्या अनुमानित जनसंख्या (1 जनवरी 2023) के आधार पर वर्तमान जेंडर रेशियो एवं ईपी रेशियो के अनुरूप प्रत्येक बीएलओ को मतदान केंद्रवार निबंधन हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी प्लस टू उच्च विद्यालयों, महाविद्यालयों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत अहर्ता रखने वाले छात्र-छात्राओं का निबंधन हेतु विशेष कैंप का आयोजन कर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन भरा जा रहा है। साथ ही थर्ड जेंडर, पार्टिकुलरली व्हलरनेबल ट्राईबल ग्रुप्स (पीवीटीजी), सेक्स वर्कर्स, 18+आयु वर्ग, दिव्यांगजन, आश्रय गृह में निवास करने वाले पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन कराने हेतु दिनांक 30 नवंबर 2022 से दिनांक 6 दिसंबर 2022 तक समावेशी सप्ताह के तहत विभिन्न स्तरों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दावा आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 8 दिसंबर 2022 निर्धारित है। निबंधन हेतु प्राप्त पत्रों का दैनिक रूप से अनुश्रवण किया जा रहा है। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि सभी मतदान केंद्रों के लिए आपके स्तर से नियुक्त बूथ स्तर एजेंट को अपने मतदान केंद्र क्षेत्र के योग्य व्यक्तियों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन कराने हेतु फार्म 6 में आवेदन कराने के लिए अपने अपने स्तर से निर्देशित किया जाए तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम में आवश्यक भागीदारी एवं सहयोग प्रदान किया जाए। उक्त मौके पर राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण उरांव उपस्थित थे।

**झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग**
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई-अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 86/RI/2022-23/RWD/KODERMA दिनांक :- 02.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ KODERMA/ 02/2022-23 | आर0सी0डी0 रोड से पोखरडीहा रोड तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (लं– 1.480 कि0मी0) | 1,16,76,186.00 | एक करोड़ सतरह लाख नवासी हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 05.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 12.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, कोडरमा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 13.12.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 14.12.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा के पक्ष में एवं कोडरमा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 284080 Rural Work Department (22-23)_D

## रोड़ो पहुंचे प्रदीप बलमुचू, पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा प्रखंड के रोड़ो गांव की घटना की जानकारी लेने के लिए आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद प्रदीप कुमार बलमूचू कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को रोड़ो गांव जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। स्वजनों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद बलमुचू ने डीसी से मिलकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामकृष्णा चौधरी, जिला सचिव क्यूम अंसारी, जिला परिषद सदस्य सुशील सांगा, साबिर अंसारी निर्मल कच्छप आदि थे।

### दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई आरोपित की करतूत, जांच में जुटी तमाड़ पुलिस

# आभूषण दुकान में ग्राहक बनकर आये ठग ने उड़ाये 12 लाख के गहने

**थाने में मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** बबलू ज्वेल्स नामक आभूषणों की एक दुकान में शुक्रवार की सुबह 11.30 बजे ग्राहक बनकर आए एक ठग चकमा देकर लाखों रुपया का सोना उड़ा ले गया। हालांकि पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई। इस संबंध में तमाड़ थाना में मुकुल रंजन द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार इस दिन करीब 30 साल का युवक आभूषणों की दुकान में प्रवेश किया और कान की कनशी 2370 रुपए में खरीदा। फिर कुछ देर के बाद वापस दुकान में आया और उसे लौटाने लगा। उस समय दुकान में दुकानदार के पिता वैधनाथ खां थे। जब वो गहने को तौल रहे थे, तभी सोना से भरे एक डिब्बे को लेकर आरोपित फरार हो गया। उसमें लॉकिट, कान की बाली, मंगलसूत्र, नाक-कान आदि जेवर थे। उस डब्बे में करीब 250 ग्राम का सोना होने का अनुमान है जिसकी किमत लगभग 12 से 13 लाख रुपये आंकी गई है। यह घटना आग की तरह तमाड़ में फैल गयी। कहर पाकर पुलिस भी पहुंची और सीसीटीवी को खंगाला जिसमें सोने के डिब्बे लेकर जाता युवक दिखाई दे रहा है। अपराधी चेक सट व जींस पैंट पहने हुए था। खबर लिखे जाने तक अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर था।





सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपित युवक की करतूत, दुकान में बैठे दुकानदार के पिता।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रबंधन मजदूरों को जल्द दें पदोन्नति : देवपाल मुंडा



खलारी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के डकरा शाखा सचिव देवपाल मुंडा ने प्रबंधन को पत्र लिखकर जल्द से जल्द मजदूरों की पदोन्नति देने की मांग की है। प्रबंधन को दिए गए पत्र में बताया कि मैन पावर बजट आने के बाद प्रबंधन द्वारा एक नवंबर को भी डकरा परियोजना के मजदूरों को पदोन्नति पत्र नहीं दिया गया था। जिसे लेकर राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई थी। वार्ता में प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि 15 नवंबर झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर मजदूरों को पदोन्नति पत्र जारी कर दिया जाएगा। पर उक्त अवधि बीत जाने के बाद भी मजदूरों का पदोन्नति पत्र जारी नहीं किया गया, जिससे मजदूरों में नाराजगी है। डकरा शाखा सचिव देखपाल मुंडा ने प्रबंधन से जल्द से जल्द मजदूरों की पदोन्नति देने की मांग की है।

### संविधान दिवस सप्ताह पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पर निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर उपर टोला में शुक्रवार को संविधान दिवस सप्ताह कार्यक्रम के तहत संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पर निबंध प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रंथु साहू ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का जनक माना जाता है। वे भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार थे और स्वतंत्र भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री भी थे। इनकी जयंती पर जल दिवस भी मनाया जाता है। डॉ भीमराव अंबेडकर को 1990 में मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया किया गया था। वहीं बच्चों के बीच आयोजित निबंध प्रतियोगिता में लक्ष्मी कुमारी, गुड़िया कुमारी, सुलेखा कुमारी, आरती कुमारी, निहारिका कुमारी, खुशी कुमारी, सुप्रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, सौरभ कुमार, माही कुमारी, लता कुमारी, अनिता कुमारी, साहेबा परवीन, दिव्या पूजा, आफरीन परवीन, कुमार सत्यम, अनुष्का कुमारी, सुतीर्ला कुमारी, नीरज मुंडा, सागर गुप्ता का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहू और अरुण उरांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## तमाड़: विधायक विकास मुंडा ने किया स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का शिलान्यास



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के जारगो पंचायत के कूबासाल बजार टांड में विधायक विकास कुमार मुंडा ने शुक्रवार को स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सुदूर क्षेत्र में स्वास्थ्य भवन बन जाने से डॉक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मी रह पाएंगे, जिससे ग्रामीणों को 24 घंटे स्वास्थय सुविधा उपलब्ध होगी। एक साल के अंदर विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र के कच्ची सड़कों को पक्की कर मुख्य मार्ग से जोड़ दिया जाएगा। इस भवन का निर्माण 15 वें वित्त से जिला परिषद द्वारा बनवाया जायेगा। इस अवसर पर जिप सदस्या भवानी मुंडा, मुखिया प्रतिनिधि रवि पातर, अरविंद कालो, शशि मुंडा, प्रमुख विधायक प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## विच्छिप्त से दुष्कर्म कर आरोपी फरार

तोरपा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में विक्षिप्त युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकास में आया है। उसके साथ टाटी साईसेरा गांव निवासी रामधन गोप नामक युवक ने हवश का शिकार बनाया है। इसकी सूचना पाकर पुलिस गांव पहुंची और छानबीन करने के साथ ही मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपित रामधन विच्छिप्त युवती को बहला फुसला कर जंगल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी पीड़िता की मां को हुई तो उसने पुलिस को सूचना दी। तोरपा पुलिस तत्काल गांव पहुंची और पीड़िता की मां के फर्द बयान पर एफआइआर दर्ज किया गया। घटना गुरुवार शाम की है।

# नियमों को ताख पर रखकर प्रधानाचार्य के भतीजी की हुई शिक्षक पद पर नियुक्ति

**अभ्यार्थी के आरोप लगाते हुए राज्य के शिक्षा मंत्री व जिम्मेदार विभागों को लिखी चिट्ठी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड के जीइएल मिशन मध्य विद्यालय अमलेशा में सचिव ने विज्ञापन जारी कर सरकार द्वारा स्वीकृत शिक्षक/ शिक्षिका की नियुक्ति के लिये आवेदन मांगे गये थे। जिसमें 188 आवेदन आए। इसमें से 157 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। आरोप है कि उक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य रोशन लकड़ा की भतीजी रश्मि कुमारी का सभी नियम को दरकिनार करते हुए नियुक्ति की गई है। रश्मि रोशन लकड़ा की पत्नी की सगी बहन (धर्म परिवर्तन) की बेटी है। उक्त आरोप मीरा कुमारी नामक एक अभ्यार्थी ने लगाया है। साथ ही बीइएओ को एक पत्र भी दिया है जिसकी प्रतिलिपि निर्देशक प्राथमिक शिक्षा निदेशालय रांची, जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, छेतर शिक्षा पदाधिकारी बुंडू व राज्य के शिक्षा मंत्री को भी भेजा है। इसमें लिखा गया है कि प्रधानाचार्य रोशन लकडा अपनी भतीजी की नियुक्ति कराने में जीइएल प्रबंध समिति के सचिव हलन सुरिन को लाखों रुपए देकर कराए हैं। रश्मि कुमारी नियुक्त शिक्षिका का निवास रोशन लकडा के निवास स्थान गुमला में है. अभ्यर्थी मीरा कुमारी ने इसकी जांच कर उचित अभ्यर्थी को नियुक्त करने की मांग की गयी है। इस मुद्दे को लेकर जब आजाद सिपाही के संवाददाता ने सचिव से मिलकर सवाल किया तो उन्होंने इस तरह की घटना से साफ इन्कार कर दिया।

### द्रुब प्राथमिक विद्यालय में स्कूल ड्रेस का वितरण



खलारी (आजाद सिपाही)। द्रुब नवसृजित प्राथमिक विद्यालय तुमांग में स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। पूर्व मुखिया मुकद्दर कुमार एवं विद्यालय प्रभारी शिक्षक रामलखन कुमार ने कक्षा एक और दो के 23 बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया। ड्रेस में बच्चों को दो सेट ड्रेस जूता, मोजा, स्वेटर दिया गया। शिक्षक रामलखन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को शिक्षा लेने में कोई असुविधा नहीं हो और बच्चे स्कूल जरूर आये व शिक्षा ग्रहण करे इसके लिए हर तरह की सुविधा बच्चों को मुहैया कराई जाती है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने का आग्रह किया। इस मौके कई अभिभावक मौजूद थे।

## राहे में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच प्रारंभ



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डोमनडीह मैदान में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच होटलो पंचायत बनाम सताकी पंचायत के बीच खेला गया, जिसमें होटलो पंचायत तीन गोल से विजयी रहा। पहले दिन छह मैच खेले गये। पहला सेमीफाइनल मैच दोकाद बनाम होटलो पंचायत के बीच हुआ जिसमें होटलो पंचायत ने विजयी होकर फाइनल में जगह बनाया। इस मौके पर बीएसओ विष्णु खंडित, रामनाथ लोहरा, मुखिया पांडु मुंडा, रमेश महतो, सुभाष महतो, सुनील महली सहित प्रखंड व पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

## संविधान के सिद्धांतों का सभी करें पालन : प्रधान जिला न्यायाधीश



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नालसा और झालसा के निर्देशन में 26 नवंबर से चल रहे संविधान सप्ताह के समापन पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में संविधान के महत्व पर विचार विमर्श करने के लिए कार्यशाला सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि संविधान के सिद्धांतों का पालण सभी संस्थाओं और नागरिकों को करना चाहिए। वहीं, डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि भारत के सभी कानून संविधान के अनुरूप होते हैं। जो कानून संविधान के सिद्धांतों के विपरीत होता है, उसे न्यायपालिका रद्द कर देती है। इसलिए संविधान से बड़ा कोई ग्रंथ नहीं है। ज्ञात हो कि डालसा द्वारा संचालित कुल 22 विधिक सहायता केंद्रों पर संविधान में वर्णित मूल कर्तव्यों एवं संवैधानिक मुल्यों पर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी विद्वान न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्ता, पीएलए सदस्य श्रीमती मधु चंदा, पीएलवी और अन्य उपस्थित थे।

## मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर प्रशासन और राजनीतिक दलों की बैठक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन के निर्देश पर उप निर्वाचन पदाधिकारी अनुराधा कुमारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को खूंटी निर्वाचन शाखा में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्षों, सचिव और प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के सफल संचालन के संदर्भ में विचार-विमर्श किया गया। प्रशासन ने सभी राजनीतिक दलों से इसमें सहयोग करने की अपील की। मौके पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम जारी है। इसके तहत 18 वर्ष अथवा अधिक उम्र वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य करना है। इसके लिए प्रपत्र-6 भरा जाना है। मृत या रिपीट मतदाओं के नाम हटाने के लिए प्रपत्र-7 भरा जाना है। बताया गया कि जिन युवक-युवतियों की उम्र 17 एवं 18 वर्ष है, उनसे मतदाता सूची में नाम जोड़ने कें लिए आवेदन लेना है। राजनीतिक दलों को बताया कि शनिवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के मौके पर जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तर सहित अन्य स्तर पर पात्र दिव्यांगजनों का निबंधन करना है। विभाग के निर्देश पर रविवार को 80 वर्ष व अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांगजनों के निबंधन कि लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों से कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में झामुमो, भाजपा, कांगेस और आजसू आदि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कर्रा में खुला बजाज बाइक का शोरूम



कर्रा (आजाद सिपाही)। रांची मुख्य पथ इलाहाबाद बैंक के नीचे शुक्रवार को गायत्री आटोमोटिव बजाज बाइक शोरूम का उद्घाटन हुआ। छाता के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी विनोद भगत ने कहा कि आज के दौर में कर्रा जैसे स्थान पर बाइक का शोरूम खुलना खुशी की बात है। अब हम लोगों को खूंटी या रांची जाकर बाइक नहीं खरीदना पड़ेगा। वहीं, गायत्री आटोमोटिव बजाज बाइक शोरूम के संचालक मितेश कुमार ने कहा कि बहुत जल्द इस सेंटर पर रिपेयरिंग सेंटर भी खोला जाएगा। अभी फिलहाल सप्ताह में एक दिन रिपेयरिंग के लिए मिस्त्री उपलब्ध रहेगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु प्रसाद सोनी, गजेंद्र धल, राजेश प्रसाद, मनोज कुमार, नवीन कुमार मिश्रा, साकिब अंसारी, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रबंधन समितियों और ग्रामीणों के बीच बैठक, विभिन्न शिकायतों-समस्याओं का हुआ निराकरण

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारेडीह न्यू उत्क्रमित उच्च विद्यालय में ग्रामीणों की शिकायत थी कि लॉकडाउन का पैसा अब तक छात्रों के बीच वितरित नहीं हुआ है। शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आते, स्कूल में साफ-सफाई आदि समस्याएं लगी रहती है। इन बिंदुओं को लेकर ग्रामीणों व प्रबंधन समितियों के सदस्यों के साथ शुक्रवार को दो घंटे तक वार्ता चली। प्रमुख ने अभिभावकों से कहा कि वे खाते का अपडेट जल्दी कराएं। लगे हाथ निर्देश दिया कि शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे और पठन-पाठन करें। इसके बाद मध्याह्न भोजन योजना का भी निरीक्षण किया। कहा कि लॉकडाउन का पैसा प्रबंधन समिति से बैठक कर सामंजस्य स्थापित करके जल्द वितरण कर दें। वहीं, जांच करने पहुंचे प्रमुख के साथ मुखिया, ग्राम प्रधान, पंचायत समिति और वार्ड सदस्य भी पहुंचे थे। इस मौके पर प्रबंधन समिति के योगेन्द्र प्रसाद हजाम, सुरेंद्र नाथ महतो और भूसन उरांव आदि शामिल थे।

### नेताओं के दबाव से टूटता है पुलिस का मनोबल : पुलिस एसोसिएशन

खूंटी (आजाद सिपाही)। रोडो की घटना को लेकर हर दिन कोई न कोई नेता रोडो गांव पहुंचकर पीड़ित स्वजनों को न्याय दिलाने की बात कर राजनीति रोटी सेंक रहे हैं। दूसरी ओर खूंटी पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश प्रसाद रजक ने कहा कि गत शनिवार की रात रोड़ो गांव में जो घटना हुई है, उस मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेताओं के दबाव में बिना जांच के ही तोरपा के थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार को लाइन हाजिर करना बहुत ही दुखद है। कहा कि पुलिस अगर आरोपित को पकड़ने जाती है और नेताओं के दबाव में पुलिस अधिकारी को लाइन हाजिर किया जाता है, तो ऐसे में पुलिस का मनोबल टूटता है। तोरपा पुलिस प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोपित इजहार अहमद उर्फ कल्लू को गिरफ्तार करने शनिवार देर रात रोड़ो गांव पहुंची थी। प्रतिबंधित मांस व्यवसायी इजहार अहमद उर्फ कल्लू के खिलाफ तोरपा व खूंटी में कई मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ तोरपा में पांच और खूंटी थाना में एक मामला दर्ज है। इंस्पेक्टर रजक ने कहा कि एसोसिएशन पुलिस के वरीय अधिकारियों से मांग करता है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो।

## ग्रामीणों ने करायी प्रेमी युगल की शादी



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली के मंडप टोला स्थित मंदिर में शुक्रवार को ग्रामीणों ने एक प्रेमी युगल की शादी करा दी। सिल्ली नीचे टोला निवासी आशा कुमारी और बूढ़ा अखड़ा निवासी जेठू कोइरी के बीच दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बाद में दोनों परिवार के बीच सहमति बनने के बाद इस दिन जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी उनके पति अखिल महतो एवं मुखिया भरत मुंडा एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में दोनों प्रेमी युगल की शादी करा दी गयी। इस मौके पर दोनों पक्षों के लोग मौजूद थे।

### पथ निर्माण विभाग के सचिव से मिले विधायक, जन समस्याओं से कराया अवगत

# जर्जर सड़कों की शीघ्र मरम्मत नहीं हुई, तो सड़कों पर उतरेगी जनता : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने शुक्रवार को पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार से मुलाकात कर तोरपा विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने, खासकर डोड़मा-सिसई रोड पर क्षतिग्रस्त छाता नदी पुल का अवलिंब निर्माण कराने की मांग की। कहा कि खूंटी जिले की सड़कें इतनी जर्जर हो चुकी हैं कि उन पर ठीक से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। विधायक ने पथ निर्माण विभाग के सचिव को बताया कि डोड़मा-सिसई मुख्य पथ पर छाता नदी पुल के टूट जाने से सैकड़ों गांवों के लोगों को जिला मुख्यालय आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है। पुल के ध्वस्त हुए पांच महीने बीत चुके हैं, पर सरकार उक्त पुल के पुनर्निर्माण पर ध्यान नहीं दे रही है। विधायक ने कहा कि पुल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं होने पर क्षेत्र की जनता सड़क जाम जैसे आदोलन का सहारा ले सकती है।




पथ निर्माण विभाग के सचिव को पत्र सौंपते विधायक कोचे मुंडा।

### पांच वर्षों के बाद भी रैयतों को नहीं मिला मुआवजा

विधायक ने सरकार के सचिव को बताया कि मरचा-रनिया पथ के निर्माण के लिए तोरपा और रनिया प्रखंड के सैकड़ों किसानों की भूमि का सरकार ने अधिग्रहण किया था। सड़क बने पांच साल से अधिक हो गये, पर अब तक भूमि देने वाले किसानों को मुआवजा तक नहीं दिया गया। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि रैयतों को अविलंब मुआवजा भुगतान नहीं किया गया, तो रैयत सड़कों परी उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

### बच्चों का नामाकंन कराकर स्कूल के भरोसे न छोड़ें अभिभावक : सुदामा मिश्र



तोरपा (आजाद सिपाही)। चिल्ड्रेन ऑफ द न्यू डॉन स्कूल का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मनाया गया। जिसका उद्घाटन बीइओ सुदामा मिश्र, बीपीओ नरेंद कुमार व प्रिंसिपल सिस्टर सुषमा तोपनो ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बच्चों ने स्वागत गान के साथ देश के अनेक राज्यों के बच्चों द्वारा डांस पेश किया गया। बीइओ ने कहा कि बच्चों का नामाकंन कराकर अभिभावक केवल स्कूल के भरोसे न छोड़े। बच्चों के स्कूल से घर आने के बाद दिनभर का मुल्याकंन करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय कितना भी बच्चों पर मेहनत करें पर जब तक अभिभावक ध्यान नहीं देगें तब तक उनका विकास संभव नहीं। वहीं, बीपीओ नरेंद्र कुमार ने कहा कि न्यूडॉन स्कूल का मैट्रीक में इस वर्ष शतप्रतिशत रिजल्ट रहा है। इस मौके पर महिला विकास केंद्र की निदेशिका सिस्टर मारीयालिना व स्कूल के पूर्व छात्र फोटोग्राफर रूपम कुमार सिंह समेत विभिन्न क्लास के उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया।

## मानकी बस्ती देवी मंडप पुनर्निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा मानकी बस्ती में गुरुवार को देवी मंडप पुनर्निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन ग्राम प्रधान देवचरन गंझू द्वारा विधिपूर्वक पूजा की गई। उसके बाद भूमि पूजन का विधान किया गया। इस मौके पर टाइगर गंझू, सोभनाथ गंझू, गुलाब गंझू, सोमरा गंझू, कामेश्वर गंझू, रंजीत गंझू, संजय कुमार, अमर कुमार, आनंद कुमार, अरुण सिंह, डीपी सिंह, भीम गंझू, कपिल ठाकुर, देवपाल मुंडा, राजकुमार उरांव, सुनीता देवी, फूलो देवी, रुकमणी देवी, बसंती देवी, कविता देवी और मंजू देवी आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## पांच हजार से अधिक बकाये पर काटा जायेगा विद्युत कनेक्शन



### रातू विद्युत सब स्टेशन में विभाग की बैठक आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** विद्युत सब स्टेशन में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बिजली बिलिंग से संबंधित विषय में आयोजित बैठक में ऊर्जा मित्र सुपरवाइजर के साथ अनमीटर एवं डिफेक्टिव कनेक्शन में मीटर लगाने/बदलने हेतु कार्यरत एजेंसी में 0 बेनटेक के सुपरवाइजर भी शामिल हुए। बैठक में उर्जा मित्र को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक घर में जाकर मीटर रिडिंग के आधार पर विपत्रीकरण सुनिश्चित करने, उपभोक्ता को नियमित रूप से बिल उपलब्ध कराने, बिलिंग के दौरान उर्जा मित्र उपभोक्ता को नियमित रूप से बिल जमा करने हेतु उत्साहित करने, बिलिंग एजेंसी को निर्धारित संख्या में उर्जा मित्र उपलब्ध कराने को कहा गया। एजेंसी के द्वारा बेनटेक को निर्देश दिया गया कि हर हाल में दिसम्बर माह का सभी अनमीटर एवं डिफेक्टिव कनेक्शन में मीटर लगाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बिलिंग एजेंसी को 90 प्रतिशत से उपर बिलिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लाईनमैन को क्षेत्र में दस हजार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पांच हजार से उपर के बकायेदारों का बिजली भुगतान नहीं करने पर कलेक्शन काटने व लम्बे समय से बिलिंग नहीं किये जा रहे उपभोक्ता का बिलिंग एक माह के अन्दर करने का आदेश दिया गया। बैठक में ऊर्जा मित्रों को चेतावनी दी गयी कि 100 से ज्यादा उपभोक्ता का बिलिंग लम्बे समय से पेन्डिंग रहने की स्थिति में उन्हें कार्य से हटा दिया जाएगा। बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता रांची (प.), सहायक विद्युत अभियंता रातू रोड, रातू चट्टी, माण्डर, कनीय विद्युत अभियंता रातू रोड, रातू चट्टी, माण्डर, बुढ़मू, इटकी, बेड़ो एवं अकांउटेन्ट और अन्य विद्युत कर्मी उपस्थित थे।

## बेड़ो प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल आज



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रशासन के तत्वावधान में महादानी मैदान में चल रहे प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन छह मैच खेले गए। जिसका शुभारंभ मुखिया सुशांति भगत व नीरज कुजूर ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मार कर किया। पहला चचकोपी पंचायत व जरिया पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें चचकोपी ने 2-1 से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में हरिहरपुर जामटोली ने जीत दर्ज की, तीसरे मैच में केशा ने जीत दर्ज की वहीं चौथे रोमांचक मुकाबले में बेड़ो पंचायत की टीम ने जीत दर्ज की। इधर पांचवें मैच को चचकोपी और छठे मैच में केशा ने जीत कर अंतिम चार में जगह बनायी। वहीं डोरंडा, जरिया, हरिहरपुर जामटोली व नेहालु पंचायत के बालिकाओं का मैच भी होगा। आयोजन को सफल बनाने में डे बोर्डिंग के प्रशिक्षक अनमोल टोप्पो, सुशील कच्छप, प्रवीण बाजराय व मिरनाल खलखो, राखी कुमारी, अनामिका तिर्की व सुषमा टोप्पो ने सराहनीय योगदान दिया।

## ट्रांसफॉर्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोरेया अंसारी महल्ला का ट्रांसफॉर्मर विगत दो महीने से खराब था, जिस कारण ग्रामीणों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते ही जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी के प्रयास से अल्प समय में जनहित में इसे बदलवा दिया गया। शुक्रवार को ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन असगर अंसारी ने किया। मौके पर मो. इश्तियाक, फिरोज अंसारी, जमील अंसारी, अनिल साहू, रसीद अंसारी, मो. हनीफ आदि ने जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी को धन्यवाद दिया।

## फूड प्वाइजनिंग के शिकार बच्चों से मिलीं विधायक, मदद का दिया भरोसा



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोरे गांव में फूड प्वाइजनिंग के शिकार बच्चों से मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को अस्पताल में मुलाकात की। पीड़ित लोगों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मालूम हो कि बुधवार की रात प्रखंड के गोर गांव में फुचका खाने से एक महिला सहित कुल 9 लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए थे। आनन-फानन में स्थानीय लोगों व प्रशासन के सहयोग से मांडर स्थित कांस्टेंट लिवेन्स अस्पताल में एडमिट कराया गया। बताया जा रहा है कि सात लोग अभी खतरे से बाहर हैं और दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी मिलते ही शुक्रवार की सुबह सात बजे ही मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की अस्पताल पहुंची और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेहतर इलाज के लिए जो भी मदद की जरूरत पड़ेगी हरसंभव उनको मदद किया जाएगा। पीड़ित परिवार से मांडर विधनसभा के पूर्व प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने भी मुलाकात कर हरसंभव मदद का आश्वाशन दिया। वहीं परिवार के मुखिया खुर्शीद अंसारी ने बताया कि हम गरीब आदमी हैं और एक साथ ही इतने लोग बीमार पड़ गए हैं जिनका इलाज करा पाना हमारे लिए बहुत मुश्किल हो रहा है। सरकार से और विधायक से हमको उम्मीद है कि वह हमारे परिवार को बचाने के लिए आगे आयेंगे। मौके पर रबुल अंसारी, आलमगीर अंसारी, शाहिद अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** गरीब-असहायों के दुख-दर्द में सहभागी बनकर सेवा कार्य कर रहा है 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल

# सामुदायिक सेवा के प्रति हमेशा सजग व तत्पर रहता है सशस्त्र सीमा बल : एसडी शेरखाने

### आने वाले दिनों में सशस्त्र सीमा बल विभिन्न तरह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित करेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** सशस्त्र सीमा बल 26वीं वाहिनी मुख्यालय अनगड़ा में शुक्रवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत गरीब-असहाय लोगों के बीच कंबल, साड़ी, चप्पल आदि आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमांडेंट एसडी शेरखाने के हाथों कुल 110 लाभार्थियों के बीच जरूरी सामग्री का वितरण कराया गया।

मालूम हो कि 26वीं वाहिनी नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत विभिन्न समवायों में कप्यूटर प्रशिक्षण सहित अन्य कल्याणकारी कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में जरूरतमंदों के बीच आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मौके पर कमांडेंट एसडी शेरखाने ने सशस्त्र सीमा बल के गठन एवं विपरित परिस्थितियों के बीच बल की लंबी और कठिन यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि सशस्त्र सीमा बल सामुदायिक सेवा के प्रति हमेशा सजग व तत्पर रहते हुए सुदूर ग्रामीण इलाकों में गरीब, असहाय लोगों के बीच पहुंचकर उनके दुख-दर्द में सहभागी बनकर सेवा कार्यों को अंजाम दे रहा है। कहा कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित कर सशस्त्र सीमा बल लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा पुलिस के प्रति ग्रामीणों के सोंच में बदलाव लाकर एक बेहतर सहयोगी बनने की लगातार कोशिश कर रहा है।

कमांडेंट एसडी शेरखाने ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में सशस्त्र सीमा बल विभिन्न तरह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित करेगा। उन्होंने ग्रामीणों को इस तरह के कल्याणकारी कार्यक्रमों में भाग लेकर अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

मौके पर कमांडेंट (पशु चिकित्सक) जेके शर्मा, उपकमांडेंट विजयेन्द्र कुमार, अनुराग सिंह सहित बल के अन्य पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

## सड़क से सटाकर बिजली खंभा लगाने का हो रहा है प्रयास

### बिजली का पोल गाड़ कर की जा रही है सरकारी राशि का दुरूपयोग : सिकंदर अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** गोंदलीपोखर साल्हन विकास सड़क किनारे साल्हन गांव के पास मुख्य सड़क से बिल्कुल सटाकर संबंधित विभाग द्वारा बिजली का खंभा लगा कर सरकारी राशि के दुरुपयोग की कोशिश की जा रही है। जबकि निकट भविष्य में इस सड़क का चैड़ीकरण कार्य किया जाना है। बताया गया कि सड़क चौड़ीकरण हेतु पथ निर्माण विभाग से लगभग 38 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत हुई है। योजना के अनुसार सड़क के दोनों किनारे करीब 10-10 फीट चौड़ा किया जाना है। ऐसे में सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर इन खंभों को हटाना पड़ेगा। इससे सरकारी राशि की बर्बादी होगी।

समाजसेवी डॉ रिझू नायक, ग्रामप्रधान शिबू मुण्डा एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सिकंदर अंसारी ने विभाग द्वारा कराये जा रहे गलत कार्य का विरोध करते हुए संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि बिजली का पोल चौड़ीकरण कार्य को ध्यान में रखते हुए निर्धारित दूरी पर लगाया जाए ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग न हो साथ ही सड़क दुर्घटना होने के खतरे से बचा जा सके।

## तीन दिनों से लापता युवक का शव कुएं से बरामद



**इटकी (आजाद सिपाही)।** आनंदपुर बस्ती के रवि तिर्की (42) का शव शुक्रवार को गांव के ही एक कुंए से बरामद किया गया। वह गत तीन दिनों से लापता था। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया गया। इस संबंध में रवि के भाई जयंत तिर्की के बयान पर थाना में यूडी केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गयी है। परिजनों के अनुसार 29 नवंबर की रात्रि करीब आठ बजे रवि के मोबाइल फोन पर किसी का कॉल आया। फोन रिसीव करने के बाद रवि घर से बाहर निकला, परंतु वापस घर नहीं लौटा। खोजबीन करने के बाद रवि के भाई द्वारा थाना में गुमशुदगी का एक मामला दर्ज कराया गया।

## संविधान के महत्व पर डालसा ने किया कार्यशाला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** संविधान सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को डालसा हॉल रांची में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव राकेश रंजन, रिटेनर अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक, छोटानागपुर लॉ कॉलेज की छात्र-छात्राएं एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के 70 कार्यरत पीएलवी उपस्थित हुए। कार्यशाला में लोगों के बीच संविधान को पढ़कर सुनाया गया तथा संविधान के मौलिक अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। रिटेनर अधिवक्ता ने सभी उपस्थित पीएलवी से कहा कि लिगल एड क्लिनिक में जुड़े पीएलवी झालसा कैलेंडर के अनुसार काम करेंगे और गरीब लाभुकों को हरसंभव मदद करेंगे। सचिव राकेश रंजन ने सभी पीएलवी के द्वारा किए गए कार्यों का अवलोकन भी किया तथा अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर आश्रिता बेक, अनिमा मलिक, ज्योत्सना गोराई, शारदा देवी, कपिलदेव प्रसाद, भारती देवी, बेबी देवी, जसिंता टोप्पो, राजेन्द्र महतो, ललीता देवी, मुन्नी देवी, अनिता देवी, बेबी सिन्हा, सिकंदर मुण्डा, पंमी लता कुमारी, रीना लिंडा, संध्या विश्वास आदि पीएलवी मौजूद थे।

## किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर ने शुक्रवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत 25 किसानों के बीच 2-2 किलो कुल 50 किलो सरसों बीज का मुफ्त वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा किसान उन्नत तरीकों से खेती करने लगे तो खाने पीने के साथ साथ सरसों व्यवसाय भी किया जा सकता है। साथ ही इस योजना का सीधा लाभ किसानों को मिलने से अब उनकी जीविका का साधन मिलेगा। मौके पर ग्राम प्रधान जयराम कच्छप, देवनाथ गोप अर्जुन महतो सहित कई किसान उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** आइएचएम रांची में स्पर्द्धा 2के22 वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

# होटल इंडस्ट्री में रोजगार की असीम संभावनाएं : शिल्पी नेहा तिर्की

### प्राचार्य एकादश के कप्तान डॉ. भूपेश कुमार को वॉलीबॉल प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुना गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में आयोजित स्पर्द्धा 2के22 वार्षिक खेल महोत्सव के समापन समारोह का सफल आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम की महत्ता को समझाते हुए बताया कि वर्तमान समय में यह कोर्स रोजगार प्रदान करने हेतु सर्वश्रेष्ठ कोर्स है। इस क्षेत्र में काम करने हेतु अनुशासन और भावना की आवश्यकता होती है। साथ ही छात्रों से कहा कि जो भी करें श्रेष्ठ करें तथा जीवन में रचनात्मकता और मानवता को अपनायें।

संस्थान के प्राचार्य भूपेश कुमार ने बताया कि जीवन में सफल होने के लिए आत्मविश्वास का होना जरूरी है। खेल से अनुशासन आता है। टीम भावना का विकास होता है।

प्राचार्य एकादश के कप्तान डॉ. भूपेश कुमार को वॉलीबॉल प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुना गया। लड़कियों के बैडमिंटन एकल मैच में तृतीय वर्ष की सुधा कुमारी विजेता व कुमारी मनीषा शर्मा उपविजेता रहीं। टग ऑफ वार में लड़कियों की मैच में सीनियर एकादश टीम विजेता रही। वहीं लड़कों में जूनियर एकादश टीम विजेता रही। साथ ही एथेलिटिक्स के जैवलिन थ्रो छात्रों में द्वितीय वर्ष के आकाश कुमार स्वर्ण पदक, प्रथम वर्ष के विकास कुमार रजत पदक, क्राफ्ट्स कोर्स के पवन खोया कांस्य पदक तथा लड़कियों के जैवलिन थ्रो में प्रथम वर्ष की सोनाली कोंगारी स्वर्ण पदक, तृतीय वर्ष की सुधा कुमारी रजत पदक एवं द्वितीय वर्ष की कुमारी अदिति ने कांस्य पदक जीता। स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर का पुरस्कार क्राफ्ट्स कोर्स के खुदीराम हेंब्रम तथा समग्र चैंपियन द्वितीय वर्ष के रोहित भारद्वाज को दिया गया।

कार्यक्रम का समापन संस्थान के विभागाध्यक्ष आलोक असवाल के धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रामपुर एवं बरगावां पंचायत में पीसीसी पथ का किया गया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के ग्राम जारेया ओड़ाटोली में अखड़ा से धानु मुंडा के घर तक एवं बरगांवा पंचायत के पतराटोली में सामुदायिक भवन से जॉन तिर्की के घर तक पास पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप की पत्नी रिया तिर्की ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिये एकजुट रहें। अपनी समस्याओं को बेझिझक बतायें, ताकि सभी समस्याओं को दूर किया जा सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, रामपुर पंचायत मुखिया सरस्वती देवी, सुनील उरांव, सोनुराम मुण्डा, वार्ड सदस्य चम्पा देवी, विकाश मुंडा, जय तिर्की, सोमरा मुंडा, बिरिस मिंज, उत्तम गोप, गनसा मुंडा, खुदीया कच्छप, विनोद लोहरा, वार्ड सदस्य ओनान बेक, कृष्णा गोप, अनु बेक, मुरलीधर, शोभा देवी, शशि टोप्पो, बेरोनिका कच्छप, सुनील पहान, भूषण महतो, रवि महतो, सामु बेक, तरुण गोप, मंटू गोप, राजेंद्र गोप, अनिल तिरु, दिनेश चंद्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### लापुंग में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड स्थित स्टेडियम में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें उद्घाटन मैच दानेकेरा पंचायत और दोलैंचा पंचायत के बीच खेला गया। साथ ही इस दौरान डाड़ी, बोकरंदा व सापुकेरा पंचायत की टीमों ने भी भाग लिया। मैच का शुभारंभ मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य हिन्दीया टोप्पो, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयविरस लकड़ा, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी विजय रंजन तिर्की, अभय कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, खेल शिक्षक रंजीत होरो, कोच जोलन होरो ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर व फुटबाल में किक मारकर किया।

### कोविड टीकाकरण में चाइल्ड फंड इंडिया ने किया सहयोग का आह्वान



**इटकी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय बाल कल्याण व स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी चाइल्ड फंड इंडिया के सदस्यों ने शुक्रवार को कुंदी गांव का दौरा किया। सरकार द्वारा बाल कल्याण व स्वास्थ्य संबंधी चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी ली। बाद में पंचायत की मुखिया फ्रांसिस्का केरकेट्टा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कोविड सहित अन्य टीकाकरण में ग्रामीणों को सहयोग किये जाने का आह्वान किया। बाल कल्याण व स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। बैठक में संस्था के चंद्र शेखर पांडेय, रामा राव, प्रतिभा पांडेय, गजानंद महतो, जसिंता बरला, रोशनी तिग्गा व नीलिमा खलखो सहित अन्य शामिल थे।

### बेड़ो के स्वर्ण डीपीएस पब्लिक स्कूल पहुंची राष्ट्रीय तीरंदाज दीप्ति कुमारी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय तीरंदाज दीप्ति कुमारी पहुंची। जहां उन्होंने बच्चों को तीरंदाजी करने के गुर बारीकी से सिखाया। बच्चों में उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला जिससे वे सभी काफी उत्साहित थे। प्रशिक्षण लेने वालों में पिंकी कुमारी, विशाल लोहरा, श्रवण लोहरा, अमित, मानसी कुमारी, पूजा कुमारी, अमरनाथ साहू, सोनू, सोनाली, श्रीकांत सहित कई बच्चे थे। मौके पर प्राचार्य दीपम बनर्जी ने कहा कि राइफल व पिस्टल शूटिंग खेलने की सुविधा के साथ-साथ तीरंदाजी की सुविधा सर्वप्रथम बेड़ो प्रखंड में शुरुआत स्वर्ण डीपीएस स्कूल में शुरू की गयी है जो कि पिनाका शूटिंग क्लब के निर्देशक सौरभ दास के साथ स्कूल को टैग कर सिखाया जा रहा है। इससे बच्चों में मानसिक व शारीरिक विकास होगा व सकारात्मक ऊर्जा का विकास बच्चों में होगा। यह रांची का पहला प्रखंड है जिसमें बच्चों को यह शिक्षा पढ़ाई के साथ स्कूल के माध्यम से दी जा रही है एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए लगातार स्कूल प्रयासरत है। श्रीमती दीप्ति कुमारी स्कूल की आर्चरी शिक्षिका के रूप में बच्चों को प्रशिक्षण देती रहेंगी। मौके पर उप प्राचार्य सोनम प्रसाद के साथ शिक्षिकाओं में रानी मिंज, श्वेता खन्ना, प्रेमिका, राज कूपर व सुरेंदर मौजूद थे।

## पथरा मुखिया ने किया छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल किट का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत स्कूलों में वर्ग 1 से लेकर आठवीं तक के छात्रों के बीच स्कूल किट का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पथरा मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच स्कूल किट का वितरण किया गया। जिसमें वर्ग 1 से लेकर आठवीं तक के छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए। किट में पेन, पेंसिल, रबड़, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स आदि दिए गए ।जिसे प्राप्त कर बच्चे काफी उत्साहित दिखे ।मौके पर पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच किट का वितरण से शिक्षण कार्य मे काफी सुविधा होगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से बिद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मलि कुमार,बीरेंद्र कुमार,उपेंद्र कुमार,किरण कुमारी,असलम अंसारी समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राए मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में जमुआ बना विजेता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के महूराव खेल मैदान में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ रतन कुमार,देवरी कला की वार्ड सदस्या निर्मला देवी व कई पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया ।फाइनल मैच जमुआ बनाम कोशी पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें जमुआ ने कोशी को दो गोल से हराकर विजेता बना। मौके पर पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का काम किया जा रहा है। खिलाड़ी अच्छे से खेल को खेल की भावना से खेलें ।मौके पर बीडीओ रतन कुमार ने कहा कि ग्रामीण व सुदूरवर्ती क्षेत्र के खिलाड़ी प्रतिभा के काफी धनी है ।इस तरह के आयोजन से उन्हें खेल में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है ।अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया ।मौके पर मुख्य रूप से मुखिया सुदामा यादव, अमरेंद्र ठाकुर, डब्लू सिंह, पूर्व मुखिया, रामलखन यादव, समाजसेवी बिमलेश पासवान, पंसस रीना देवी, अमरेंद्र कुमार, सुरेन्द्र चौधरी, बिगन प्रजापति, रमेश पासवान समेत सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

## अतिथियों ने फीता काटकर किया यामहा शोरूम का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-छतरपुर मुख्य पथ के नागबाबा के समीप माँ वैष्णो आटोमोबाइल यामहा शोरूम सह सर्विस सेंटर का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा के वरिष्ट नेता बिनोद कुमार सिंह,तकी हुसैन रिजवी, समाजसेवी सह व्यवसायी सतीश साहू,पूर्व नपं अध्यक्ष उषा देवी,राजद नेता राज अली,समाजसेवी मनोज शर्मा आदि ने फीता काटकर किया। मौके पर भाजपा नेता श्री सिंह ने कहा कि इस प्रकार के संस्थान के खोले जाने से क्षेत्र के ग्राहकों को सुविधा मिलेगी ।उन्होंने कहा कि यामहा शोरूम खुलने से दुपहिया वाहन की खरीदगी व सर्विसिंग के लिए हुसैनाबाद वासियों को मेदिनीनगर समेत अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। पूर्व नपं अध्यक्ष उषा देवी ने कहा कि क्षेत्र में यह प्रतिष्ठान व्यापक रूप से दुपहिया वाहन उपभोक्ताओं के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा ।उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। शोरूम के प्रोपराइटर नागेंद्र प्रसाद ने कहा कि हम अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा का वचन देते हैं। जिसमें नई बाइक सेल्स के अलावा हमारे प्रतिष्ठान मे अत्याधुनिक तकनीकों से लैस सर्विसिंग सेंटर व आटो पार्ट्स से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी ।साथ ही उद्घाटन के मौके पर विशेष ऑफर के तहत सभी प्रकार के यामहा बाइक पर 31सौ की छूट दी जा रही है। मौके पर अनुराग तिवारी,जितेंद्र प्रसाद,सत्यम विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

## पूर्व एसडीओ के पदोन्नति पर जिला मंत्री व मंडल अध्यक्ष ने दी बधाई



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** ओबीसी मोर्चा के पलामू जिला मंत्री चंदन प्रजापति व हरिहरगंज ओबीसी मंडल अध्यक्ष विक्की सिंह ने पूर्व छतरपुर एसडीओ राजेश प्रजापति के पदोन्नति पर हर्ष जताया और शुक्रवार को रांची प्रोजेक्ट भवन में जाकर उनसे भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। बता दें कि राजेश प्रजापति पूर्व में छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर रह चूके हैं। इसके पहले वे कई उच्चस्त पदों पर कार्य कर चुके हैं। बहरहाल उन्हें महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग में झारखण्ड के संयुक्त सचिव के पद पर पदोन्नती हुई है।

## तेल टैंकर की चपेट में आने से युवक की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला छतरपुर मुख्य पथ के गम्हरिया नाग बाबा के समीप गुरुवार की देर शाम तेल टैंकर की चपेट में आने एक युवक की मौत हो गई ।जानकारी के अनुसार कामगारपुर गांव निवासी नरेंद्र सिंह 30वर्ष जपला से दोपहिया वाहन लूना से अपने गाँव जा रहा था इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही टैंकर के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई,घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### नक्सलियों की रणनीति का सबसे अहम सप्ताह

# नक्सली मना रहे हैं पीएलजीए सप्ताह, कई जगहों पर लगाये पोस्टर, चला रहे हैं भर्ती अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** झारखंड में नक्सली संगठन पीएलजीए सप्ताह मना रही है। इसमें नक्सलियों की भर्ती और प्रचार प्रसार में तेजी लाई जाती है। नक्सल विचारधारा को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश होती है। पलामू जिले में नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत में नक्सलियों ने पोस्टर चिपकाया है। इस पोस्टर में नक्सलियों ने लोगों में भ्रम फैलाने की कोशिश की है।



### पुलिस ने पोस्टर किया जब्त

इस इलाके में कई पेड़ों पर नक्सली संगठन ने पोस्टर चिपकाया है। कागज में लाल और ब्लू रंग की इंक से सारी बात लिखी गयी है। इसमें बताया गया है कि नक्सली पीएलजीए सप्ताह मना रही है। सुरक्षा बलों को पहले से इसकी जानकारी थी कि नक्सली पीएलजीए सप्ताह मनाने की तैयारी कर रहे हैं, पोस्टरबाजी कर सकते हैं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पोस्टर उखाड़ लिया है।

### साल 2000 में हुई थी स्थापना

नक्सलियों ने इस संगठन की स्थापना साल 2000 में की थी। इस साल पीएलजीए की 22 वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। बैठक में सेंट्रल कमेटी के मेंबर और कई कुख्यात नक्सली शामिल होते हैं। इस मौके पर नक्सली कई बार बंद का आह्वान करते हैं, कई जगहों पर रास्ते रोक दिए जाते हैं। नक्सली सभी मोर्चे पर तैनात होते हैं। सुरक्षा बलों के लिए यह एक बेहतरीन मौका होता है जब नक्सलियों को एक साथ गिरफ्तार किया जा सकता है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच नक्सली लगा गये पोस्टर

इस पोस्टर में नक्सलियों के सिद्धांत, उनके पक्ष के विषय में लिखा गया है। पुलिस पीएलजीए सप्ताह मनाये जाने को लेकर अलर्ट है। कई जगहों पर सर्च अभियान तेज है। नक्सली पीएलजीए के 22वीं सालगिरह दो दिसंबर से मनाया जा रहा है। माओवादी संगठन देश में व्याप्त बेरोजगारी का हवाला देते हुए युवाओं को भावनात्मक रूप से गुमराह करके पीएलजीए से जोड़ने की तैयारी में है।

### क्या है पीएलजीए, क्यों मनाते हैं नक्सली

पीएलजीए का पूरा अर्थ है पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी। इसमें शामिल नक्सली गुरिल्ला युद्ध में माहिर होते हैं। उन्हें ट्रेनिंग दी जाती है। अत्याधुनिक हथियार चलाने की ट्रैनिंग मिलती है। हर साल 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक अपने इन पीएलजीए के सदस्यों के मारे जाने की याद में नक्सली इस सप्ताह को मनाते हैं। इस सप्ताह में नक्सली अबतक की अपनी रणनीति पर चर्चा करते हैं।

## तिरंगा से पटा शहीद ले.अनुराग शुक्ला चौक, आज मनेगा जन्मोत्सव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के सिंगरा खुर्द स्थित शहीद लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला चौक तिरंगा से पट गया है। सिंगरा समेत पलामू मां भारती के सपूत शहीद अनुराग शुक्ला के जन्मोत्सव पर देशभक्ति के रंग में सराबोर है। तीन दिसंबर को हर वर्ष की भांति लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला का भव्य जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जहां 28 वें जन्मदिवस पर संध्या 4 बजे 28 पौंड का केक शहीद की मां उषा शुक्ला



के द्वारा काटा जाएगा। वहीं भोजपुरी सम्राट गोलू राजा अपने टीम के साथ सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक सोहर एवं देशभक्ति गीतों से शहादत को को नमन करेंगे। शहीद अनुराग के पिता जीतेंद्र शुक्ला ने बताया कि उनके पुत्र ने देश सेवा में अपनी जान न्योछावर कर किर्तिमान गढ़ा है। उसकी किर्ति गाथा को पलामू देश भर तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। शहीद ले.अनुराग शुक्ला युद्ध प्रशिक्षण के दौरान अपने तीन साथियों की जान बचाने में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। कार्यक्रम को भव्य बनाने में शिशिर शुक्ला, संतोष शुक्ला, आशीष भारद्वाज, राकेश तिवारी, एपी लकी की भूमिका अहम है।

## रेवारातू पंचायत के दर्जनों लोग पेंशन से वंचित

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही) ।** पूरे जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कैंप लगाकर पेंशन,आवास समेत कई योजनाओं का लाभ सरकार गरीबों तक पहुंचा रही है, फिर भी सतबरवा प्रखंड अंतर्गत रेवारातू पंचायत के दर्जनों लोग अभी भी वृद्धा पेंशन से वंचित हैं जबकि उनकी उम्र हो चुकी है। शुक्रवार को सतबरवा प्रखंड कार्यालय में रेवारातू पंचायत के कड़ादोहर, चापी, मंझली झरिया गांव से दर्जनों लोग कंबल लेने पहुंचे थे। इस दौरान पांडे सिंह, बच्चन उराव, केश्वर सिंह, गणेश उराव, बाला उराव, गुरु उरांव, लक्ष्मी देवी फूधनी कुंवर, बासमती देवी, कबूतरी कुंवर, जग मनिया देवी ने पत्रकारों को बताया कि हम लोगों वृद्धा पेंशन नहीं मिलता है जबकि आधार कार्ड में उम्र हो चुका है। बताते चलें कि यह सभी लोग वार्ड सदस्य जवनी देवी के



पति बुधी उरांव के साथ कंबल लेने प्रखंड कार्यालय आए थे, उसी दौरान सतबरवा वीडियो राज किशोर प्रसाद के द्वारा उन्हें वृद्धा पेंशन का फार्म दिया गया साथ ही नाम और पता नोट कर वृद्धा पेंशन बना देने का आश्वासन दिया गया। मौके पर समाज सेवी आशीष सिन्हा विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सभी तबके का विकास ही मेरा लक्ष्य : मनोज



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** समाज के सभी तबके तक विकास की धारा पहूँचाने के लिए राजनीति में आया हूँ। राजनीति मेरे लिए व्यवसाय नहीं है बल्कि सेवाभाव है। यह कहना है भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का ।श्री सिंह शुक्रवार को वार्ड नंबर पांच में घर घर यात्रा के तहत जनसंपर्क में बोल रहे थे ।श्री सिंह ने कहा कि आज पूरे नगर निगम में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता है ।उन्होंने कहा कि पूरे नगर निगम में नाली निकासी व पेयजल की बहुत किल्लत है और इस प्रकार की समस्याएं पर विशेष रुप से काम करने की आवश्यकता है ।उन्होंने कहा कि विशेषकर नए क्षेत्रों में स्पेशल योजना बना कर कार्य किया जाना चाहिए ।नए क्षेत्र को जिस तरह से उपेक्षित किया गया है वो किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए उचित नहीं है ।आज की यात्रा में धर्मेंद्र यादव,रामदाश मांझी,सहेंद्र पासवान,रिंकू मेहता,सत्येंद्र यादव, मुकेश मेहता,मोहमद शेरा,सुधीर पासवान,नन्हकू पासवान,अनुज पासवान सहित कई लोग शामिल थे।

## किसी भी योजना के घटिया कार्य की शिकायत हो तो मुझे व्हाट्सएप करें, निश्चित कार्रवाई होगी : महापौर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने शुक्रवार को एक बार फिर सारे निगम संवेदको को जो निगम के कार्यों में गुणवत्ता नहीं बरत रहे उन्हें आगाह करते हुए कहा कि निगम में घटिया काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं स्वयं एक 2 दिनों के अंदर टीम गठित कर कार्यों का निरीक्षण करूंगी और जिनके कार्यों में गुणवत्ता की कमी पाई जाएगी उस संवेदक को ब्लैक लिस्ट



के साथ-साथ अगर भुगतान कर दिया गया है तो रिकवरी भी निकाला जाएगा। महापौर ने निगम के नागरिकों से अपील की है जहां भी कार्य चल रहा है या हो चुका है और संवेदक द्वारा घटिया काम किया जा रहा है तो तुरंत मुझे व्हाट्सएप नंबर 9153964344 पर शिलापट का फोटो और कार्यस्थल का फोटो तथा शिकायत पत्र के साथ मुझे 2 दिनों के अंदर व्हाट्सएप करें शिकायत पत्र गुप्त रखते हुए निश्चित कार्रवाई होगी। मैं पुनः निगम संवेदको को आगाह कर रही हूं कि निगम को चारागाह ना समझे चाहे जितने भी रसूख वाले संवेदक होंगे निश्चित कार्रवाई होगी। महापौर ने खासकर वैसे संवेदक जो आजकल 15 से 20 प्रतिशत नीचे जाकर काम ले रहे है और घटिया काम कर निकल जाना चाहते है। उनके कार्यों की विशेष देखरेख के लिए निगरानी टीम बनाई जाएगी ताकि हमें पता चल सके कि निगम का एस्टीमेट ज्यादा बन रहा है या लोग घटिया काम कर निकल जाना चाहते है।

## जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है : हेमलता

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में वृंदावन मथुरा से पधारे अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी हेमलता शास्त्री जी के मुखारविंद से सभी भक्तों ने आनंद प्राप्त किया ।शुक्रवार को भागवत कथा के माध्यम से उन्होंने धर्म का निरुपण किया ।धर्म क्या है धर्म को कैसे संभाला जाए धर्म की रक्षा किस प्रकार की जाए धर्मो रक्षति रक्षिता जो धर्म की रक्षा करता है। धर्म उसकी रक्षा करता है की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि महाभारत के प्रसंग में पांचों पांडवों को श्री कृष्ण ने धर्म की रक्षा कर धर्म का विजय कराया था। महाभारत के युद्ध में युद्धभूमि में खड़े अर्जुन को जब मोहपाश ने घेरा में लिया तो अपने सगे संबंधियों को देख कर अर्जुन युद्ध करने से इंकार कर दिया,तब भगवान श्रीकृष्ण ने विराट स्वरूप का दर्शन कराया और परम श्रीमद्भगवत गीता का उपदेश दिया,और धर्म की स्थापना कर पांचों पांडवों को राज्य दिलाया। उन्होंने कहा



कि पांडव वंश में एक पुत्र का जन्म हुआ जिसका नाम परीक्षत था। पांडवों ने परीक्षित को राजगद्दी सौंप दी। परीक्षित एक धर्मात्मा राजा थे लेकिन एक दिन परीक्षित से एक भूल हो गई परीक्षित ने एक ऋषि का अपमान कर दिया ऋषि के अपमान करने से परिक्षित को एक श्राप मिला और तक्षक नाग के डसने से परीक्षित की मृत्यु हुई थी लेकिन उनको जब यह ज्ञात हुआ एक संत के श्राप से मेरी मृत्यु होनी निश्चित है तो परीक्षित अपने राज्य को छोड़कर महापुरुषों की शरण में गए। तब परीक्षित की मुक्ति के लिए परम पूज्य अवधूत शिरोमणि सुखदेव भगवान का आगमन हुआ।

## पीएम आवास के लाभुकों के किस्तों का हो अविलंब भुगतान, नहीं तो होगा आंदोलन : अरविंद गुप्ता

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत चुनाव के पांच साल बीतने को है। करोड़ो की राशि नगर के विकास के लिए खर्च हो गए लेकिन नगर के हालात नहीं सुधरे हैं। आज भी इलाके की गलियां बजबजा रही है। चारो तरफ गंदगी का अंबार पसरा है और इसकी सुध कोई लेने वाला नहीं है। ऐसे में नगर पंचायत के पूर्व और भावी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने नगर के कार्यपालक अधिकारी कमलेश्वर बेदिया को ज्ञापन सौंपा जिनमे प्रमुख मांगें थी, नगर पंचायत में रहने वाले पीएम आवास के लाभार्थियों को पीएम आवास के किस्तों का भुगतान किया जाए। नगर में लगाये गए शौचालयों की साफ सफाई करा कर उसे शुरू कराया जाए। छतरपुर शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर अपराध को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे की स्थापना कराई जाए। नगर के सभी वार्डों में साफ सफाई अभियान नियमित कराई जाए। छतरपुर में टेम्पू और बस स्टैंड का निर्माण और उसके



ठहराव की व्यवस्था कराई जाए। पेयजल संकट से जूझ रहे छतरपुर शहर में पानी टंकी का निर्माण करा कर पेयजलआपूर्ति सुनिश्चित कराई जाये। नगर पंचायत के सभी वार्डो में पर्याप्त डस्टबिन लगवाई जाए। नगर पंचायत में बनाए गए सड़क एवं बिना ढक्कन के नालीयों को अविलम्ब दुरुस्त कराया जाए एवं उसके निर्माण में हुई अनियमितता की जांच करवाई जाए। फुलवारी मैदान या मिडिल स्कूल में टाउन हॉल और पार्क का निर्माण कराया जाए। नगर पंचायत के सभी जर्जर गलियों मदनपुर कचनपुर मार्ग, मदनपुर लोहराही मार्ग सहित कई नालियों और सड़कों का निर्माण करवाई जाए। नगर पंचायत मुख्यालय सहित नगर के सभी वार्डो में स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पेयजल की संकट को देखते हुए टैंकर द्वारा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। क्षेत्र में खराब पड़े चापानल और सोलर जलमिनारों की अविलम्ब मरम्मत कराई जाए। नगर पंचायत क्षेत्र में होनेवाले बोरिंग में लिया जानेवाला शुल्क बंद किया जाये और नगर पंचायत से निबंधित बोरवेल्स गाड़ियों की मनमानी अविलम्ब रोकी जाये. नगर पंचायत कार्यालय और टाउन हॉल का शीघ्र निर्माण करवाई जाए। नगर में होल्डिंग टैक्स में जुमार्ना रोका जाए और बढे हुए दर से वसूली भी रोकी जाए, सम्भावित दुर्घटनाओं के मद्देनजर शहर के मुख्य जगहों पर फाइबर ब्रेकर का निर्माण करवाया जाए। श्री अरविंद ने ज्ञापन देने के बाद पुनः नगर प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर चीजें नहीं सुधरी तो वे पुनः आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे।

## स्पोर्ट्स

**आइपीएल 2023 प्लेयर ऑक्शन के लिए 991 खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन, सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी**

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

**मुंबई।** अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। हरफनमौला खिलाड़ी पूजा वस्त्राकर को चोट के कारण इस श्रृंखला के लिए टीम से बाहर रखा गया है। भारतीय टीम 09 दिसंबर से 20 दिसंबर तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की श्रृंखला खेलेगी। श्रृंखला का पहला मैच 09 दिसंबर, दूसरा 11, तीसरा 14, चौथा 17 और अंतिम मैच 20 दिसंबर को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20



सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, देविका वैद्य, एस मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देओल।

## रुतुराज के शतकीय पारी पर भारी पड़ा जैक्सन का शतक

**अहमदाबाद।** शेल्डन जैक्सन के बेहतरीन नाबाद शतक (133) और विकेटकीपर हार्विक देसाई (50) के अर्धशतक की बदौलत सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को 5 विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। 2007-08 के बाद से सौराष्ट्र का यह पहला खिताब है जबकि महाराष्ट्र को अभी खिताबी जीत का इंतजार है। इस मैच में सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर महाराष्ट्र को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। महाराष्ट्र ने अपने 50 ओवरों में 9 विकेट पर 248 रन बनाए। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने शानदार शतक (108) लगाया। गायकवाड़ के अलावा अजीम काजी (37) और नौशाद शेख (नाबाद 31*) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। गायकवाड़ ने टीम के लिए कुछ बड़ी साझेदारियां कीं। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए सत्यजीत बछव (27) के साथ 66 रन की साझेदारी और फिर काजी के साथ चौथे विकेट के लिए 94 रन जोड़े। सौराष्ट्र के लिए चिराग जानी ने 3, कप्तान जयदेव उनादकट, प्रेरक मांकड और पार्थ भट्ट ने 1-1 विकेट लिया। 249 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की टीम को शेल्डन जैक्सन और हार्विक देसाई ने शानदार शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 125 रन जोड़े।

**कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी,हजारीबाग**

**आम सूचना**

**विषय :– डुप्लीकेट चालक अनुज्ञप्ति का अधुरा शुल्क जमा करने के संबंध में।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान महालेखाकर झारखण्ड रॉची कार्यालय द्वारा लेखा परीक्षण के दौराण डुप्लीकेट चालक अनुज्ञप्ति के शुल्क के रूप में 01.04.2021 के उपरांत 400 रू0 की दर से लिया जाना था परन्तु उसके स्थान पर 300 रू0 लिया गया है।

अत: दिनांक–01.04.2021 के उपरांत डुप्लीकेट चालक अनुज्ञप्ति प्राप्त करने वाले चालक से अनुरोध है कि कम लिए गए 100 रू0 का भूगतान अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में पन्द्रह दिनों के अन्दर समर्पित करते हुए सूचित करें।

ऐसा नहीं किए जाने पर चालक अनुज्ञप्ति को निलंबित किया जा सकता है।

इसे सख्त ताकिद जानें।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 284066 Transport(22-23).D

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बीएसएल प्रदान करेगी हैंडीक्राफ्ट में प्रशिक्षण, एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर

बोकारो (आजाद सिपाही)। परिक्षेत्रीय गावों में महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बोकारो स्टील प्लांट की ओर से अपने सीएसआर के तहत बीआइवी सेक्टर 2डी स्कूल में 15 दिसंबर से एक हैन्डीक्राफ्ट प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की जा रही है। जलकुंभी व बांस आदि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों के इस्तेमाल से हैंडीक्राफ्ट में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बोकारो स्टील प्लांट और एलआइएमएस-इएसएएफ, दुमका के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। जिसमें बीएसएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) सीआरके सुधांशु और एलआइएमएस-इएसएएफ की ओर से एसोसिएट डाइरेक्टर डॉ अजिथसेन सेल्वादास ने हस्ताक्षर किये। बोकारो निवास में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) चितरंजन महापात्रा आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि एलआइएमएस-इएसएएफ फाउन्डेशन, दुमका का हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में उत्पादन, प्रशिक्षण और मार्केटिंग का व्यापक अनुभव है। संस्था के विशेषज्ञों द्वारा हैडीक्राफ्ट प्रशिक्षण केंद्र में इसी माह ट्रेनिंग शुरू कराया जाएगा जिसकी तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। एमओयू के हस्ताक्षर के मौके पर निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश ने हैंडीक्राफ्ट आइटम्स की गुणवत्ता को विश्वस्तरीय बताते हुए विश्वास जताया कि इसके माध्यम से न केवल ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के लिए स्व-रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा, बल्कि बोकारो को हैन्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट सेंटर के तौर पर एक नई पहचान भी मिलेगी। उन्होंने उपस्थित मुखिया और जन प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को इस अवसर का लाभ उठाने को प्रेरित करने का आह्वान भी किया। हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण केंद्र में प्रथम बैच में 200 ग्रामीणों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है जो मार्च, 2023 तक पूरा हो जाएगा। उसके बाद 2023-24 में कुल 600 स्थानीय ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों को प्रशिक्षण देने की योजना है।

## इएसएल ने सियालजोरी में विश्व एड्स दिवस पर लगाया एचआइवी परीक्षण शिविर




बोकारो (आजाद सिपाही)। विश्व एड्स दिवस पर इएसएल सीएसआर टीम ने 38 खाता गेट, सियालजोरी के पास एचआइवी परीक्षण शिविर लगाया। जिसका आयोजन प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत किया गया था, जो ईएसएल का एक सीएसआर कार्यक्रम है। यह शिविर सिटिजन्स फाउंडेशन की साझेदारी और इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर, चास के सहयोग से लगाया गया था। इस आयोजन में कुल 51 लोग शामिल हुए जिनका एचआइवी परीक्षण किया गया था। शिविर में कोई भी व्यक्ति एचआईवी पॉजिटिव नहीं पाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एचआइवी परीक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना और एड्स के लिए लोगों के बीच संवेदनशीलता पैदा करना था।

## हनुमान मंदिर निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन, निरसा विधायक ने किया शुभारंभ



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने शुक्रवार को निरसा मैथन संजय चौक स्थित हनुमान मंदिर के भूमि पूजन का विधि पूर्वक पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। लंबे अंतराल और संघर्षों के बाद भूमि पूजन कार्य पूर्ण हुआ है। अब मंदिर निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा। पूर्व से निर्मित हनुमान मंदिर राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण होने के कारण मंदिर को हटाने का आदेश दिया गया था, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पदाधिकारी नव मंदिर निर्माण कराने के पक्ष में नहीं थे। प्राधिकरण से बराबर टकराव चल रहा था, लेकिन सभी कार्यकर्ताओं का संघर्ष आज काम आया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मंदिर निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, अखिलेश तिवारी, डीएन पाठक, दीपा दास, सुदेश सिंह, रमेश पांडेय, पुनीत भास्कर, दीनबंधु महतो, राहुल तिवारी, नितेश तिवारी, अभिमन्यू, निशांत मिंज, मोना शर्मा, मिथिलेश साव और मुकेश दास आदि मौजूद थे।

## `सीओ ने नवचयनित आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को सौंपा नियुक्ति पत्र



नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)। नावाडीह क्षेत्र में दो केंद्रों के लिए आंगनबाड़ी सेविका और सहायक का पद के अंचल कार्यालय में नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नियुक्ति पत्र नावाडीह सीओ अशोक कुमार सिन्हा ने सौंपा। उन्होंने खरपिटो पंचायत अंतर्गत अरगामो में सेविका पद के लिए इंदु कुमारी और चिरूडीह में सहायिका पद के लिए वसीमा खातून को नियुक्ति पत्र वितरित किया। अंचलाधिकारी ने कहा कि दोनों पदों पर चयन के बाद डीडीसी के अनुमोदन एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के पत्रानुसार नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस मौके पर पूर्व मुखिया रामपुकार प्रसाद, अशोक कुमार, बिनोद महतो आदि उपस्थित थे।

## वीर समरेश की लगाएंगे आदमकद प्रतिमा: उमाकांत



चंदनकियारी/कतरास (आजाद सिपाही)। समरेश सिंह के निधन से राज्य के पूर्व मंत्री उमाकांत रजक स्तब्ध हैं। समरेश सिंह के निधन से दाहसंस्कार तक उनके शव के साथ लगातार बने रहे। उन्होंने कहा कि दादा (समरेश सिंह) चंदनकियारी के अभिभावक थे। उनके निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र को समरेश सिंह ने संपूर्ण भारत में ख्याति दिलाई है। उनके आदर्श से लोगों को प्रेरणा मिलती रहे। इसके लिए चंदनकियारी में समरेश सिंह की आदमकद प्रतिमा स्थापित करेंगे। दूसरी ओर, शुक्रवार को बिजय कुमार झा के आवासीय कार्यालय में पूर्व मंत्री स्व. समरेश सिंह के निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ. जिसकी अध्यक्षता 74 आंदोलन के अग्रणी नेता केबी सहाय और संचालन राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव ने किया। विजय झा ने कहा कि हमने झारखंड के एक जुझारू नेता को खो दिया। उनकी कमी हमेशा खलेगी। इस दौरान श्रवण खेतान, राजेंद्र राही, राजेद्र प्रसाद राजा, गौतम मंडल, सांसद प्रतिनिधि शंकर चौहान आदि ने श्रद्धांजलि दी।

**दहशत : पुलिस ने घटनास्थल से बरामद किया कारतूस का तीन खोखा, शुरू की जांच**

# कतरास बाजार में नकाबपोश हमलावरों ने दिनदहाड़े की गोलीबारी, दहशत में व्यापारी

**कतरास थाने से कुछ दूरी पर ही दिया गया घटना को अंजाम**

आजाद सिपाही संवाददाता




सीसीटीवी में कैमरे में कैद हार्डवेयर दुकान पर गोलियां चलाते हमलावरों की करतूत





**कतरास/महुदा।** कतरास थाना क्षेत्र शुक्रवार को गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने दिनदहाड़े कतरास बाजार स्थित रेनबो एजेंसी नामक हार्डवेयर दुकान को निशाना बनाते हुए कई राउंड गोलियां चलाते हुए फरार हो गए। इसके बाद से व्यपारियों में डर का माहौल है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं सूचना पाकर कतरास पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहां तलाशी के दौरान कारतूस के तीन खोखे, बरामद किये। पुलिस घटना की छानबीन करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही हैं। इस संबंध में दुकानदार दिनेश कुमार भगत ने पुलिस को बताया कि वे इस दिन भी अपनी दुकान में बैठे थे। तभी अज्ञात बाइक सवार दो युवक मास्क लगा कर आए और उन्हें निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। एक गोली दुकान के काउंटर के लेटर पैड में लगी। हालांकि गोलीबारी में वे और उनके दो कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

### अपराधियों ने कतरास पुलिस को दी चुनौती

बताते चलें कि कतरास बाजार का उक्त इलाका काफी व्यस्तम माना जाता है। यहां अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े गोली चला कर भाग निकलना आश्चर्यजनक है। जबकि कतरास थाना और घटनास्थल की दूरी महज कुछ कदम हैं। ऐसे में स्थानीय पुलिस को अपराधियों ने एक कड़ी चुनौती देने के साथ ही कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर दिया हैं।

### पुलिस के खिलाफ आंदोलन को होंगे बाध्य



कतरास चेंबर के सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि कतरास कोयलांचल क्षेत्र में अपराधी बेलगाम घोड़े की तरह हो गए है। जब जिस दुकानदार पर मन करता है गोली-बम चलाकर आराम से निकल जाते हैं। पुलिस कुछ भी करने में असमर्थ हो जाती है। कतरास चेंबर घटना की घोर निंदा करता है। अगर पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है तो हमलोग पुलिस के खिलाफ आंदोलन को बाध्य होंगे।

### दहशत में व्यापार करना मुश्किल है



इलेक्ट्रिकल्स व्यवसायी बलबीर सिंह ने कहा कि हम दुकानदार दिनभर घर-परिवार छोड़कर ग्राहक की सेवा कर अपने परिवार का भरण पोषण के लिए काम करते रहते हैं और अपराधी किस्म के लोग इसी प्रकार से दिनदहाड़े गोली-बम चलाकर हमें परेशान करते रहते हैं। ऐसा ही चलता रहा तो हमलोग व्यापार कर पाने मे असमर्थ हो जाएगे। जरूर पडी तो इस घटनाक्रम के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन भी करेंगे।

### गोली चली है, अपराधी जल्द पकड़े जाएंगे: थाना प्रभारी

कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने कहा कि नकाबपोश बाइक सवार अपराधियों द्वारा एक दुकान में गोलीबारी करने की सूचना है। पुलिस को घटनास्थल से गोली के कुछ खोखे मिले हैं। जांच चल रही हैं। इसके बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता हैं, किसी भी कीमत पर अपराधियों को बक्शा नहीं जाएगा, अपराधी जल्द पकड़े जाएंगे।

## सड़क दुर्घटना में मृत युवकों का शव पहुंचा डिगवाडीह, मचा कोहराम

जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के डिगवाडीह 10 नंबर न्यू कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय जीतू मंडल और 19 वर्षीय अर्जुन तांती की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद बोकारो पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। जबकि एक दोस्त आयुष यादव अभी भी गंभीर है। उधर, दोनों युवकों का शव डीगवाडीह पहुंचते ही क्षेत्र में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। बतातें चलें कि गुरुवार की शाम जीतू मंडल, अर्जुन तांती और आयुष यादव चंदनकियारी से बाइक से अपने घर लौट रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए थे।

## राजगंज में असंतुलित ट्रक पुल से नीचे गिरा, चालक की हुई मौत



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** राजगंज-तोपचांची सीमा स्थित दयाबांसपहाड़ के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार अहले सुबह आलू लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर बांका पुल से 50 फीट नीचे गिर गया. इस घटना में चालक बबलू हाजरा की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक पश्चिम बंगाल के बर्दमान का रहने वाला था। जबकि खलासी फूलचंद गंभीर रूप से घायल हो गया। फूलचंद घंटों ट्रक में ही फंसा रहा। बाद में ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। ग्रामीण, राजगंज व तोपचांची पुलिस ने घायल को एनएचएआई के वाहन से इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा। बताते तलें कि आलू लदा ट्रक बंगाल से बिहार जा रहा था, तभी दयाबांसपहाड के समीप तीखा मोड़ होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया। जिससे ट्रक के परखच्चे उड़ गए।

**अस्पताल में भर्ती घायल आदिवासी युवकों से मिलने पहुंचे पूर्व सीएम**

# इन तीन सालों में सबसे ज्यादा अत्याचार आदिवासी समुदाय पर हुआ : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता



घायल आदिवासी युवक से मिलकर उसका हालचाल पूछते पूर्व सीएम रघुवर दास।

**बोकारो।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शुक्रवार को केएम हॉस्पिटल पहुंचे। जहां चंद्रपुरा में विगत दिनों विशेष समुदाय वर्ग द्वारा आदिवासी समुदाय के युवकों पर हुई धारदार हथियार से घायल युवकों से मुलाकात कर उनसे घटना की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रबंधन से कहा। रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार का तीन वर्ष पूरे होने को है। इन वर्षों में हत्या, लूट, दुष्कर्म और अवैध खनन जैसी घटनाओं में झारखंड में कई रिकॉर्ड बने हैं। राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने के 15 दिन बाद ही चाइबासा में सात आदिवासी समुदाय के लोगों की निर्मम नरसंहार की गई। राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आदिवासी समुदाय सुरक्षित नहीं है। राज्य के सभी जिलों मे प्रतिदिन आदिवासी समुदाय के लोगों पर हो रहे जुर्म की खबर किसी न किसी अखबार में प्रकाशित होते रहता है। राज्य की जनता के साथ आदिवासी समुदाय खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। राज्य में हत्यारों व अपराधियों का बोलबाला है। हेमंत सोरेन सरकार में झारखंड का विकास रुक गया है। वोट बैंक के लिए एक संप्रदाय विशेष को हेमंत सरकार संरक्षण दे रही है। इस दौरान उनके साथ बोकारो विधायक सह मुख्य सचेतक विरोधी दल झारखंड विधानसभा बिरंची नारायण, भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायक, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, माथुर मंडल, पन्नलाल कांदू, विक्की लोहरा, झंतु दे, राजेश घोषाल, बुद्धेश्वर घोषाल और रणजीत बरनवाल आदि थे।


## कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण

एतद् द्वारा निदेशानुसार कोडरमा जिले के मत्स्य कृषकों एवं मत्स्य पालन को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में भारत सरकार के मात्स्यिकी, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त योजना का मुख्य लक्ष्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि, तकनीकी, आधारभूत संरचना तथा मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुदृढीकरण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाना है। लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित है–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदानित राशि | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य जाति | अनु0जाति/अनु0 जनजाति/ महिला | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 3 | नये रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे0 में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 | |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | (हे0 में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 | |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो–आउट तालाबों के निर्माण में) | (हे0 में) | 4.00 | 1.60 | 2.40 | |
| 6 | बायोफ्लोक तालाब का निर्माण (4 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 5.60 | 8.40 | |
| 7 | जलाशयों में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 लाख रू0 प्रति एक लाख अंगुलिकओं हेतु) | (हे0 में) | Rs.@03/ Fingerling | Rs.@1.20/ Fingerling | Rs.@1.80/ Fingerling | |
| 8 | बैकयार्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग ईकाई | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 9 | मध्यम आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग ईकाई | (सं0 में) | 8.00 | 3.20 | 4.80 | |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली इकाई (ब्रिडिंग एवं रियरिंग हेतु) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों के ब्रुड बैंक की स्थापना | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promosion of Recreational Fisheries) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 15 | मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 17 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 घनमीटर क्षमता का 01 टैंक) | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 | |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 07 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 | |
| 19 | बैकयार्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | (सं0 में) | 0.50 | 0.20 | 0.30 | |
| 20 | जलाशयों में केज की स्थापना | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 21 | आर0एफ0एफ/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | (हे0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 22 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 40.00 | 16.00 | 24.00 | |
| 23 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 80.00 | 32.00 | 48.00 | |
| 24 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 120.00 | 48.00 | 72.00 | |
| 25 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 150.00 | 60.00 | 90.00 | |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट का आधुनिकीकरण | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 27 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 28 | इनसुलेटेड वाहन | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 | |
| 29 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | (सं0 में) | 0.75 | 0.30 | 0.45 | |
| 30 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | (सं0 में) | 0.10 | 0.04 | 0.06 | |
| 31 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 32 | जिंदा मछली बिक्री केन्द्र | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 | |
| 33 | लघु फीश फिड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 12.00 | 18.00 | |
| 34 | मध्यम फीश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 35 | वृहत फीश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 200.00 | 80.00 | 120.00 | |
| 36 | फीश फिड प्लांट (प्रतिदिन कम से कम 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 650.00 | 260.00 | 390.00 | |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 38 | फिश किओस्क (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) | (सं0 में) | 10.00 | 4.00 | 6.00 | |
| 39 | मछली के मूल्य संवर्धित उत्पाद इकाई (फिश वैल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 40 | मछली एवं मछली उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | DPR (Detailed Project Report/ SCP (Self Contained Proposal) पर आधारित | | | | |
| 41 | Establishment of Disease diagnostic and quality testing labs (मछलियों की बीमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जाँच हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 42 | Establishment of Disease diagnostic and quality testing Mobile labs/ Clinics (मछलियों की बीमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जाँच हेतु चलंत प्रयोगशाला/क्लीनिक की स्थापना) | (सं0 में) | 35.00 | 14.00 | 21.00 | |
| 43 | Traditional Fisherman के लिए नाव (replacement) एवं जाल | (सं0 में) | 5.00 | 2.00 | 3.00 | |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ (मत्स्य सेवा केन्द्र) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 45 | Bivalve cultivation (pearl culture) (भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर) | (सं0 में) | 0.20 | 0.08 | 0.12 | |
| 46 | आर्थिक रूप से कमजोर पारम्परिक मछुआरों हेतु मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | (सं0 में) | केन्द्रांश – 1500 रू0 + राज्यांश– 1500 रू0 + लाभुक अंशदान– 1500 रू0 = 4500 रू0 प्रति वर्ष | | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | (सं0 में) | बीमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | | |

**आवेदन के साथ जमा करने हेतु अनुलग्नक :–**

1. मत्स्य प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
2. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
3. आधार कार्ड/वोटर आई डी कार्ड की छायाप्रति।
4. दो पासर्पोट साईज फोटो।
5. लाभुक द्वारा स्वयं तैयार करवाया गया योजना का प्रस्ताव/DPR (Detailed Project Report) अलग से संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. जमीन से संबंधित सभी कागजात, जमीन का फोटोग्राफ, वंशावली, जमीन पर विवाद नहीं होने से संबंधित एवं लाभुक अंशदान लगाने से संबंधित शपथ पत्र तथा संबंधित जमीन निजी होने का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी से प्राप्त होना चाहिए।
7. अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. सभी वांछित कागजातों के साथ पूर्ण आवेदन ही चयन की प्रक्रिया में शामिल किए जायेंगे।

**नोट :– आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में निःशुल्क उपलब्ध है।**
**कार्यालय से आवेदन प्राप्ति एवं जमा की अंतिम तिथि :– 10.01.2023**

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 284089 Fish(22-23).D

# ओड़िशा में रखी गयी स्टेनलेस स्टील औद्योगिक पार्क की आधारशिला

## 19,000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मेक इन ओड़िशा कॉन्क्लेव 2022 के मौके पर भुवनेश्वर में एक वर्चुअल समारोह में, ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक, अभ्युदय जिंदल ने आज स्टेनलेस स्टील औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी। भारत के पहले स्टेनलेस स्टील औद्योगिक पार्क की परिकल्पना अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम उद्योग के बीच की कड़ी को को मजबूत करने और स्वदेशी विनिर्माण को सशक्त बनाने के लिए की गयी है। उम्मीद है कि इससे पूर्वी भारत में स्टेनलेस स्टील के उत्पादन तथा मांग में बढ़ोतरी होगी और राज्य में लोहे तथा स्टील उद्योग को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने के सरकार के उद्देश्य में मदद मिलेगी।

जिंदल स्टेनलेस के जाजपुर विनिर्माण संयंत्र के प्राकृतिक विस्तार के रूप में तैयार होने वाला यह पार्क कच्चे माल की समय पर आपूर्ति और तैयार माल के डिस्पैच के लिए रणनीतिक रूप से प्रमुख राजमार्गों से जुड़ा है। योजना के मुताबिक यह औद्योगिक पार्क छह साल में दो चरणों में तैयार होगा और इसकी निवेश क्षमता 1500 करोड़ रुपये से अधिक है। पार्क से स्टेनलेस स्टील उद्योग के लिए एक मजबूत व्यवस्था तैयार करने और 100 से अधिक डाउनस्ट्रीम और सहायक विनिमार्ताओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।




## ओड़िशा मेरा दूसरा घर और पहला कार्यस्थल : नवीन जिंदल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मेक-इन ओडिशा कॉन्क्लेव 1 में अपने संबोधन में जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने कहा कि ओड़िशा मेरा दूसरा घर और पहला कार्यस्थल है। हमारा प्रयास ओडिशा का सबसे अच्छा कॉर्पोरेट नागरिक बनना और ओडिशा के लोगों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना है। उन्होंने बताया कि जिंदल स्टील एंड पावर जो अंगुल में दुनिया का सबसे बड़ा स्टील प्लांट बना रही है, उन्होंने वहां एक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल पर काम शुरू कर दिया है। उन्होंने ओड़िशा को एक प्रगतिशील राज्य



के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद दिया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 की स्थिति से कुशलतापूर्वक निपटने और देश को चिकित्सा ऑक्सीजन प्रदान करने में ओड़िशा की भूमिका की सराहना की। जेएसपी ने अंगुल में 6 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाला ओडिशा का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र स्थापित किया है। कंपनी ने अपनी क्षमता को बढ़ाकर 25.2 मिलियन टन प्रति वर्ष करने का काम शुरू कर दिया है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा स्टील प्लांट बन जायेगा। यह दुनिया का सबसे हरा-भरा स्टील प्लांट भी होगा। श्री जिंदल ने कंपनियों द्वारा दक्षता बिकास और कॉर्पोरेट सामाजिक कार्यकलाप गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ओडिशा सरकार की प्रशंसा की। कंपनी ज्यादा से ज्यादा एमएसएमइ और इससे जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके।


जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस घटनाक्रम के बारे में कहा कि हम ओड़िशा को वैश्विक स्टेनलेस स्टील उद्योग में भरोसेमंद नाम बनाना चाहते हैं। हम उत्पादन और व्यावसायिक परिचालन दोनों ही लिहाज से पूर्ण एकीकरण हासिल करना चाहते हैं। एक ओर, यह औद्योगिक पार्क कच्चे माल से तैयार माल के स्तर तक निर्बाध प्रवाह को सक्षम बनाएगा। दूसरी ओर, यह सुनिश्चित खरीद-बिक्री, क्षमता विकास, रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, सामाजिक-आर्थिक विकास और औद्योगिक परिपक्वता के जरिये सभी संबद्ध पक्षों को सशक्त बनायेगा, जिससे समग्र आर्थिक वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

# एम्स भुवनेश्वर ने पहले प्रमुख एंडोवास्कुलर एऑर्टिक एन्यूरिज्म रिपेयर का सफलतापूर्वक संचालन किया

**ओड़िशा में किसी भी सरकारी सेटअप द्वारा की गयी अपनी तरह की पहली प्रक्रिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने इन्फ्रारेनल महाधमनी के एक बड़े स्यूडोएन्यूरिज्म से पीड़ित एक मरीज में एक प्रमुख एंडोवास्कुलर एओर्टिक एन्यूरिज्म रिपेयर (इवीएआर) का सफलतापूर्वक संचालन किया है, जिसमें बायें गुर्दे की धमनी शामिल है। यह इंटरवेंशनल प्रक्रिया ओडिशा में अपनी तरह की पहली प्रक्रिया है, जिसे किसी भी सरकारी प्रतिष्ठान ने बेहद कम लागत पर किया है। कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग और



एनेस्थिसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर विभाग के सहयोग से एम्स भुवनेश्वर के डॉक्टरों के समूह में रेडियोडायग्नोसिस और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग शामिल है।

इवीएआर पेट की महाधमनी धमनीविस्फार के इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली एक न्यूनतम इनवेसिव एंडोवस्कुलर सर्जरी है। इसमें महाधमनी धमनीविस्फार का इलाज करने के लिए सीधे महाधमनी पर संचालन के बिना महाधमनी के भीतर एक स्टेंट ग्राफ्ट की नियुक्ति शामिल है। ग्राफ्ट धमनी के लिए एक नया अस्तर बनाता है, जिससे टूटने का खतरा कम होता है। उच्च तकनीक और डॉक्टरों के अनुभवी हाथों की मदद से की गयी प्रक्रिया ने मरीज को एक नया जीवन प्रदान किया है। सबसे पहले डॉ सत्यप्रिया मोहंती, सीटीवीएस विभाग द्वारा बाइलेटरल फेमोरल आर्टरी एक्सपोजर किया गया। इसके बाद डॉ विश्वजीत साहू और इंटरवेंशन रेडियोलॉजी टीम द्वारा बाईं रीनल आर्टरी, एओर्टा और बाइलेटरल कॉमन इलियाक आर्टरीज में मैटेलिक स्टेंट लगाया गया। डॉ मनोज कुमार नायक के अनुसार प्रक्रिया सामान्य संज्ञाहरण के तहत की गयी थी और रोगी की निगरानी डॉ सत्यजीत मिश्रा (एचओडी) और डॉ सौम्य सरकार द्वारा की गयी थी। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने टीम को सफलता के लिए बधाई दी है और डॉक्टरों को भविष्य में इस तरह की हस्तक्षेप प्रक्रियाओं को करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## मुख्यमंत्री ने की घोषणा: झरना दास का अंतिम संस्कार राष्ट्रीय मर्यादा के साथ किया जायेगा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उड़िआ फिल्म जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री झरना दास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके निधन से उड़िआ फिल्म और सांस्कृतिक जगत में एक बहुत बड़ा शून्यता सृष्टि हुआ। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मा की शांति की कामना की। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि स्वर्गत झरणा दास का अंतिम संस्कार राष्ट्रीय मर्यादा के साथ किया जायेगा।

## मंडल रेल प्रबंधक ने टिटिलागढ़-महासमुंद अनुभाग का निरीक्षण



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह ने 29 नवंबर को संबलपुर मंडल के टिटिलागढ़-महासमुंद खंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग के स्टेशनों पर प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं और उस अनुभाग में चल रही विकासात्मक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने कांटाबांजी, तुरकेला रोड, हरिशंकर रोड, नवापारा रोड, खरियार रोड स्टेशन और अनुभाग के विभिन्न प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया।

# मैं गरीबों के हक के लिए लड़ाई लड़ रहा हूं : नवीन पटनायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पद्मपुर उपचुनाव के लिए शुक्रवार को बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक ने तीन जगहों पर सभाएं कीं और बीजेडी प्रत्याशी वर्षा बरिहा के लिए वोट मांगा। नवीन ने कहा कि मैं हमेशा काम पर विश्वास करता हूं बातो पर नहीं। मैं इस बात पर काम कर रहा हूं कि माताओं को कैसे सशक्त बनाया जा सकता है, केसे केंदु पत्ता तोड़ने वालों से लेकर सभी महिलाएं विकास की आगे तक पहुंच सकती है इस के लिए में काम कर रहा है। नवीन पटनायक ने शुक्रवार को पद्मपुर के लोगों से बीजेडी प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद दे और शंख चिह्न पर वोट देने के लिए अपील की है। जानकारी के मुताबिक आज बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक वर्षा के लिए वोट मांगने मैदान में उतरे हैं। हम किसानों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। किसानों के लिए काम कर रहे हैं। माताओं के कल्याण और सशक्ति करेन के लिए कार्य कर रहा हूं। मैं शब्दों में नहीं कार्यों में विश्वास करता हूं। बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक ने कुछ ऐसा कहकर विपक्ष का मुंह बंद कर दिया।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** बरजो स्थित भाजपा कार्यालय मे शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कार्यकर्ताओं की समस्याओं से रू-ब-रू हुए। कार्यकर्ताओं से पार्टी की मजबूती को लेकर कई सुझाव दिये। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी होने वाला लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव में भाजपा को भारी सीटों से बहुमत प्राप्त करने के लिए हर संभव अग्रसर होकर पार्टी के हित में काम करने के लिए अभी से ही बढ़-चढ़




कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को एक-एक घर में जाकर लोगों को बतायें और गरीबों की इस कल्याणकारी योजनाओं को लाभ दिलाने का कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। इस मौके पर रामभजु सिंह, नकुल राय, पंचानन सिंह आदि के घर पहुंच कर विवाह समारोह मे भाग लेने पहुंचे। मौके पर उदय सिंह, सोहन यादव, पवन सिंह, श्याम सिंह, उपेंद्र सिंह, रामदेव यादव आदि मौजूद थे।

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello BRW ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

DHIRENDRA PRASAND
PERFECT VISION
Electronics and Electrical Sale & Service
H.B.Road,Near Dharam Kanta, Kokar,Ranchi-1 (Jharkhand)
0651-2974006 7781002828, 8797479633, 7004782826, 9835302384
E-mail : msperfectvision@gmail.com ww.perfectvisionranchi.com
Authorised Dealer
• Sony, Samsung, LG,Hitachi,IFB,Onida
• Lloyd,Haier,Voltas,Whirlpool,Symphony
• Bajaj,Kent,HCL,XIOMI,Tata,Sky,D2H
REGISTERED ISO 9001:2008 QUALITY MANAGEMENT SYSTEM
HDB FINANCIAL SERVICES
AXIS FINANCE
IDFC FIRST Bank

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

हमसे सस्ता, हमसे अच्छा कहीं नहीं
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
पेश है ट्रैक्स्टार DLX.
ट्रैक्स्टार जो बदल दे आपकी लाइफ का ट्रैक !
दमदार इंजन | लग्जरी डिजाइन | एक्स्ट्रा परफॉर्मेंस
TRAKSTAR DLX
TRACTOR JO BADAL DE LIFE KA TRACX
TRAKSTAR
NH-33, Near : DPS, Neori Vikash, Ranchi-825217,
Mob. : 9508202987, 9430881502, rajsasha23gmail.com
Authorised Dealer : M/S ARYA ENTERPRISES

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**